ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 14 जून 2024
वर्ष 5, अंक 208, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



करण की किल का ट्रेलर रिलीज 14

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : राफेल नडाल 13

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## अजीत डोभाल एनएसए, मिश्रा बने रहेंगे मोदी के प्रधान सचिव

- 10 जून से ही प्रभावी होगी दोनों की नियुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है और डॉ. पीके मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति के मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने सेवानिवृत आईएएस अधिकारियों अमित खरे और तरुण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार नियुक्त किया है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने गुरुवार को बताया कि डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी।



अजीत डोभाल



डॉ. पीके मिश्रा

# कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे को लगाएं पूरी ताकत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई आतंकी घटनाओं के बाद की जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा, दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई।

सूत्रों ने बताया कि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। सिन्हा ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद से निपटने की हमारी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा। पिछले चार दिनों में जम्मू एवं कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों के हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। इन हमलों में सात सुरक्षाकर्मी तथा कई अन्य घायल हो गए।



- आतंकी घटनाओं के बाबत गृहमंत्री शाह, एनएसए डोभाल से की वार्ता

### जम्मू-कश्मीर के सभी स्कूलों में राष्ट्रगान अनिवार्य, जारी किए गए आदेश

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों में सुबह राष्ट्रगान अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि वे पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की कक्षाओं को एक समान बनाएं और इसकी शुरूआत राष्ट्रगान से करें। बुधवार को जारी परिपत्र में कहा गया कि मानक शिष्टाचार के अनुसार सुबह अध्ययन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ ही होनी चाहिए। विभाग ने कहा कि सुबह की कक्षाएं छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई हैं। जारी किए गए परिपत्र में स्कूलों के लिए 16 कदम सुझाए गए हैं, जिनमें कहा गया है कि कक्षाएं नैतिक अखंडता, साझा समुदाय और मानसिक शांति के मूल्यों को पोषित करने के लिए मंच के रूप में काम करती हैं। हालांकि, इस परंपरा का जम्मू-कश्मीर के स्कूलों में समान रूप से निर्वाह नहीं किया जा रहा है।

# नीट-यूजी: ग्रेस मार्क्स रद, दोबारा होगी 1563 अभ्यर्थियों की परीक्षा

## छात्रों को विकल्प देने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी

मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई विवादित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधित केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद गुरुवार को यह अनुमति दी। नीट-यूजी 202 विवाद मामले में एनटीए ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा कि जिन 1563 विद्यार्थियों को देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) दिए गए थे, उनके प्राप्तांक (स्कोर-कार्ड) रद करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने का फैसला किया गया है। अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करने की अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने कहा कि केवल 1563 उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा 23 जून और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू की जाएगी। केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता कनु अग्रवाल ने कहा कि दोबारा परीक्षा का निर्णय एक समिति की सिफारिश पर लिया गया है। कोर्ट ने कहा कि नकल की शिकायतों से संबंधी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी।



- 23 जून को आयोजित होगी परीक्षा 30 जून को घोषित होंगे परिणाम

### प्रश्नपत्र लीक होने का कोई प्रमाण नहीं : प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि इन दावों की पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हो। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने चार जून को नीट-यूजी के परिणाम घोषित किए। प्रधान ने दूसरी बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा कि नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद हैं।

### कांग्रेस संसद में उठाएगी नीट में धांधली का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नीट-यूजी, 2024 में कथित धांधली को लेकर केंद्र सरकार पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि 24 जून से आरंभ हो रहे संसद के सत्र के दौरान इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। कांग्रेस इस मामले में सीबीआई जांच चाहती है, लेकिन अगर सरकार इसके लिए तैयार नहीं है तो फिर उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यह मांग भी की है कि एनटी के महानिदेशक को उनके पद से हटाया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि इस सरकार में 'पैसे दो, पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है। खरगे ने एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट में केवल कृपांक की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है।

## येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर जमानती वारंट जारी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट (एनवीडब्ल्यू) जारी किया है। येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) के मामले की जांच कर रहे सीआईडी ने पहले पूछताछ को बुलाया था। येदियुरप्पा ने जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। येदियुरप्पा के करीबी सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता फिलहाल दिल्ली में हैं और उनके लौटने के बाद जांच में शामिल होने की संभावना है।

पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा पर 17 वर्षीया किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येदियुरप्पा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया।



- भाजपा नेता पर लगा है नाबालिग के यौन उत्पीड़न का आरोप

# कानपुर में 5वीं मंजिल से गिरी महिला डॉक्टर, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- मेडिकल कॉलेज की छत पर दो बैचमेट के साथ कर रही थी पार्टी, दोनों पर हत्या का आरोप
- सुरेश शर्मा नगर बरेली की थी रहने वाली, मेरठ मेडिकल कॉलेज में 25 जून को थी ज्वाइनिंग

**अमृत विचार :** स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) के परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल से बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से महिला एमबीबीएस डॉक्टर की मौत हो गई। बरेली निवासी डॉक्टर अपने दो साथी पुरुष डॉक्टरों के साथ पांचवीं मंजिल पर पार्टी कर रही थी। परिजनों ने दोनों डॉक्टरों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं। पोस्टमार्टम में महिला डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटों का पता चला है। पेट में अल्कोहल भी मिला है। आंतरिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है।

मूलरूप से जसवंत नगर इटावा के ग्राम अजनौरा निवासी रघुवीर तिवारी सेना में मेजर के पद पर बरेली में तैनात रहे। इस दौरान बरेली के थाना बारादरी के सुरेश शर्मा नगर में मकान बनवा लिया था। उनके निधन के बाद से प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार करने वाले उनके बड़े बेटे प्रदीप तिवारी अपनी पत्नी अनीता, पुणे में इंजीनियर बेटे मयंक तिवारी और इकलौती बेटी दीक्षा तिवारी (24) के साथ रह रहे हैं। पिता के अनुसार बेटी दीक्षा ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस किया था। उसकी मेरठ मेडिकल कॉलेज में नौकरी लग गई थी। 25 जून से उसे नौकरी पर रेगुलर होना था। वह अपना सामान लेने कानपुर गई थी। पुलिस ने बताया कि दीक्षा अपने बैचमेट डॉक्टर मयंक और हिमांशु के साथ बुधवार रात करीब 1 बजे कॉलेज कैंपस में परीक्षा भवन में गए और पांचवीं मंजिल पर पार्टी शुरू की। तभी दीक्षा स्लैब तोड़ते हुए डक्ट में नीचे जा गिरी। दोनों डॉक्टरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और लहूलुहान अवस्था में दीक्षा को लेकर हैलट अस्पताल पहुंची। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसीपी शिखर और डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम पहुंचे और दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लिया। पिता प्रदीप तिवारी, मौसा अरुण दुबे, फुफेरे भाई गौरव ने साथी डॉक्टरों पर दीक्षा की हत्या का आरोप लगाया है।

### एक नजर

#### चालू वित्त वर्ष में विकास दर 8% रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8% की दर से बढ़ने का अनुमान है] लेकिन इसके लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को मिशन मोड में आगे बढ़ाने की जरूरत है। सीआईआई के नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजीव पुरी ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 8% को छूने के लिए तैयार है, जो चौथे वर्ष 7% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।

#### फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर गुरुवार को रोक लगा दी। फिल्म 14 जून को रिलीज होनी थी। कोर्ट ने फिल्म पर इस्लामी आस्था और विवाहित मुस्लिम महिलाओं का अपमान करने के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए रोक लगा दी।

## पीड़ितों की सहायता के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्यमंत्री



कुवैत के जाबेर अस्पताल में एक घायल का हाल लेते विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह।

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

**मंगाफ अग्निकांड**

- शवों का हो रहा डीएनए परीक्षण वायुसेना का विमान तैयार
- छह मंजिला इमारत में आग लगने से मारे गए थे 45 भारतीय

कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में छह मंजिला एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई थी जिसमें 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे। इस घटना में 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 घायल हो गए थे। कुवैत के प्रथम उपप्रधानमंत्री शेख फहद के मुताबिक 48 शवों की पहचान कर ली गई है जिसमें 45 भारतीय और 3 फिलीपीन के हैं। एक शव की पहचान के प्रयास जारी है।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और हादसे में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कुवैत के अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में आग की घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। भारतीयों के पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है।

### मृतकों में तीन उप्र. के

**लखनऊ।** कुवैत में आग की घटना में मरने वाले 45 भारतीयों में तीन उत्तर प्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य के आलाधिकारी विदेश मंत्रालय और कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। मृतकों में प्रवीण माधव सिंह (वाराणसी), जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता (गोरखपुर) के हैं।

## हसनपुर के एसडीएम का तबादला, ईओ निलंबित

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)/लखनऊ

- जिंदा गोवंशीय पशुओं को दफनाने के मामले में की गई कार्रवाई

**अमृत विचार :** हसनपुर की कान्हा गोशाला में मृत सात गोवंशीय पशुओं के साथ कुछ जिंदा गोवंश को दफनाने का मामला शासन तक पहुंचने के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने एसडीएम भगत सिंह का तबादला कर दिया। इनकी जगह एसडीएम सुनीता सिंह को हसनपुर तहसील क्षेत्र का कार्यभार सौंपा है। जिलाधिकारी की रिपोर्ट के बाद शासन से ईओ प्रदीप नारायण दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। हसनपुर नगर के मोहल्ला खेवान स्थित कान्हा गोशाला में बुधवार रात सात गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई थी। इसके बाद अधिकारियों के कहने पर गोशाला के कर्मचारी मृत गोवंशीय पशुओं के साथ जिंदा पशुओं को भी जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर दफना रहे थे, तभी विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। उन्होंने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। गुरुवार को जिलाधिकारी ने घटना की रिपोर्ट शासन को भेजी। इसमें गोवंशीय पशुओं को जिंदा दफनाने को लेकर अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई।

## दिल्ली को पानी देने से मुकरा हिमाचल

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट में अपने पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को जल आपूर्ति के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार को शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। हिमाचल सरकार ने पिछला बयान वापस लेते हुए सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है।

## बेटे ने शराब के लिए पिता को लाठी से पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बड़े भाई पर भी किया जानलेवा हमला, पुलिस को नहीं दी गई तहरीर

**अमृत विचार :** शराब के लिए रुपये न देने पर एक युवक ने लाठी से पीटकर पिता की हत्या कर दी। बड़े भाई को भी बेरहमी से पीटा। मामले में पुलिस को तहरीर नहीं दी गई जिससे लिखा-पढ़ी नहीं हो सकी।

लोहारा गांव निवासी महिपाल सिंह के तीन बेटे गौरव, सौरव और गौतम हैं। सबसे बड़ा गौरव कासगंज में प्राइवेट नौकरी करता है। दूसरे नंबर का सौरभ और तीसरा गौतम मजदूरी करते हैं। गौतम शराब पीने का आदी है। आए दिन उसका विवाद होता रहता है। मंगलवार रात गौतम नशे में घर पहुंचा और पिता से शराब के लिए रुपये मांगने लगा। इनकार करने पर गौतम लाठी से महिपाल को पीटने लगा। जब महिपाल बेसुध होकर जमीन पर गिर गए तो गौतम चला गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बुधवार सुबह गौतम फिर शराब पीकर घर पहुंचा और हंगामा करने लगा। भाई सौरभ ने विरोध किया तो उससे मारपीट की। गुरुवार को सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंची। सीओ सिटी अजीत चौहान ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 को

**नई दिल्ली।** लोकसभा 26 जून को नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। लोकसभा सचिवालय ने गुरुवार को बताया कि 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को नोटिस दे सकते हैं। अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

## जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नई दिल्ली में होगी। परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे। बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है।

# 25 प्रतिशत तक कम होंगी फ्लैट्स की कीमतें

## उप्र. के विभिन्न शहरों में विकास प्राधिकरणों के मकानों के लिए नई कास्टिंग गाइडलाइन तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में अलग-अलग आय समूहों के लिए तैयार प्राधिकरणों के फ्लैट्स की कीमतें 15 से 25 प्रतिशत तक कम हो सकतीं हैं। कीमतें कम करने के मद्देनजर कम्पाऊंड चार्ज कम करने के सुझाव के साथ एक कास्टिंग गाइड लाइन तैयार कर शासन को भेजी गई है।

मार्च में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी ओवरहेड और कंटीजेंसी चार्ज कम कर 1000 फ्लैट बेचने की योजना बनाई थी, आने वाले समय में पूरे राज्य में यह प्रयोग लागू हो सकता है। दरअसल, राज्य में फिलहाल सम्पत्तियों की कीमतों की गणना साल 1999 में बनी कास्टिंग गाइडलाइन पर आधरित है। इसमें कई ऐसे चार्ज जुड़े हैं जिससे सम्पत्तियों की कीमतें बढ़ जाती हैं। अलग-अलग आय समूहों के लिए बने फ्लैट्स के बेसिक मूल्य पर कंटीजेंसी और ओवरहेड चार्ज लिया जाता हैं। एलडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने कास्टिंग गाइड लाइन में बड़ा सुधार करने का सुझाव दिया है। प्रस्ताव शासन के पाले में है, अगर इस पर मुख्यमंत्री की सहमति मिली और बाद में इस प्रस्ताव को कैबिनेट से पारित करा लिया गया तो फ्लैट्स की कीमतें दो से पांच लाख रुपये तक कम हो सकतीं हैं।

अगर कैबिनेट से प्रस्ताव पारित हो गया तो एचआईजी, एमआईजी और एमएमआईजी श्रेणी के मकानों के कंटीजेंसी शुल्क में 8 जबकि ओवरहेड चार्ज में 7.50 फीसद की कमी हो जाएगी। इतना ही नहीं, भूखण्डों पर लगने वाली ब्याज दरों में भी कमी होगी। इस कड़ी में शासन को भेजी गई गाइडलाइन में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी पर सात, एमआईजी पर आठ, एचआईजी पर 9 जबकि व्यावसायिक भवन भूखण्ड होने पर 11 फीसद ब्याज लेने का सुझाव दिया गया है। विलम्ब से भुगतान करने पर 2 फीसद अतिरिक्त ब्याज देना होगा।

इसी तरह लीज होल्ड भवनों में भूमि के अतिरिक्त भवनों के निर्माण लागत पर फ्री होल्ड चार्ज न लेने का सुझाव दिया गया है। वहीं, आवंटी को 45 दिन में एकमुश्त भुगतान पर छह, 60 दिन में पूरे पैसे जमा करने पर पांच फीसद छूट जैसी सुविधा भी दी जाएगी।



- कमेटी की तैयार रिपोर्ट शासन के पाले में, कैबिनेट से मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा

> मुख्यमंत्री की मंशानुरुप जनहित से जुड़ी तमाम योजनाओं को लेकर दिए सुझाव व्यापक अर्थों में हैं। कैबिनेट से पास हो जाने पर आगे इसे लागू करने पर अमल किया जाएगा। - **नितिन रमेश गोकर्ण,** अपर मुख्य सचिव आवास

## एक नजर

### संभल में शिक्षक की मौत बदायूं में तैनात थे

**बदायूं।** जिला संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी सौरभ गुप्ता पुत्र कमलेश गुप्ता बदायूं के विकास क्षेत्र दहगवां के संविलियन विद्यालय दियोहरा शेखपुर में तैनात थे। ग्रीष्मावकाश में वह अपने घर गए थे। बुधवार को संभल स्थित अपने घर पर इंवर्टर के तार सही कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें करंट लग गया। वह झटका खाकर जमीन पर गिर गए। परिजन उन्हें अलीगढ़ के अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की मौत से दहगवां विकास क्षेत्र के शिक्षकों में शोक है।

### शांति सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील

**ककराला।** आगामी त्योहार ईद उल अजहा को लेकर ककराला पुलिस चौकी प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी दातागंज केके तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि त्योहार आपस में मिलजुल कर मनाएं। खुले में व प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। प्रभारी निरीक्षक थाना अलापुर धनंजय सिंह ने कहा त्योहार पर खुराफात से बचें। अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि पालिका की ओर से सफाई कराई जा रही है। बैठक में पुलिस चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह, सुमित, सत्यवीर, धर्मेंद्र, पंकज, ईदगाह के इमाम हाफिज रफी अहमद मौजूद रहे।

# बाढ़ को लेकर ग्रामीण आशंकित, अधिकारी बेपरवाह

## पिछले साल बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की अब तक नहीं हुई मरम्मत

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** मानसून की बरसात शुरू होने वाली है। लेकिन जिला प्रशासन की उदासीनता के चलते अभी तक बाढ़ से निबटने को कोई तैयारी शुरू नहीं हो सकी है। पिछले साल बाढ़ के कारण जो सड़कें कट गई थीं उन्हें अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। यदि इस साल भी बाढ़ आती है तो दर्जनों गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क टूट जाएगा।

तहसील दातागंज के गांव हजरतपुर में रामगंगा एवं उसहैत की गंगा में हर साल बाढ़ आती है। गंगा के आस-पास रहने वाले ग्रामीणों को बाढ़ का दंश झेलना पड़ता है। गंगा पार के तीन दर्जन गांवों की लगभग तीस हजार से अधिक की आबादी अभी से भयभीत है। यदि इस बार भी बाढ़ आती है तो हर वर्ष की तरह घरों में कैद रहना पड़ेगा। क्योंकि आवागमन का रास्ता तो बंद हो जाएगा। शासन प्रशासन के तमाम दावों के बाद भी कोई सड़क ठीक नहीं कराई गई है। तहसील मुख्यालय तक पहुंचने का कोई साधन नहीं हैं।



जर्जर हालत में पड़ा हजरतपुर गढ़िया रंगीन मार्ग।

### इन गांवों के लोगों को होती है परेशानी

थाना हजरत पुर क्षेत्र की बाढ़ चौकी नगरिया खनु और हजरतपुर के रामगंगा पार के गांव शेरपुर, कुन्डरा मजरा, लालपुर खादर, उद्धव नगला, पट्टी बिजा, गढ़िया मौजमपुर, नगला नवाब सिंह नगला, भगवान सिंह, दल सिंह नगला, ऊधो नगला, जलेबी नगला, नगला सुखपाल सिंह, नगला देवेंद्र सिंह, लालपुर हररामपुर, कलाकंद, सुन्दरपुर लभारी, उसहैत क्षेत्र के गांव जटा, प्रेमी नगला, जसवंत नगला, ठकुरी नगला सहित तीन दर्जन गांव ऐसे हैं जो हर साल बाढ़ का दंश झेलते हैं। बाढ़ से फसलें नष्ट होती हैं जिससे आर्थिक हानि उठानी पड़ती है।

### बाढ़ आने पर बंद हो जाते हैं सभी रास्ते

नगरिया खन्नू और हजरतपुर पर दो पुल बने हुए हैं। इन पुलों से लोग शाहजहांपुर आते-जाते हैं। बारिश में पुलों तक पहुंचने वाले रास्ते बंद हो जाते हैं। नगरिया खन्नू पुल से लालपुर खादर गांव तक छह किलोमीटर के दायरे में चार पुलिया पड़ती हैं। जो बाढ़ आने पर हर बार क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। यही हाल लालपुर गांव से हजरतपुर रोड का है। इस रोड पर यद्यपि पिछले वर्ष लालपुर गांव से एक किलोमीटर दूरी पर एक पुलिया बनवा दी गई। शेरपुर और हर्रामपुर से हजरतपुर तक सड़क पर चार-पांच फुट ऊंचा पानी भर जाता है। इन दोनों रास्तों के बंद होने से लगभग 30 किलोमीटर का चक्कर काट कर गढ़िया रंगीन मार्ग से होते हुए तहसील मुख्यालय तक पहुंचना पड़ता है। कई बार बाढ़ के दौरान राजस्व मंत्री, सांसद, विधायक, आयुक्त, डीएम भी यहां का भ्रमण कर चुके हैं। जनप्रतिनिधि भी यहां के हालात से वाकिफ हैं। करोड़ों रुपए पुलों के निर्माण में खर्च हो गए फिर भी बाढ़ के दौरान हालात बिगड़ जाते हैं।

### अभी गंगा का जलस्तर सामान्य बारिश के साथ बढ़ेगी परेशानी

**बदायूं।** नरौरा से अभी सामान्य स्थिति में पानी छोड़ा जा रहा है जिससे गंगा का जलस्तर भी सामान्य बना हुआ है। 25 जून के आस पास नरौरा से पानी छोड़े जाने की संभावना है। तब तक तटबंधों की मरम्मत पूरी कर ली जाएगी। इस समय नरौरा से 1727 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा जा रहा है। इतने कम पानी से गंगा का जलस्तर सामान्य रहता है। उधर जिले के सभी नौ प्वाइंटों पर तटबंधों पर मरम्मत का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। पांच दिन के अंदर तटबंधों की मरम्मत पूरी कर ली जाएगी। उसहैत बांध पर काम तेजी से चल रहा है। शासन के निर्देश हैं कि 15 जून तक हर हाल में बांधों को दुरुस्त कर लिया जाए।

### बाढ़ से निपटने को डीएम ने नामित किए 21 नोडल अधिकारी

**बदायूं।** बदायूं जनपद बाढ़ प्रभावित जिला है। बरसात के दौरान गंगा नदी में बाढ़ आने से तीन तहसीलों के हजारों लोग प्रभावित होते हैं। बाढ़ से निपटने के लिए प्रमुख सचिव द्वारा अभी से व्यवस्थाएं पूर्ण करने के आदेश डीएम को दिए गए। आदेश के क्रम में डीएम मनोज कुमार ने 21 अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है। नामित किए नोडल अधिकारियों के द्वारा बाढ़ के दौरान प्रभावित क्षेत्रों में जनहानि, पशुहानि, एवं कृषि फसलों की क्षति आदि पर निगरानी रखे जाने के साथ, राहत सामग्री का भी वितरण किया जाएगा। उनके द्वारा बाढ से ग्रस्त इलाकों के लोगों को ड्राई राशन, कपड़े, बर्तन, पानी की बोतलें, कम्बल, तिरपाल, जरीकेन, सेनेटरी नैपकिन, दवाइयों आदि की व्यवस्था की जाएगी।

> सहसवान के महावा नदी के तटबंध पर कार्य पूरा कर लिया गया है। कछला में हुसैनपुर बांध की मरम्मत हो चुकी है। अब मात्र उसहैत और दातागंज इलाके में कुछ कार्य शेष रहा गया है जो पांच दिन के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।
> –**नेशपाल**, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

# अस्पताल में बढ़े बुखार के मरीज, भर गए सभी वार्ड



जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला महिला अस्पताल में बीमार बच्चों की बढ़ी संख्या
- दस्त की चपेट में दर्जनों बच्चे, दवा नहीं कर रही असर

**अमृत विचार :** गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ बच्चों से लेकर बड़ों को भी बुखार अपनी चपेट में ले रहा है। गुरुवार को दर्जनों मरीज जिला अस्पताल पहुंचे, लाइन में लगकर दवा ली। चिकित्सकों का कहना है कि जब तक गर्मी का प्रकोप कम नहीं होगा तब तक बीमारी भी कम नहीं होगी।

गुरुवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में बुखार के मरीजों की लाइन हर चिकित्सक के सामने लगी रही। सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर बाद दो बजे तक मरीजों की लाइन खत्म नहीं हुई। अधिकांश को बुखार की समस्या थी। जबकि कई मरीजों को दस्त की परेशानी थी। फिजीशियन डॉ. शिवमोहन कमल ने बताया कि उनकी ओपीडी में एक बजे तक 165 मरीज आए जिसमें से 67 मरीज बुखार के थे, जबकि 54 मरीज दस्त के थे। अन्य बीमारियों के मरीज भी देखे गए। इन मरीजों को गर्मी के कारण दस्त और बुखार आ रहा है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुकुमार ने बताया कि अभी तक 78 बच्चों को दस्त की समस्या सामने आयी है। जबकि दो दर्जन से अधिक बच्चे बुखार के देखे हैं। गर्मी की स्थिति बेहद खतरनाक साबित हो रही है।

# समय से पहले ही बंद हो गई गेहूं खरीद, लक्ष्य नहीं हुआ पूरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 15 जून तक होनी थी 1.16 लाख एमटी गेहूं की खरीद
- जिले में मात्र 26 हजार 6 एमटी हो सकी खरीद

**अमृत विचार:** किसानों की बेरुखी की वजह से जिले में समय से पूर्व ही गेहूं खरीद बंद हो गई। जबकि शासन के निर्देशानुसार अभी दो दिन का समय शेष है। 1.16 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष 3218 किसानों से मात्र 26 हजार छह एमटी ही खरीद हो सकी है। जो कि 15.86 प्रतिशत है। कम खरीद का बड़ा कारण अधिकारी खुले बाजार में सरकारी खरीद केंद्रों के सापेक्ष अधिक रेट होना बता रहे हैं।

जिले में गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू की गई थी। गेहूं खरीद के लिए छह एजेंसियों के 136 केंद्र बनाए गए थे, लेकिन एक माह तक गेहूं खरीद नहीं हो सकी थी। चार हजार से अधिक किसानों ने गेहूं बिक्री करने के लिए पंजीयन कराया। एक अप्रैल को गेहूं खरीद होना शुरू हो गई थी। किसान गेहूं खरीद केंद्रों पर आना शुरू हो गए थे। इसमें एजेंसियों द्वारा गांव में संपर्क स्थापित कर खरीद प्रक्रिया तेज की गई थी। इसी बीच बाजार में गेहूं का मूल्य समर्थन मूल्य से अधिक हो गया। बाजार में जैसे ही भाव 2300 के पार पहुंचा वैसे ही किसानों का रुख बदल गया। उन्हें सरकारी खरीद केंद्रों पर 2275 रुपया प्रति कुंतल के स्थान पर 20 रुपये प्रति कुंतल पर अधिक मिलने लगे। इधर आढ़तिया भी सक्रिय हो गए। वह गांव-गांव भ्रमण कर खरीद करने लगे। इन तमाम वजहों से खरीद केंद्रों पर सन्नाटा पसर गया। करीब 45 दिनों तक चली खरीद के दौरान मात्र 15.86 प्रतिशत ही खरीद हो सकी। 99.58 प्रतिशत किसानों को भुगतान भी किया जा चुका है।

> गेहूं का भाव सरकारी खरीद केंद्रों के सापेक्ष बाजार में अधिक हो गया है। अधिकांश किसानों ने अपना गेहूं बाजार में बेच दिया। क्रय केंद्रों पर किसान आना बंद हो गए थे। इस वजह से खरीद बंद कर दी गई है। अधिक किसानों द्वारा गेहूं की बिक्री न करने की वजह से लक्ष्य के सापेक्ष 15.86 प्रतिशत खरीद हो सकी है।
> –**अतुल कुमार वशिष्ठ**, डिप्टी आरएमओ



मंडी समिति खरीद केंद्र वाले स्थान पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

# बिना बारिश सकतपुर के मुख्य मार्ग पर जलभराव



गांव की सड़क पर भरे पानी में होकर जाती महिला। ● अमृत विचार

संवाददाता, नूरपुर पिनौनी

**अमृत विचार :** तहसील सहसवान के गांव सकतपुर के मुख्य मार्ग पर जलभराव के चलते ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने जिला प्रशासन को गांव की समस्या से अवगत कराया है। इसके बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिना बारिश के भी हमेशा जलभराव रहता है। गांव से गुजरने में दिक्कत होती है। सड़क पर गंदा पानी भरा होने से गंदगी बढ़ रही है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। छोटे बच्चे इस सड़क से नहीं निकल पाते। गांव का गंदा पानी इसी सड़क पर तालाब की तरह भरा रहता है। ग्रामीणों की मांग पर प्रधान ने अधिकारियों को बताने का आश्वासन दिया लेकिन आज तक न तो सड़क बनवाई गई और न ही जलभराव की समस्या दूर की गई।



गांव को आने-जाने में भारी परेशानी होती है। जलभराव के कारण छोटे बच्चे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। पशुओं को लाने ले जाने में दिक्कत होती है। इस परेशानी को देखने वाला कोई नहीं है। –**रतनपाल**



जलभराव के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। शिकायत करने पर कोई अधिकारी सुनने को तैयार नही है। गांव प्रधान और ब्लॉक के अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। लोग परेशानी भुगत रहे हैं। –**कमलेश**



गांव के लोग सड़क पर पानी भरा होने से परेशान हैं। रात को इधर-उधर बच कर निकलते हैं फिर भी बच्चे कीचड़ में गिर जाते हैं। गांव के अंदर भी सड़कों पर कीचड़ भरा हुआ है। कोई देखने वाला नहीं है। –**डॉ. अनुज**



अधिकारी मौन साधे हैं। प्रधान के हाथ में कुछ नहीं है। गांव के लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। गंदे पानी में मच्छर पल रहे हैं। अब संक्रामक रोग फैलने का खतरा पैदा हो गया है। –**यज्ञदेव**

### जिला मलेरिया अधिकारी बने रामनरेश संभल का मिला

**बदायूं।** जिला मलेरिया कार्यालय में कार्यरत सहायक मलेरिया अधिकारी रामनरेश की पदोन्नति हो गई है। उन्हें जिला मलेरिया अधिकारी बना कर संभल भेजा गया है। रामनरेश को आज विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों ने विदाई दी। जिला मलेरिया कार्यालय में पिछले कई वर्षों से रामनरेश सहायक मलेरिया अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. योगेश कुमार सारस्वत, मलेरिया निरीक्षक तनवीर व अन्य स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं




पदोन्नत किए गए रामनरेश।

# जिला अस्पताल के बिजलीघर की दस लाख से कराई जाएगी मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के बिजलीघर में पिछले दिनों आग लगने से केबल और तार जल गए थे। जिसका गुरुवार को एडी कार्यालय बरेली से आए विभागीय सहायक अभियंता विद्युत संदीप सक्सेना ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में करीब दस लाख की क्षति होने का अनुमान लगाया गया। उन्होंने दस लाख का एस्टीमेट बनाकर सीएमएस को दिया, जिसे जिला अस्पताल प्रशासन द्वारा स्वीकृति के लिए लखनऊ भेज दिया गया।

मई के अंतिम सप्ताह में जिला अस्पताल के बिजलीघर में अधिक गर्मी के कारण आग लग गई थी। आग लगने से केबल तार और अन्य उपकरण जल गए। आग लगने के बाद बिजलीघर से बिजली आपूर्ति बाधित होने लगी। गुरुवार को बरेली से विभागीय सहायक अभियंता विद्युत संदीप सक्सेना यहां पहुंचे। दो सदस्यीय टीम ने बिजलीघर का निरीक्षण कर आग लगने से हुए नुकसान का आंकलन किया। संदीप सक्सेना ने करीब दस लाख का एस्टीमेट बनाकर जिला अस्पताल प्रशासन को दिया। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि दस लाख का एस्टीमेट महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय लखनऊ को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद में मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।



जिला अस्पताल स्थित बिजलीघर। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल प्रशासन ने स्वीकृति को लखनऊ भेजा प्रस्ताव

**कृषि** | छह जून से ग्राम पंचायतों में किसानों के लिए शुरू किया गया पाठशाला कार्यक्रम

# उन्नत खेती के गुर सीख रहे 567 ग्राम पंचायतों के किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- किसानों को खरीफ की फसलों की उन्नत खेती की बताई जा रहीं बारीकियां
- अब तक 125 से अधिक ग्राम पंचायतों में लग चुकी हैं किसान पाठशालाएं

**अमृत विचार:** खरीफ सीजन में उन्नत खेती के लिए जिले की 567 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का आयोजन किया जाना है। किसान कल्याण मिशन के तहत गांवों में छह जून से किसान पाठशाला का आयोजन शुरू हो चुका है। अब तक करीब 125 से अधिक गांवों में पाठशालाएं लग चुकी हैं। इस कार्य के लिए ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों की टीम लगी हुई हैं। टीमें शासन की योजनाओं के साथ उन्नत बीज के संबंध में किसानों को जागरूक कर रही हैं।

जिले के 15 ब्लॉकों की 567 ग्राम पंचायतों में दो दिवसीय किसान पाठशालाएं प्रतिदिन 2.30 बजे से 5.30 बजे के मध्य पंचायत भवन में आयोजित की जा रही हैं। जिला कृषि अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि किसान पाठशाला में किसानों को धान रोपाई (डीएसआर), दलहन, तिलहन, मक्का उत्पादन तकनीकी, प्राकृतिक खेती के सिद्धांत, कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजनाएं, श्री अन्न (मिलेट्स) के महत्व, उपयोगिता, उत्पादन तकनीक, पराली प्रबंधन, एफपीओ, डिजीटल क्रॉप सर्वे के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही किसानों को आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही है। कृषि अधिकारी ने बताया कि किसानों को कृषि संबंधी जानकारी के साथ-साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा के विषय में विस्तार से बताया जा रहा है।

### बीजामृत और जीवामृत के लिए चलेगा विशेष शिविर

कृषि अधिकारी ने बताया कि कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक जीवामृत, बीजामृत को तैयार करने व प्रयोग विधि पर विशेष सत्र चलाया जायेगा। यूरिया के अधिक प्रयोग से भूमि, पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के साथ-साथ संतुलित उर्वरकों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### बीज की दुकानों पर कृषि अधिकारियों ने मारा छापा

**बिसौली।** किसानों की शिकायत पर ब्लॉक स्तरीय कृषि अधिकारियों ने बीज की दुकानों पर छापेमारी की। दुकानों पर न तो रेट लिस्ट थी और न ही रिकॉर्ड मौजूद था। उनके द्वारा जांच रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी गई है। किसानों ने जिलाधिकारी और कृषि विभाग के अधिकारी से नगर में बीज भंडारों पर ओवर रेट बीज बेचने की शिकायत की थी। शिकायत पर नायब तहसीलदार गिरिजाशंकर और प्रभारी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी नेत्रपाल सिंह ने नगर में संचालित बीज की दुकानों पर छापा मारा। मयूर बार के नजदीक ताऊ जी बीज भंडार, महाजन खाद बीज भंडार, बुध बाजार स्थित कृष्ण बीज भंडार सहित अन्य दुकानों का अधिकारियों निरीक्षण किया। कृषि प्रसार अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। इसके बाद जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी उसी को अमल में लाया जाएगा।

छठी पुण्यतिथि



स्व. हसमुख देवी
14.06.2018

आपके जाने से अधूरे रह गये अरमान,
ज़िंदगी में अकेलपन मंजिल भी नहीं आसान।
हम फिर भी चल रहे हैं मन में यही माने,
आप हमें संभाल रही हो पल-पल हाथ थामे।
आज ही के दिन हम सबको छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो गयी थी। हम सब आपको आपकी छठी पुण्यतिथि पर सजल नयनों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं तथा आपके आदर्शों के प्रति सदा समर्पित रहने का संकल्प लेते हैं।

आपकी स्मृति की वेदना में
महेश पाल सिंह (पति), कुसुम लता यादव (भाभी)
सुरेश चन्द्र यादव-रीता रानी यादव (दामाद-पुत्री)
पुष्पेन्द्र यादव-विनीता यादव (दामाद-पुत्री)
हरेन्द्र सिंह यादव-प्रीति यादव (भतीजा-भतीजबहु)
यजुवेन्द्र यादव-दीक्षा यादव (भतीजा-भतीजबहु)
धीरेन्द्र सिंह यादव-लक्ष्मी यादव (भतीजा-भतीजबहु)
धर्मवीर यादव-रंजना यादव (भतीजा-भतीजबहु)
धर्मपाल सिंह यादव-कशिश यादव (भतीजा-भतीजबहु)
पायल (भांजी) अमित यादव, माधव यादव (पौत्र) काव्यांजलि यादव, नाव्यांजलि यादव उर्फ प्रतिष्ठा, अपूर्वा यादव (पौत्री) एवं समस्त परिवार।
सम्बन्धी एवं मित्रगण पता :- 631, नारायण सिंह यादव निवासी जितौर, नेकपुर, बरेली

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY



ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm.
BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed
Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Budaun Office : Qadir Market, Indira Chowk, Ph.: 9105050213
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 7417309873 | www.futureinstitutions.org

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL.B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly




**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

45.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 5.15 | सूर्यास्त 7.11

### रियल टाइम खतौनी में नहीं बना संशोधन करने का विकल्प, प्रार्थना पत्र लेकर तहसील के चक्कर काट रहे किसान

# जिम्मेदारों की लापरवाही से रियल टाइम खतौनी किसानों के जी का बनी जंजाल

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** अंश निर्धारण करने के लिए बनाई गई रियल टाइम खतौनी किसानों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। जिम्मेदारों द्वारा गलत तरीके से अंश निर्धारण किए जाने से किसानों को दिक्कतें हो रही हैं। जमीन की बिक्री से लेकर नाम संशोधन के लिए उन्हें तहसील में चक्कर काटने के लिए विवश होना पड़ रहा है। रियल टाइम खतौनी में संशोधन का विकल्प न होने की वजह से अदालत में वाद दायर करने वालों की बाढ़ सी आ गई। वहीं बैनामा कराने वालों की संख्या भी घट गई है। जिसकी वजह से सरकार को राजस्व का घाटा हो रहा है।

शासन द्वारा जमीन के बंटवारे और अभिलेखीय त्रुटि के कारण उत्पन्न होने वाले विवादों को कम करने के उद्देश्य से अंश निर्धारण खतौनी के लिए रियल टाइम खतौनियां बनाई गईं। कृषि योग्य भूमि की राजस्व विभाग के पास खतौनी होती है। उसमें गाटा संख्या और भूमिधर के नाम दर्ज होते हैं। एक ही परिवार की खतौनी में नाम तो सभी के दर्ज होते हैं, लेकिन उसमें कितना हिस्सा किसका है, ये दर्ज नहीं होता है। इसके कारण बड़े पैमाने पर विवाद होते हैं तथा न्यायालयों में भी अधिकतर विवाद अंश निर्धारण के ही आते हैं। इन विवादों को कम करने के लिए अंश निर्धारण खतौनी तैयार की गई है इसमें नाम और गाटा

- **अधिकतर अंश निर्धारण में गलत कर दिए किसानों के नाम, अब हो रही परेशानी**

संख्या के साथ-साथ सबका अंश या हिस्सा भी अंकित है। मगर रियल टाइम खतौनी में संशोधन का विकल्प नहीं होने के कारण अंश निर्धारण खतौनी किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। अंश निर्धारण में गड़बड़ी के कारण वह परेशान है। खतौनी में गलत डाटा को सही कराने के लिए किसान प्रार्थना पत्र लेकर तहसील के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जिम्मेदार मदद न कर अपने हाथ खड़े कर रहे हैं। जिम्मेदारों का कहना है संशोधन के लिए नया शासनादेश नहीं आया है। वहीं जिम्मेदारों की लापरवाही की सजा सीधे किसानों को मुकदमे में फंसकर झेलनी पड़ रही है। संशोधन के लिए उन्हें एसडीओ न्यायालय में वाद दाखिल करना पड़ रहा है। मई और जून में अब तक करीब 80 वाद एसडीओ न्यायालय में दायर किए जा चुके हैं। जबकि इससे पूर्व के दायर 296 वादों का अब तक कोई निस्तारण नहीं किया गया है। इधर उप निबन्धक कार्यालय में बैनामे में नई खतौनी अनिवार्य है मगर रियल टाइम खतौनी में अंश निर्धारण गलत होने से बैनामे पर सीधा असर देखने को मिल रहा है। किसान जब बैनामे के लिए खतौनी निकाल कर लाते हैं तो गलत अंश निर्धारण देख पसीने छूट जाते हैं। ऐसी स्थिति में जहां किसानों को बैनामा छोड़ खतौनी दुरुस्त कराने के लिए तहसील के चक्कर काटने पड रहें हैं। वहीं बैनामे कम होने के कारण सरकार को राजस्व हानि हो रही है। उप निबंधक कार्यालय में जहां रोजाना 20 से 25 बैनामा होते थे वहीं अब रियल टाइम खतौनी में गड़बड़ी होने की वजह से मात्र 14 से 15 ही बैनामा हो रहे हैं।

**पिछले साल बदली गई खतौनी की प्रकृति**

वर्ष 2023 में शासन ने खतौनी की प्रकृति बदलने के निर्देश दिए थे। इसके तहत फसली वर्ष 1428 से 1433 की रीयल टाइम खतौनी तैयार करनी थी। इसमें प्रत्येक गाटा की अलग-अलग अंश निर्धारण खतौनी तैयार कर खातेदार व सह खातेदारो का अंश निर्धारण किया गया। अधिकतर अंश निर्धारण खानापूर्ति कर गलत कर दिए, जिससे किसानों की परेशानी कम होने की बजाय और बढ़ गई है।

**बंद कमरे में तैयार की रियल टाइम खतौनी**

शासन की मंशा के अनुरूप यदि क्षेत्रीय लेखपाल धरातल पर उतरकर अंश निर्धारण करते तो काफी हद तक जमीनों का विवाद समाप्त हो जाता। लेकिन जिम्मेदारों ने धरातल पर उतरने के स्थान पर बंद कमरे में बैठकर मनमाने तरीके से रियल टाइम खतौनी बनाकर पोर्टल पर अपलोड कर दी गई। जिससे सहसवान तहसील के अधिकतर ग्रामों में किसानों की भूमि का सही अंश नहीं दर्ज हुआ है।

> अभी रियल टाइम खतौनी में गलत अंश निर्धारण का प्रभाव बैनामे पर पड़ा है। पहले रोजाना 20 से 25 बैनामा होते थे अब 14 से 15 ही बैनामा हो रहे हैं। इससे राजस्व घट गया है। **-वेदप्रकाश कटारिया**, उप निबंधक सहसवान

> अभी रियल टाइम खतौनी में संशोधन का कोई विकल्प नहीं दिया गया है। रीयल टाइम खतौनियों में अंश निर्धारण गलत होने की शिकायतें मिल रही हैं। जब तक शासन से संशोधन का विकल्प नहीं आता है तब तक धारा 38 के तहत उन्हें ठीक कराया जा रहा है। अब तक साढ़े तीन सौ से अधिक वाद दायर हुए हैं। जिनका निस्तारण कराया जा रहा है। **-प्रेमपाल सिंह**, उपजिलाधिकारी

## एक नजर

### जमीन के विवाद में 14 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बूचा नगला में पुरानी रंजिश को लेकर 11 मई को वीकेश और रामनिवास पक्ष में कहासुनी और मारपीट हुई थी। मारपीट में दयाराम और राकेश घायल हो गए थे। पुलिस ने वीकेश की तहरीर पर सुनील, रामनिवास, मोनू, अनिल, कप्तान सिंह, लाखन सिंह, अर्जुन, सोनू, गोलू उर्फ यतेंद्र, सुरेंद्र, अहिलकार, संतोष, वीरेंद्र, रतिराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है।

### कछला में पुराने पुल के पास मिला बुजुर्ग का शव

**कछला।** कोतवाली उझानी क्षेत्र में कछला स्थित भागीरथी के पुराने पुल के पास बुजुर्ग का शव मिला। लोगों की सूचना पर कछला चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। लोगों से पूछताछ करने के बाद बुजुर्ग की शिनाख्त कछला के वार्ड तीन निवासी सत्यपाल (52) पुत्र मटरू लाल के रूप में हुई। लोगों ने बताया कि सत्यपाल कुष्ठ रोगी थे। जिसके बाद से घर से बाहर रहने लगे थे। कुछ दिन पहले उन्हें कछला गंगा घाट पर देखा गया था। पुलिस ने शव को गड्ढे में दफन करा दिया।

# बिना अनुमति लिए बनवा रहे थे मदरसा पुलिस ने रुकवाया निर्माण कार्य

### थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव दुगरइया में बिना प्रशासन की अनुमति के चल रहा था निर्माण कार्य

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन से अनुमति लिए बिना एक गांव में मदरसा का निर्माण कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने अधिकारियों को सूचना दी। नायब तहसीलदार और प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। निर्माण करा रहे लोगों से अभिलेख मांगे लेकिन वह नहीं दिखा सके। इस पर पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया और भविष्य के लिए चेतावनी दी है।

मामला थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव दुगरइया का है। गुरुवार दोपहर कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर को सूचना मिली कि गांव में प्रशासन से अनुमति लिए बिना कुछ लोग मदरसा का निर्माण करा रहे हैं। दीवारें खड़ी करके लिंटर डालने का काम चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने अधिकारियों को सूचना दी और पुलिस बल के



गांव दुगरइया में निर्माण करा रहे व्यक्ति और ग्रामीणों से जानकारी करते नायब तहसीलदार निरंकार और प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह।

साथ गांव पहुंच गए। कुछ देर के बाद सदर तहसील के नायब तहसीलदार निरंकार और हल्का लेखपाल बृजेश कुमार मौके पर पहुंच गए।

गांव निवासी इसरार निर्माणाधीन भवन पर लिंटर डलवा रहा था। नायब तहसीलदार के पूछने पर उसने बताया कि वह छोटे बच्चों की प्राथमिक शिक्षा के लिए कक्षा एक से कक्षा पांच तक का स्कूल खोलना चाहता है। जिसके लिए भवन तैयार कर रहा है। नायब तहसीलदार ने इसरार ने मान्यता संबंधित कागजात मांगे लेकिन इसरार मान्यता और निर्माण से संबंधित कोई कागज नहीं दिखा सके। जिसके चलते राजस्व विभाग और पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से जानकारी करके जांच की। पता चला कि इसरार न न तो स्कूल खोलने के लिए कोई आवेदन किया है और न ही किसी भी विभाग से एनओसी ली है। तकरीबन आठ महीने पहले भी इसरार ने मदरसा का निर्माण कराने की कोशिश की थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और निर्माण कार्य रुकवा दिया था लेकिन अब चोरी छिपे भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया। गुरुवार को सटरिंग करके लिंटर डलवाने की तैयारी चल रही थी। गांव में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

- **नायब तहसीलदार और पुलिस मौके पर पहुंची, अभिलेख न दिखा पाने पर रुकवाया काम**

> गुरुवार दोपहर गांव दुगरइया में बिना अनुमति लिए मदरसा का निर्माण कराने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवा दिया था। अधिकारियों को अवगत कराया था। नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच की। निर्माण कार्य करा रहे व्यक्ति के पास संबंधित कोई भी अभिलेख नहीं था। **- राजेंद्र बहादुर सिंह**, प्रभारी निरीक्षक, थाना कुंवरगांव

## ट्रैक्टर की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, छह घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली उझानी क्षेत्र में एपीएस इंटरनेशनल स्कूल के सामने ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें बैठे छह लोग घायल हो गए। डायल 112 पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव जिंसी नगला निवासी नन्हें, प्रेम सिंह, शिशुपाल, प्रहलाद, एहवरन, प्रेम सिंह बुधवार शाम पंजाब जाने के लिए घर से निकले थे। ई-रिक्शा में बैठकर उझानी के रेलवे स्टेशन जा रहे थे। राजमार्ग पर स्कूल के सामने तेज रफ्तार से आए ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा सवार घायल हो गए। हादसे के बाद चालक मय ट्रैक्टर भाग गया। सभी को सीएचसी ले जाया गया। शिशुपाल, प्रेम सिंह और नन्हें की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल भेजा गया।

# मानसिक मंदित युवक को फार्मासिस्ट ने पीटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गरीब मजलूमों की स्वास्थ्य सेवा को बनाये गए सरकारी अस्पताल में मानसिक मंदित के साथ पहले फार्मासिस्ट ने मारपीट की उसके बाद सीएमएस के आदेश पर होमगार्ड ने हाथापाई करते हुए धक्के मारकर उसे अस्पताल से बाहर निकाल दिया। बंदर के काटने से परेशान युवक इंजेक्शन लगाने की गुहार कर रहा था। लेकिन उसे दवा के बदले धक्के मिले। लोग तमाशबीन बने देखते रहे।

थाना व कस्बा दातागंज के वार्ड 13 निवासी संजय मानसिक मंदित है। संजय को चार दिन पूर्व बंदर ने काट लिया था। वह दातागंज सीएचसी पर इंजेक्शन लगवाने गया तो वहां पर डांट कर भगा दिया गया। गुरुवार को वह जिला अस्पताल पहुंच गया। उसने ओपीडी में एक फार्मासिस्ट से बंदर के काटे का इंजेक्शन लगाने की गुहार की। संजय परेशान था इसलिए वह झल्ला कर बोला, इसी बात पर फार्मासिस्ट ने उसके साथ मारपीट कर दी और उसे ओपीडी से बाहर कर दिया। इसके बाद उसने सीएमएस के दफ्तर में घुसने का प्रयास किया तो सीएमएस ने होमगार्ड को उसे बाहर निकालने को कह दियाया। होमगार्ड ने उसे पकड़ कर जबरन बाहर कर दिया।



युवक के साथ हाथापाई करता होमगार्ड।

- **होमगार्ड ने भी की मारपीट तमाशबीन बने रहे लोग**

> यह युवक कई बार यहां आ चुका है। हर बार हंगामा करता है। मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उल्टी सीधी हरकतें करता है। आज भी ओपीडी में घुस कर हंगामा करने लगा, जिसके बाद उसे होमगार्ड के जरिए बाहर करवाना पड़ा। कुत्ता काटे का इंजेक्शन पहले ही लगाया जा चुका है। **-डॉ. कप्तान सिंह**, सीएमएस

# संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत मायका पक्ष ने जताई हत्या की आशंका

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव भुंडी निवासी महिला की मौत हो गई। ससुरालीजन गांव से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे मायका पक्ष ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए मौत का कारण जानने को शव के पोस्टमार्टम की मांग की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी कमर अली की बेटी साहिदा बानो (28) का निकाह लगभग सात साल पहले थाना उसहैत क्षेत्र के गांव भुंडी निवासी निसरत पुत्र इदरीश के साथ हुआ था। गुरुवार को महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मायका पक्ष मौके पर पहुंचा। आरोप लगाया कि निकाह के बाद से ही ससुरालीजन आए दिन साहिदा बानो को प्रताड़ित करते थे। घर पर आए दिन क्लेश होता था। कमर अली ने बताया कि ससुरालीजनों ने तकरीबन एक



महिला की मौत के बाद गांव भुंडी में ग्रामीणों से जानकारी करते पुलिसकर्मी।

- **महिला की मौत के बाद ससुराल वाले हुए फरार**

साल पहले साहिदा बानो से मारपीट की थी। जिसके चलते वह बेटी को बुलाकर मायके ले गए थे। 15 दिन पहले निसरत आया तो अपनी गलती की माफी मांगी थी और बुलाकर ले गया था। गुरुवार को ग्रामीणों ने सूचना दी कि ससुरालीजनों ने गला दबाकर साहिदा बानो की हत्या कर दी है और साहिदा बानो का शव आंगन में रखकर भाग गए। मृतका के भाई साजिद अली ने बताया कि बहन के घर पर आए दिन होने वाले क्लेश के चलते अनहोनी की आंशका है। सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। ग्रामीणों से जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। मायका पक्ष ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दूध बेचने शहर आ रहे युवक को घेरकर पीटा, तीन पर रिपोर्ट

**विजय नगला, अमृत विचार :** दूध बेचने शहर आ रहे दूधिया के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी तीन भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव लाही फरीदपुर निवासी मोहम्मद अरबाज ने सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दूधिया हैं। 12 जून को सुबह 8 बजे वह शहर में घरों पर दूध पहुंचाने जा रहे थे। गांव सालारपुर के पास बीएसएनएल के टॉवर के पास पहुंचे तो गांव औझा निवासी तीन भाई इस्माईल, इजराईल, इब्राहिम पुत्र सद्दू पीछे से आए और उनकी बाइक रुकवा ली। गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। गाली का विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने उसे लाठी से पीटा। शोर सुनकर लोगों की भीड़ एकत्र हुई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मारपीट से मोहम्मद अरबाज के पीठ, कान और चेहरे पर चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# एसएसपी से मिले चिकित्सक, बिसौली रेंज के बाहर के अधिकारी से जांच कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सहसवान के डॉ. रामनिवास गुप्ता अस्पताल के तीन चिकित्सकों समेत अन्य चिकित्सकों ने एसएसपी से मुलाकात की। कहा कि बिसौली के माहेश्वरी अस्पताल में पाइप लाइन काटकर आग लगाने की कोशिश के प्रयास की घटना का उनसे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने बिसौली रेंज के बाहर के पुलिस अधिकारी से जांच कराने की मांग की है। एसएसपी ने जांच कराकर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को कुछ चिकित्सकों ने एसएसपी से मुलाकात की। सहसवान के डॉ. राम निवास गुप्ता अस्पताल के संचालक डॉ. राम निवास ने बताया कि कस्बा निवासी तनुज पुत्र दीपेंद्र से उनकी पुरानी रंजिश और मुकदमादारी चल रही है। वह बिसौली में माहेश्वरी अस्पताल संचालक डॉ. मनोज



एसएसपी कार्यालय के बाहर सहसवान के चिकित्सक व अन्य।

माहेश्वरी का भांजा है। आरोप है कि डॉ. मनोज उन्हें नीचा दिखाने के लिए झूठे मुकदमों में फंसाने के लिए प्रयास करते रहते हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने अपने अस्पताल के कर्मचारी रामप्रताप से उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट में घटना का समय 6 जून दोपहर 2 बजे बताया गया है और आरोपी मोहम्मद तारिक को मौके से पकड़ना दिखाया गया। घटनास्थल से कोतवाली बिसौली की दूरी लगभग एक किमी है फिर भी रिपोर्ट रात 8 बजकर 35 मिनट पर दर्ज कराई गई। इस अवधि में उन्हें फंसाने का तरीका ढूंढा गया और रिपोर्ट दर्ज करा दी। माहेश्वरी अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उसमें तो घटना कैद हुई होगी। अस्पताल की छह जून की पूरी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखी जाए। जिससे वीडियो से कोई छेड़छाड़ न कर सके। कहा कि उनका और उनके अस्पताल का पकड़े गए युवक से कोई वास्ता नहीं है। अस्पताल की लाइट खराब होने पर कर्मचारी कासिम ने एक-दो बार तारिक को बिजली सही करने के लिए बुलाया था।

आरोप लगाया कि अग्निशमन विभाग से एनओसी लिए बिना ही माहेश्वरी अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। जिससे कभी भी शॉर्ट सर्किट होने से हादसा होने की संभावना है। उनके खिलाफ दर्ज किए गए मामले की बिसौली रेंज से बाहर के अधिकारी से निष्पक्ष रूप से जांच कराई जाए। जांच में अगर दोषी निकलें तो पुलिस कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने अपने बिसौली आने-जाने पर जान का खतरा बताया है। तीनों चिकित्सकों ने शिकायती पत्र के साथ अलग-अलग शपथ पत्र भी दिया। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने जांच कराकर आगे की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। उनके साथ डॉ. अभिनव गुप्ता व डॉ. आदित्य गुप्ता मौजूद रहे।

- **छह जून को सहसवान के तीन चिकित्सक समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट**

# भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, उसावां

**अमृत विचार:** आगामी त्योहार बकरीद को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के संबंध में सीओ दातागंज केके तिवारी और थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह ने थाना उसावां में पीस कमेटी की बैठक की। त्योहार के दौरान समस्या की आशंका को लेकर चर्चा की। चेतावनी दी कि भावनाओं को ठेस पहुंचाने या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

बैठक में मौजूद धर्मगुरु, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से आह्वान किया कि सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था



थाना उसावां में पीस कमेटी की बैठक में सीओ दातागंज केके तिवारी।

बनाये रखें। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों, असामाजिक तत्वों के बारे में पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत, अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें। पवन कुमार गुप्ता, आनंद सिंह, महावीर राठौर, ध्रुव सिंह, प्रेमपाल सिंह, सेवा राम, ओमेन्द्र कश्यप, धनमेश कश्यप, विनोद गुप्ता, मुरारी लाला, धरेंद्र गुप्ता, सुबोध गुप्ता, सविर खां, दिलसाद, मुस्तकीम आदि उपस्थित रहे। **उझानी।** क्षेत्राधिकारी उझानी की मौजूदगी में थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मौजूद रहे संभ्रांत व्यक्तियों से क्षेत्र में शांति का माहौल बनाए रखने की अपील सीओ उझानी ने की।

**बिल्सी।** थाना परिसर में सीओ सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में बकरीद और गंगा दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीओ ने कुर्बानी के बाद पशु के अवशेष नगर पालिका परिषद की ओर से आने वाले वाहन में डाले जाने की अपील की। **उघैती।** क्षेत्राधिकार बिल्सी सुशील कुमार सिंह की मौजूदगी में थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें उनके द्वारा आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की लोगों से अपील की गई।

- **ईद-उल-अजहा को लेकर थानों में हुई पीस कमेटी की बैठक**

## ट्रैक्टर से कुलचकर छात्र घायल

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव पस्तौर निवासी दिनेश राज ने तहरीर देकर बताया कि उनका भतीजा सतीश पुत्र महिपाल मंगलवार को बीए की परीक्षा देकर वापस घर लौट रहा था। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में मंडी समिति के पास वह रुक गया और फास्ट फूड खाने के लिए सड़क पार जाने लगा।

इसी दौरान बदायूं की ओर से तेज रफ्तार से आए ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। वह ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आ गया। उसका दाहिना पैर कुचल गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव सिरसौली निवासी अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# खेत में पतेल के ढेर में दबी मिली नवजात

संवाददाता, विजय नगला(बदायूं)

**अमृत विचार :** खेत में घास काट रही महिलाओं को गन्ने की पतेल में नवजात मिली। बच्ची को जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया। हालत गंभीर होने पर सैफई के राजकीय मेडकिल कॉलेज रेफर किया। वहां ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव लखनपुर और बुधवाई के पास खेतों में गुरुवार सुबह कुछ महिलाएं पशुओं के लिए चारा लेने गई थीं। उन्होंने बच्ची की रोने की आवाज सुनी। महिलाएं पतेल के ढेर के पास पहुंचीं और पतेल हटाई तो कपड़े में लिपटी नवजात बच्ची मिली। महिलाओं ने साड़ी से बच्ची को साफ किया। इस बीच तमाम ग्रामीण पहुंच गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची। बच्ची की मां के बारे में जानकारी का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। बच्ची को जिला महिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची लगभग 24 घंटे की है। चिकित्सक ने बच्ची को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बच्ची को सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। कोतवाली सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि बच्ची को फेंकने वालों की तलाश की जा रही है।

- **इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ा**

## दो सेवानिवृत्त अधिकारियों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** मोहल्ला मीरा सराय निवासी विजय पाल सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर सेवानिवृत्त जिला पंचायत राज अधिकारी डॉ. सरनजीत कौर और सेवानिवृत्त बाल विकास परियोजना अधिकारी गुरुमीत कौर पर धोखाधड़ी और धमकाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रार्थना पत्र में उन्होंने बताया कि अधिकारियों ने फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी पाई। सेवारत रहने के दौरान सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। उन्होंने कई जिलों में वसूली की है। दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी लेकिन मामला सांठगांठ करके दबा दिया गया था।

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज

मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.

मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली

डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।

मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।

ADMISSION OPEN

AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified

PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में

सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)

कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL

डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm

डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm

डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm

डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm

डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405


# भीषण गर्मी लोगों को कर रही परेशान

# दिन में सुकून न रात को मिल रहा चैन

## तापमान 45 डिग्री पर आकर टिका, तेज धूप और गर्म हवा से झुलस रहा लोगों का शरीर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। तेज धूप और गर्म हवा लोगों का शरीर झुलसा रही है। स्थिति ऐसी हो गई है कि न दिन में सुकून मिल रहा और न रात में चैन। तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पर आकर टिक गया है। बुधवार के बाद गुरुवार को भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

बैसाख के बाद ज्येष्ठ में भी तेज धूप और लू का सितम जारी है। बढ़ते तापमान से हर कोई परेशान है। गुरुवार की सुबह नौ बजते ही तेज धूप से लोग परेशान रहे। बाजार में सन्नाटे जैसी स्थिति रही। बढ़ते तापमान का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। साथ ही लू चलने से लोगों को सफर करना भी मुश्किल हो गया है। सुबह से तेज धूप निकलने से लोग घरों में रहने को मजबूर रहे। पहले बाजार में हमेशा चहल-पहल रहती थी, अब वहां दोपहर होते ही सन्नाटा हो जाता है। इसका असर छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारियों पर पड़ रहा है। गुरुवार को दोपहर के समय शहर की प्रमुख सड़कों पर गिने चुने लोग ही दिखाई दे रहे थे। उनके द्वारा धूप से बचने के लिए सिर पर कपड़ा लपेट रखा था। धूप से बचने के लिए लोग छांव की तलाश में इधर उधर भटकते दिखाई दिए। दिन के साथ रात में भी लोगों को चैन नहीं मिल पा रहा है। रात 11 बजे तक तापमान में कोई कमी नहीं आ रही है। जिसके कारण लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। गर्मी अधिक होने की वजह से रातें करवटें बदलते हुए कट रही हैं। कृषि विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण ऐसा हो रहा है। राजस्थान की ओर से आ रहीं गर्म हवाओं की वजह से तापमान में वृद्धि हो रही हैं। इनसे जल्द निजात मिलने की उम्मीद नहीं है।


धूप से बचाव करने के लिए बच्चे को कपड़े से ढककर ले जाती महिला।


तेज धूप में छाता लगाकर मूंगफली की बिक्री करता युवक।


गर्मी में राहत पाने को पानी से मुंह धोता युवक। ● अमृत विचार

# एक महीने पहले मिला शव अब दर्ज हुई हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● 15 मई को उझानी क्षेत्र में गांव धमेई के पास मिला था शव

**अमृत विचार :** मई महीने में एक युवक का शव रेलवे लाइन किनारे मिला था। युवक के परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया लेकिन कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। मृतक के भाई ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर युवक की मौत के तकरीबन एक महीने के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या, षड्यंत्र करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव धमेई निवासी ब्रग सिंह यादव पुत्र बुधपाल सिंह ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह भारतीय सेना में कार्यरत हैं। 15 मई को सुबह 5 बजे गांव के पास रेलवे लाइन पर उनके भाई प्रवेश कुमार का शव पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम के बाद गांव के पास अंतिम संस्कार किया गया था। उन्होंने और उनके परिजनों ने लोगों से प्रवेश कुमार की मौत के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि प्रवेश कुमार गांव निवासी ब्रजमोहन पुत्र देशराज की बैठक में अपना ट्रैक्टर खड़ा करते थे। उसके साथ में उठता-बैठता था। कभी-कभार वह वहीं सो भी जाता था। 14 मई रात प्रवेश कुमार बैठक में ही सोए थे। आरोप लगाया कि ओमकार, यादराम उर्फ गपूरी, उदयवीर उर्फ मंगली, हरीराम पुत्र सोरन सिंह, ब्रजमोहन पुत्र देशराज ने उनके भाई की फावड़ा और लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। हादसा दिखाने के लिए उसका शव गांव के पास रेलवे लाइन पर डाल दिया। खेत से घर लौट रहे गांव निवासी संदेव पुत्र रामवीर ने उन लोगों को प्रवेश कुमार का शव रेलवे लाइन किनारे रखते देखा था। वह डर गया था, जिसके चलते उसने किसी को कुछ नहीं बताया। संदेव के सूचना देने पर उन्होंने उझानी पुलिस को शिकायती पत्र दिया था लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते परिजनों ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के निर्देश पर ओमकार, यादराम, उदयवीर, ब्रजमोहन और हरीराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। उझानी इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## जिले की 62 ग्राम पंचायतों में रखे जाएंगे पंचायत सहायक

**बदायूं।** जिले की 62 ग्राम पंचायतों में सहायक के रिक्त पदों को भरा जाएगा। पंचायत सहायकों की नियुक्ति के लिए प्रशासन की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायतों में आवेदन करने के लिए मुनादी भी करा दी गई है। जिले के 15 विकास खंडों की 1036 ग्राम पंचायतों में दो साल पूर्व पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई थी। जिसमें करीब एक दर्जन ग्राम पंचायतों में पद नहीं भरे जा सके। कुछ ग्राम पंचायतें ऐसी रहीं जिनमें कार्यरत पंचायत सहायकों ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। इस तरह से जिले की 62 ग्राम पंचायतों में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद रिक्त हो गए। पंचायत सहायक पद पर आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। आवेदन 15 जून से मांगे गए हैं। डीपीआरओ श्रेया मिश्रा ने बताया कि 62 ग्राम पंचायतों में पद रिक्त हैं। इन 15 जून से आवेदन मांगे जाएंगे। ग्राम पंचायतों में मुनादी करा दी गई है।

## भागवत कथा में सुनाया कृष्ण की लीलाओं का वर्णन

**बदायूं, अमृत विचार :** करौलिया गांव में भगवान शंकर के मंदिर पर ओमकार सिंह द्वारा श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जनपद एटा के मारहरा कस्बे से आए कथा वाचक शीलेन्द्र सांवरिया ने भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। कृष्ण की रास लीला कब कहां होती थी इसका वर्णन किया। इस मौके पर गांव के सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।


कथा व्यास शीलेन्द्र सांवरिया।

# मृतक आश्रितों को मिले 50 लाख मुआवजा

संवाददाता, उसावां

**अमृत विचार :** श्रद्धालुओं पर कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में अंतरराष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन थानाध्यक्ष को सौंपा। ज्ञापन में मृतकों को मुआवजा व आतंकवादियों को फांसी देने की मांग की गई।

पिछले दिनों कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादियों द्वारा हमला किया गया था जिसमें दस श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई। 32 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसको लेकर अंतरराष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह को सौंपा। ज्ञापन देने से पूर्व कस्बे में जुलूस निकालकर आतंकवाद का पुतला फूंका गया। ज्ञापन में मृतक श्रद्धालुओं को 50 लाख व घायलों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाने तथा आतंकवादियों को फांसी की सजा की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में पंकज गुप्ता, अतुल बजरंगी, जैनेन्द्र यादव, सुनील यादव, पकंज मिश्रा, शिवम वर्मा, राम मिश्रा, विमलेश यादव सहित काफी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● उसावां में विहिप और बजरंग दल ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
~~1499/-~~ ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली


# 290 शिक्षकों ने तबादले के लिए किया रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● स्थानांतरण चाहने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को 15 से 18 जून तक बनाने होंगे जोड़े

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री के आदेश पर पारस्परिक अन्तर्जनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। ट्रांसफर की चाह रखने वाले 290 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रजिस्ट्रेशन किया है। अब इनके द्वारा 15 से 18 जून तक जोड़े बनाए जाएंगे। सत्यापन के बाद उन्हें 19 जून को स्कूलों से रिलीव कर दिया जाएगा। अभी फिलहाल किसी भी शिक्षक द्वारा आवेदन नहीं किया गया है। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद जोड़ा बनाने के लिए दूसरे जनपदों में कार्यरत शिक्षकों की तलाश करनी शुरू कर दी है।

परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानांतरण प्रक्रिया पिछले साल शुरू की गई थी। इसके तहत जिले के अंदर तो परस्पर तबादले कर दिए गए। लेकिन एक जिले से दूसरे जिले में तबादले की प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी शिक्षक व शिक्षिकाएं कार्यमुक्त नहीं किया जा सका। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा लगातार सरकार से स्थानांतरण की मांग की जा रही थी। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की मांग को देखते हुए स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने के आदेश कर दिए। 12 जून से शुरू हुई स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत 290 शिक्षकों ने ट्रांसफर को लेकर आवेदन किया है। अब उनके द्वारा दूसरे जनपदों में कार्यरत ऐसे शिक्षकों की तलाश करनी शुरू कर दी गई है जो स्थानांतरण के लिए इच्छुक हैं। बीएसए स्वाती भारती ने बताया कि परस्पर स्थानांतरण की मांग करने वाले 290 शिक्षकों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया है। लेकिन जोड़ा न बन पाने के कारण अभी तक किसी ने आवेदन नहीं किया है। आवेदन करने के लिए शिक्षकों को 15 से 18 जून तक का मौका दिया गया है। आवेदनों का सत्यापन करने के बाद 19 जून को शिक्षकों के लिए रिलीव कर दिया जाएगा। इधर आवेदन के बाद शिक्षकों के अभिलेखों का सत्यापन करने के लिए समय न मिल पाने की स्थिति में कर्मचारी परेशान हैं। ऐसे में निर्धारित समय पर शिक्षकों को रिलीव किया जाना संभव नहीं दिख रहा है।

# जमीन के विवाद में महिलाओं को पीटा

संवाददाता, बिनावर

● एसएसपी से शिकायत के बाद महिलाओं को कराया भर्ती

**अमृत विचार :** जमीन पर कब्जे की कोशिश का विरोध करने पर महिला और उसकी गर्भवती पुत्रवधु को पीटकर घायल कर दिया गया। महिला ने शिकायत की तो पुलिस ने दोनों पक्ष का शांतिभंग में चालान कर दिया। महिला ने एसएसपी से शिकायत करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घायल दोनों महिलाओं को भर्ती कराया गया है। आरोप है कि मारपीट से महिला का गर्भ गिर गया।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव अमानाबाद निवासी वृद्ध रामादेवी पत्नी दीनानाथ ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में उनकी जमीन है। दातागंज की एसडीएम कोर्ट में मामला चल रहा है। आरोप है कि 10 जून की शाम लगभग पांच बजे गांव निवासी पांच लोग जमीन पर निर्माण कार्य कराने लगे। विरोध किया तो उसे और उसकी पुत्रवधु के साथ मारपीट की।

## सार-संक्षेप

### तीन दिवसीय निशुल्क ध्यान शिविर का हुआ समापन



**बदायूं।** उझानी नगर पालिका परिसर के उमंग पार्क में हार्टफुलनेस संस्था द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क ध्यान शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। योग प्रेमियों द्वारा अपने दैनिक जीवन में योगाभ्यास और ध्यान को नियमित करने का संकल्प लिया गया, समापन अवसर पर तीन दिनों में हार्टफुलनेस ध्यान साधना के सुखद अनुभवों को भी सभी के साथ साझा किया। शिविर में जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्र, हार्टफुलनेस प्रशिक्षक लखन सिंह, अनुज सक्सेना, अशोक कुमार सिंह, पतंजलि योगपीठ के जिला संयोजक एवं प्रशिक्षक सुरेंद्र सिंह एवं स्वयं सेवक नवीन कुमार, रूपेंद्र पाल, शैलेंद्र सिंह, पारस शर्मा, नेम सिंह, संजीव सिंह, चरण सिंह, सुनील, नेम सिंह आदि मौजूद रहे। उपस्थित नगर वासियों में डा. आलोक गुप्ता, शशि गुप्ता, ओम प्रकाश चौहान, मोहम्मद अतीक आदि ने योग किया।

### समाजसेवी दिनेश चंद्र शर्मा की पुण्यतिथि पर बांटा शर्बत



**बदायूं।** बदायूं गौरव क्लब के मुख्य सचिव एवं बदायूं गौरव महोत्सव के मुख्य संयोजक पं. अमन मयंक शर्मा एवं सहसचिव गौरव पाठक ने बताया कि बदायूं गौरव क्लब के संरक्षक जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्व. दिनेश चंद्र शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में बदायूं गौरव क्लब संस्था द्वारा टिकटगंज कोठी वाला मंदिर में शर्बत वितरण किया गया। इस मौके पर बदायूं गौरव क्लब के मुख्य सचिव भाजपा नेता पं. अमन मयंक शर्मा, सहसचिव गौरव पाठक, गीता शर्मा, अंजलि मिश्रा, चर्चा पाठक, वैदिक पाठक, दिनेश गुप्ता, शशांक शर्मा, सुमित शंखधार, नियति मिश्रा, काव्या पाठक, विपिन शर्मा, मयंक शंखधार, मुन्ना भइया आदि उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी



**बदायूं।** आसिम सिद्दीकी मेमोरियल (पीजी) डिग्री कॉलेज द्वारा गुरुवार को शीतल जल वितरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के शिक्षकों संग छात्र-छात्राओं ने राहगीरों को शीतल जल पिलाया। ठंडा पानी पीने के बाद राहगीरों ने गर्मी से राहत महसूस की। इस अवसर पर कॉलेज के मैनेजर जोहेब अली सय्यद, निदेशक जोया अली सय्यद, प्राचार्य डॉ. नजीबुल हसन खान ने कहा कि इस तपिश भरी गर्मी में इस प्रकार के शीतल जल प्याऊ कैंप के आयोजन होते रहना चाहिए।

### खेत पर गए किसान की करंट से मौत

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव पाल का नगला निवासी मोहन लाल खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। वह गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे फसल की सिंचाई करने के लिए खेत पर गए थे। जिसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। देर शाम उनका शव खेत में पड़ा मिला। पास में ही बिजली का तार टूटा पड़ा था। माना जा रहा है कि करंट से उनकी मौत हुई होगी। परिजन शव उठाकर घर ले गए।

### आज का मौसम

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

44.0⁰ अधिकतम तापमान | 32.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.19 | सूर्यास्त 07.12

### शहर में आज

- रोटरी क्लब कासगंज सिटी द्वारा शहर के लक्ष्मीगंज स्थित शगुन वाटिका में योगाभ्यास सुबह पांच बजे से।
- एक दिवसीय रोजगार मेला ढोलना के रामवती प्राइवेट आईटीआई परिसर में सुबह 10 बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन द्वारा मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन गंजडुंडवारा के नगर कार्यालय पर सुबह 11 बजे से।
- श्री डीडू माहेश्वरी युवक मंडल द्वारा शहर के गंगा देवी माहेश्वरी भवन में सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह शाम चार बजे से।

### एक नजर

#### सेवनपुर कंपोजिट विद्यालय से सामान उड़ा ले गए चोर

**कासगंज।** थाना सहावर के गांव सेवनपुर के कंपोजिट विद्यालय में बुधवार रात ताले तोड़कर चोर घुस गए। चोर विद्यालय के ऑफिस में रखे दो गैस सिलेंडर, स्मार्टर क्लास में लगी एंड्रोइड टीवी, यूपीएस चोरी कर ले गए। चोरों ने रसोई घर से रनिंग वाटर सप्लाई में तोड़फोड़ की है। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी मिलने पर प्रधान जमील ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस मामले में अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी गई है। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है।

#### बेकाबू बाइक खड़े ट्रक में घुसी, युवक गंभीर घायल

**कासगंज।** सदर कोतवाली के गांव नगला भूड़ के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक में तेज रफ्तार बाइक जा घुसी। जिससे बाइक चला रहे नवीन पुत्र रामेश्वर निवासी गावं इखौना और उसकी पत्नी शिवानी घायल हो गई। घायलों को सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना में नवीन के गंभीर चोटें आयी हैं जबकि पत्नी मामूली रूप से घायल हुई है।

# पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, लोगों ने किया रोड जाम

## पुलिस के समझाने पर डेढ़ घंटे बाद माने लोग, कासगंज-सिकंद्रराऊ मार्ग पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** कासगंज-सिकंद्रराऊ मार्ग पर गांव बढारी वैश्य के समीप एक युवक को पिकअप लोडर वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से युवक की मौके पर मौत हो गई। इस हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने रोड पर जाम लगा दिया और हंगामा करने लगे। इससे कुछ ही देर में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने ग्रामीणों को किसी तरह समझाकर शांत किया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे वाहनों का आवागमन ठप रहा।

कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नसरपुर निवासी मोनू (24) पुत्र प्रेमपाल कासगंज-सिकंद्रराऊ रोड स्थित बढ़ारी चौराहे पर चाय-समोसा की दुकान चलाते थे। वहीं बुधवार रात करीब आठ बजे वह रोड पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार में आए पिकअप लोडर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से मोनू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे। मोनू की लाश देखकर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा व उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी रामवकील सिंह और नदरई चौकी प्रभारी मौके पर जा पहुंचे। ग्रामीणों को काफी समझाया, लेकिन लोग जाम खोलने को तैयार नहीं थे। फिर पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर काफी समझाया। कहीं तब जाकर लोग शांत हुए और जाम खोल दिया। इसके बाद पुलिस ने वाहनों को इधर-उधर हटवाकर संचालन शुरू कराया। इंस्पेक्टर राम वकील ने बताया की परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है।। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।



कासगंज-सिकंद्रराऊ मार्ग पर हुए हादसे के बाद जाम लगाते ग्रामीण। ● अमृत विचार



दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर विलाप करते मृतक मोनू के पिता वीरपाल यादव।



मृतक मोनू।

### भीषण गर्मी में भूख-प्यास से परेशान रहे लोग

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी हो रही है। यह हादसा बुधवार रात करीब आठ बजे हुआ। लगभग डेढ़ घंटे तक लगे जाम से रोड के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। उस वक्त जबरदस्त गर्मी थी। जाम में फंसे वाहनों में सवार लोग भूख-प्यास की वजह से परेशान हो गए। जाम के दौरान वाहनों के आड़े तिरछे घुसने से हालात और बिगड़ गए। जाम खुलने के बाद पुलिस ने बमुश्किल वाहनों को आगे-पीछे कराकर संचालन शुरू कराया। कहीं तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

### चार भाइयों में सबसे बड़ा था मोनू

मोनू के तीन छोटे भाई आशीष, मुरली व अभिषेक हैं। मोनू घर के पालन पोषण में पिता प्रेमपाल की मदद करता था। उसकी मौत से मां विमला और पिता बुरा हाल है।

# जेईई में रचित को मिली 16665वीं रैंक

**कासगंज, अमृत विचार।** छात्र रचित विक्रम सिंह ने आईआईटी की परीक्षा पास कर परिवार और जिले का मान बढ़ाया है। छात्र रचित के पिता जूनियर हाईस्कूल बड़ा गांव कोटरा और मां अनीता यादव जूनियर हाईस्कूल फतेहपुर माफी में सहायक अध्यापक हैं। जेईई एडवांस्ड का परीक्षा फल घोषित होने पर घर में खुशियां छा गई। रचित ने 16665वीं रैंक प्राप्त की है। जबकि ओबीसी में 4071वीं रैंक आई है। रचित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है।



# अब्बास की पैरोल खत्म, कासगंज जेल लाया गया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **पिता मुख्तार अंसारी की प्रार्थना सभा में शामिल होने को मिली थी तीन दिन की पैरोल**

**अमृत विचारः** माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की पैरोल खत्म होने पर गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे उसे गाजीपुर जेल से कासगंज के लिए रवाना किया गया। अब्बास अंसारी को पिता मुख्तार अंसारी की प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तीन दिन की पैरोल मिली थी। वहां से लौटने पर गुरुवार शाम अब्बास को कासगंज जिला जेल में दाखिल कर दिया गया।

अब्बास अंसारी तीन दिन 9, 10 और 11 जून को गाजीपुर में परिवार के साथ रहा। वहां वह पिता की प्रार्थना सभा में शामिल हुआ था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उसे रात में जिला जेल में शिफ्ट कर दिया गया था। अब्बास अंसारी मऊ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से विधायक है। पिछले लगभग डेढ़ साल से कासगंज जेल में बंद है।



अब्बास अंसारी।

### इन मामलों में जेल में बंद है अब्बास

अब्बास अंसारी माफिया मुख्तार अंसारी का बड़ा बेटा है। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में उसने ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में सुभासपा का समाजवादी पार्टी से गठबंधन था। चुनाव प्रचार के दौरान अब्बास का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो एक चुनावी जनसभा में ये कहते दिखाई दे रहा था कि मैंने अखिलेश भैया से बोल दिया है। चुनाव के बाद किसी भी अधिकारी का ट्रांसफर नहीं होगा, पहले सबका हिसाब होगा।अब्बास अंसारी के खिलाफ इस मामले में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। इसके अलावा अब्बास पर गाजीपुर के गजल होटल मामले और एक ही लाइसेंस पर एक से अधिक हथियार खरीदने का भी आरोप है। जेल में पत्नी से अवैध तरीके से मुलाकात करने के आरोप का भी उस पर केस चल रहा है। इनमें से कुछ मामलों में अब्बास अंसारी को राहत मिल चुकी है, लेकिन कुछ मामलों में अब्बास को राहत नहीं मिली है। 28 मार्च को उसके पिता मुख्तार अंसारी की मौत हो गई थी। उसे पिता के जनाजे में शामिल होने की अनुमति नहीं मिल पाई थी, जिसके बाद परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई। तब उसे पिता की प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए तीन दिन की पैरोल सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मिली थी।




# मानक व गुणवत्ता के साथ निबटायें कार्यः डीएम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **कार्य में शिथिलता बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी**
- **जिला स्वच्छता भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक हुई**

**अमृत विचारः** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम ने कहा कि समस्त कार्य मानक और गुणवत्ता के साथ समय बद्धता से पूरे किए जाएं। साथ ही कार्य में शिथिलता बरतने वाले कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक में डीपीआरओ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत आय व्यय का विवरण, व्यक्तिगत का निर्माण, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में प्राप्त एवं व्यय धनराशि का विवरण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत ग्रामों में कराए गये कार्यों की भौतिक प्रगति, ओडीएफ प्लस के ग्रामों की प्रगति का विवरण, गंगा एक्शन प्लान, व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग गोबरधन योजना, वर्ष 2024-25 के चयनित ग्रामों का विवरण, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत तैनात मैनपावर एवं अन्य विवरण पर चर्चा की। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत गत वर्ष में 11972 की द्वितीय किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। नमामि गंगे के तहत गंगा किनारे की 34 ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, जिसके सापेक्ष निर्मित आरआरसी केंद्र की संख्या 194, निर्माणाधीन आरआरसी केंद्र की संख्या 69, ई-रिक्शा क्रय 143, ट्राईसाइकिल 24 है।

जिले की सभी 423 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण पूर्ण कराया जा चुका है। जिन्हें स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संचालित कराने के लिए आवश्यक धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। स्वयं सहायता समूह को 9000 प्रति माह की दर से धनराशि मानदेय एवं अनुरक्षण हेतु भुगतान की जाती है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल, जिला सूचना अधिकारी मिथलेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय आदि अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन की बैठक में डीएम सुधा वर्मा व अन्य अधिकारी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी, 15 को डीएम कासगंज में

**कासगंज, अमृत विचारः** प्रशासन ने डीएम सुधा वर्मा की अध्यक्षता में होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी कर दिया है। इसके अनुसार डीएम की अध्यक्षता में 15 जून को तहसील कासगंज, 06 जुलाई को पटियाली तथा 20 जुलाई को सहावर में, 03 अगस्त को कासगंज तथा 17 अगस्त को तहसील पटियाली में होगा। इसी तरह 07 सितम्बर को तहसील सहावर, 21 सितम्बर को कासगंज में 05 अक्टूबर को पटियाली तथा 19 अक्टूबर को सहावर, 02 नवम्बर को कासगंज तथा 16 नवम्बर पटियाली, 07 दिसम्बर को सहावर, 21 दिसम्बर को कासगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस होगा। सभी जिला स्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

# मांगें नहीं मानीं तो भूख हड़ताल में बदल जाएगा कार्य बहिष्कार

संवाददाता, अमांपुर

- **अमांपुर में सफाई कर्मियों की हड़ताल गुरुवार दूसरे दिन भी रही जारी**
- **कर्मचारियों की हड़ताल के चलते नगर में गंदगी की भरमार, दुर्गंध से लोग परेशान**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत अमांपुर के सफाई कर्मचारी गुरुवार दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर रहे। इस दौरान सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों के हड़ताल पर होने से कस्बे में गंदगी बढ़ती जा रही है। गलियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि जब तक मांगें पूरी नहीं की जाएंगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

धरना-प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष सोनू भंडारी ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन ने नौ सूत्रीय मांगें पूरी नहीं कीं तो हड़ताल जल्द ही भूख हड़ताल में बदल जाएगी। कर्मचारी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि ठेका सफाई कर्मियों को बिना नोटिस दिए हटा दिया गया है। इससे उनके परिवार के सामने भूखे रहने की नौबत आ गई हैं। ठेका सफाई कमियों को सरकार से 410 रुपये रोजाना के हिसाब से भुगतान आता है, लेकिन यह पूरा भुगतान कर्मचारियों को नहीं दिया जाता है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मांगी गई तो इसका खामियाजा नगर पंचायत प्रशासन को भुगतना होगा।

इस दौरान नगर अध्यक्ष अजय बाल्मीकि, केशव बाल्मीकि, नगर उपाध्यक्ष तरुण प्रसाद, अजय कुमार, अनिल कुमार, सफाई नायक दिनेश कुमार, भूरे, ग्रीस, प्रदीप, विष्णु, विनोद, राजवीर, मनोज, मोनू, मुकेश बाल्मीकि, दीपक बाल्मीकि, जयचंद, राजू, रीना, जगदीश, राजेश, राजेन्द्र, लक्ष्मी, विजय, विकास, गौरव, कुसमा देवी, रेनू, अभिषेक, विजय मौजूद रहे।



सफाई न होने से अमांपुर कस्बे में फैला पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार



नगर पंचायत परिसर में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

### समस्या का हल निकाले पालिका प्रशासन



भीषण गर्मी में सफाई न होने से समस्या बढ़ती जा रही है। नगर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। गीले कूड़े से दुर्गंध आने लगी है। नगर पंचायत प्रशासन को हड़ताल खुलवाने के लिए रास्ता निकालना चाहिए।

– शिवम अग्रवाल



नगर पंचायत प्रशासन को सफाई कर्मचारियों से वार्ता करना चाहिए। उनकी जायज मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर उनके समाधान की दिशा में प्रयास करे। जिससे कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो सके। कस्बे के लोगों को गंदगी से मुक्ति मिले।

– वीरपाल यादव

### गंदगी से कस्बे के लोगों में आक्रोश

कस्बे के मोहल्ला शास्त्री नगर, गांधीनगर नगर, जवाहर नगर, राजेंद्र नगर, इन्द्रानगर नगर, आंबेडकर नगर, ददवारा, राजीव नगर, सराफा बाजार, एटा रोड, घंटाघर सहित कस्बे के सभी गली कूचों में कूड़े के ढेर लगे दिखा दे रहे हैं। गंदगी की वजह से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से सफाई कराने की अपील की है।



# खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की
गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306



# बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार

सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।

नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।

डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# सांड़ ने किसान को दौड़ाकर पटका, मौत

## ट्यूबवेल पर भाई को खाना देने जा रहे थे जसवीर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** ट्यूबवेल पर भाई को खाना देने जा रहे किसान को सांड़ ने दौड़ाने के बाद जमीन पर पटककर मार डाला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

धनसिंहपुर निवासी सत्यपाल सिंह का गांव से करीब दो किलोमीटर दूरी पर ट्यूबवेल है। जहां बुधवार शाम उन्हें उनके छोटे भाई जसवीर सिंह (50) खाना देने के लिए जा रहे थे। रास्ते में उन पर अचानक सांड ने हमला कर दिया। उससे बचने के लिए जसवीर भागे, लेकिन सांड़ ने पीछा करके उन्हें जमीन पर पटक दिया। जसवीर की चीख सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने काफी बचाने का प्रयास किया, लेकिन सांड ने जसवीर को जान लेने के बाद ही छोड़ा। सांड़ को भगो के बाद लोगों ने देखा तो की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इसकी खबर मिलते ग्रामीणों के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जसवीर के शव का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजन। ● अमृत विचार


सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें



स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181


# पेस्टीसाइड कंपनी के गोदाम और दफ्तर में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- दीवार में नकब लगाकर घुसे चोर 45 हजार रुपये, कंप्यूटर और पेस्टीसाइड ले गए

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली के गांव पचलाना स्थित एक पेस्टीसाइड कंपनी के गोदाम व कार्यालय में घुसे चोर नगदी व कंप्यूटर सहित लाखों कीमत का माल ले गए हैं। इस मामले में सोरों कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एफपीओ के गठन एवं संवर्धन के तहत सोरों फार्मर फेड प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का सोरों के गांव पचलाना में गोदाम व कार्यालय है। कंपनी को नेशनल एग्रीकल्चर कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। तकनीकी सहयोग बेसिक्स द्वारा दिया जाता है। कंपनी किसानों के हित में एग्री इनपुट का व्यापार करती है। बुधवार रात को दीवार में नकब लगाकर कंपनी के कार्यालय व गोदाम में घुस गए। जहां से चोर डेस्क टॉप, कंप्यूटर, प्रिंटर, सीपीयू, होमथ्रेटर, इन्वर्टर, बैट्री, पेस्टी साइड और 45 हजार की नगदी सहित लगभग दो लाख 55 हजार रुपये कीमत का माल ले गए। इस घटना की जानकारी गुरुवार सुबह को हुई। कंपनी के मानपाल सिंह ने सोरों कोतवाली में अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूचना प्रबंध निदेशक नेफेड को भी प्रेषित कर दी गई है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर नियमुनसार कार्रवाई की जा रही है।


प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


## लावारिस वाहनों का निस्तारण नियमानुसार करें



**कासगंज।** पुलिस कार्यालय में जिले के सभी थानों के हेड मोहर्रिर की बैठक कर एसपी ने माल निस्तारण की समीक्षा की। लंबित मालों का निस्तारण में नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही वर्ष बार सफाई के साथ मालखाने में माल रखने को कहा। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि हेड मोहर्रिर की थाने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करना चाहिए। एसपी ने कहा कि लावारिस वाहनों का निस्तारण नियमानुसार कराया जाए। साथ ही माल-मुकदमा के भी निस्तारण की विधि संबत प्रक्रिया पूरी करें। अभिलेखों का रख-रखाव बेहतर तरीके से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हैडमोहर्रिर अपने कर्तव्यों के पालन में ढिलाई न बरतें। थाना परिसर में सफाई का विशेष ध्यान दें। कासगंज, सोरों, ढोलना, अमांपुर, सहावर, गंजडुंडवारा, सुन्नगढ़ी, पटियाली, सिकंदरपुर वैश्य, सिढ़पुरा, महिल थाने के हैडमोहर्रिर मौजूद रहे।

## परशुराम संवाद व श्रीराम-सीता विवाह का वृतांत सुनाया



**कासगंज।** मां भद्रकाली शक्तिपीठ धाम ब्रह्मपुरी में रामचरित मानस के अखंड पाठ की 108 शृंखला पूरी होने पर रामकथा का आयोजन किया गया। रामकथा में कथा वाचक ने व्यासपीठ से परशुराम संवाद और राम सीता विवाह का वृतांत सुनाया। कथा सुन श्रोता हर्षित हुए। पंडाल में जयश्रीराम के स्वर गूंजते रहे। व्यासपीठ से श्रीराम कथा का वाचन करते हुए कथा वाचक प्रेममूर्ति पंकज मिश्रा ने कहा कि बेटी की विदा के समय बेटी सबसे बाद में पिता से मिलती है। वह क्षण कोई पिता बिना आंसुओ के विदाई कर आशीर्वाद देने का साहस नही कर सका है। कथा वाचक ने परशुराम संवाद का वृतांत सुनाते हुए कहा कि वह परशुराम को भगवान श्रीराम ने यह कहकर शांत कर दिया नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा। प्रसाद वितरण किया गया। युवा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष अमित उपाध्याय, रामकुमार शर्मा, नमन भारद्वाज, सत्य नारायण, सतीश चंद्र, टिंकू बाबू, अनुज कुमार, अनल मिश्र, अवन मिश्र, दीपक पचौरी, संतोष उपाध्याय, दिनेश कुमार, बिल्लू पंडित, अनुपम त्रिपाठी, प्रमोद मिश्र, नीतेश भारद्वाज, कृष्ण कांत भारद्वाज, सिद्धांत सहित बड़ी संख्या रामकथा प्रेमी मौजूद रहे।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत

**सोरों जी।** कोतवाली के गांव दत्तलाना में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गईं। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिला बदायूं के गांव उसावां निवासी मीरा देवी ने अपनी पुत्री छाया का विवाह सोरों कोतवाली के गांव दत्तलाना निवासी भगवान सिंह के साथ किया था। गुरुवार को संदिग्ध परिस्तिथियों मे छाया की मौत हो गई। इसकी जानकारी उसावां में उसकी मां को मिली तो वह परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंच गई। मां ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए छाया को जहर देकर मारने का आरोप लगाया और सूचना कोतवाली पुलिस को दी। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। परिजनों और ग्रामीणों से घटना के बारे में पूछताछ की। इंस्पेक्टर ने बताया की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी



साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# शिकायत से बौखलाए दबंगों ने ई-रिक्शा चालक को पीटा

**सोरों, अमृत विचारः** डीएम-एसपी से शिकायत करने पर बौखलाए दबंगों ने एक ई-रिक्शा चालक की जमकर पिटाई कर दी। लहूलुहान हालत में ई-रिक्शा चालक को एसपी कार्यालय दोबारा ले जाया गया। एसपी के आदेश पर सोरों पुलिस ने घायल ई-रिक्शा चालक को सोरों सीएचसी में भर्ती करा दिया।

सोरों कस्बा के ई-रिक्शा चालकों ने दो दिन पहले कस्बे के रहने वाले राहुल ठेकेदार व सुदर्शन ठेकेदार के खिलाफ डीएम-एसपी से शिकायत की थी। ई-रिक्शा चालकों का आरोप है कि दबंग उनके साथ मारपीट करते हैं। उनके ई-रिक्शा नहीं चलने देते। सवारियां भरकर ले जाने पर कई बार मारपीट कर चुके हैं। आरोप है कि शिकायत से बौखलाए दबंग ठेकेदारों ने ई-रिक्शा चालक मनोज पुत्र हरीशंकर निवासी चंदन चौक को उस समय घेर लिया जब वह सोरों वराह घाट पर सवारियां छोड़ने गया। जहां दोनों ने उसे पीटकर लहूलुहान कर दिया। पता लगने पर ई-रिक्शा चालक एकत्रित हो गए एसपी अपर्णा रजत कौशिक से जाकर मिले। एसपी ने घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराया। साथ ही दोनों दबंगों के खिलाफ सोरों पुलिस को कार्रवाई करने को कहा है।

# मैनपुरी के युवक का शव पेड़ पर लटका मिला, हत्या का आरोप

## परिजन बोले- रिश्तेदारी में जाने को कहकर घर से ले गया था दोस्त

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** जनपद मैनपुरी के रहने वाले एक युवक का शव बुधवार रात पेड़ पर लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंच गई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप उसके दोस्त पर लगाया है।

जनपद मैनपुरी के कुरावली थाना क्षेत्र के ग्राम धरैंदा निवासी मोनू यादव (24) पुत्र संतोष कुमार यादव का शव बुधवार देर शाम रिजोर इलाके के गांव गोपालपुर निवासी गोपाल सिंह के खेत में खड़े बकायन के पेड़ पर लटका मिला। यहां को लोगों ने फौरन इसकी सूचना तत्पश्चात रिजोर थाना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। युवक की शिनाख्त होने पर परिजनों को अवगत कराया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मोनू ट्रक चालक था। उसे दोस्त रिजोर थाना क्षेत्र के गांव नगला कन्होली रिश्तेदारी में जाने की कहकर अपने साथ ले गया था। परिजनों का कहना है कि मोनू की हत्या की गई है। उसकी बाइक घटनास्थल पर ही पड़ी मिली है। पुलिस ने आरोपी दोस्त की तलाश की तो वह परिजनों के साथ लापता हो चुका था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

### युवक ने घर में पंखे से लटककर जान दी

अवागढ़, अमृत विचार : ग्राम निजामपुर में एक युवक ने गृहक्लेश के चलते घर में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव लटका देखा तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकाला। निजामपुर निवासी पुष्पेन्द्र कुमार (24) पुत्र होरीलाल ने बुधवार रात में किसी समय कमरे में बंद होकर अंदर से कुंडी बंद करने के बाद पंखे पर लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों को इसकी जानकारी गुरुवार सुबह जागने पर हुई। छोटे भाई विक्रम सिंह ने 112 नंबर पर सूचना दी। गुरुवार सुबह 3:57 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## खाटू श्याम से लौटते समय हादसे में तीन की मौत

**गुन्नौर, अमृत विचार :** खाटू श्याम के दर्शन कर लौट रहे गुन्नौर के परिवार की कार को जयपुर में ट्रक ने रौंद डाला। हादसे में बबराला निवासी युवक के साथ ही उसकी बेटी व साले की दर्दनाक मौत हो गई। युवक की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हुई है। कस्बे के मोहल्ला सराय निवासी डॉ. रघुवीर सिंह का 34 वर्षीय पुत्र अंकित कुशवाहा नोएडा में किसी कंपनी में नौकरी करता था। वह अपनी पत्नी रिंकी, पुत्री देवकी और साले हाथरस निवासी रवि के साथ कार से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटूश्याम के दर्शन करने गया था। बुधवार को परिवार के लोग कार से वापस लौट रहे थे। रात करीब साढे 12 बजे जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के रायसल थाना इलाके के बाकी माता कट पर सामने आ रहे ट्रक से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में अंकित कुशवाहा, पुत्री देवकी व साले हाथरस निवासी रवि की मौत हो गई।

## आपसी विवाद में पति ने मारीं पत्नी को तीन गोलियां, गंभीर

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** आपसी विवाद में पति ने पत्नी को तीन गोलियां मारीं। दो गोली महिला के हाथ में और एक पेट में लगी। गंभीर हालत में महिला को आगरा रेफर किया गया है। आरोपी पति पुलिस की हिरासत में है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम खेरियाकलां निवासी अशोक कुमार व उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया था। तभी अशोक ने पत्नी को तीन गोलियां मार दीं। दो गोलियां महिला के हाथ और एक पेट में लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अशोक को हिरासत में ले लिया। उसकी पत्नी को आगरा के लिए रेफर किया गया है। एएसपी धनंजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि आपस में विवाद के बाद पति ने पत्नी को


गोली लगने से घायल महिला से अस्पताल में पूछताछ करती पुलिस।

गोली मारी है। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार अभी महिला की हालत स्थिर है। मामले की जांच की जा रही है।

कोतवाली देहात इंस्पेक्टर निर्दोष सिंह सिकरवार ने बताया कि महिला को उसके पति अशोक द्वारा घरेलू कलह से चलते तीन गोलियां मारी गईं।

## सार-संक्षेप

### हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर कंटेनर जला



एटा। मलावन थाना क्षेत्र में गुरुवार को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक कंटेनर जल गया। कंटेनर में भरा सारा सामान राख हो गया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा। मलावन थाना क्षेत्र के जवाहर तापीय प्लांट में सामान लेकर जा रहा था। तभी सामान से भरा कैंटर हाईटेंशन लाइन की चपेट आ जाने से धू-धूकर जलने लगा। चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। कैंटर में आग लगने के बाद अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। मगर तब तक कैंटर व उसमें लदा सामान जल गया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

### फैंसी ड्रेस शो में मनसवी धूपड़ ने जीता प्रथम पुरस्कार



**कासगंज।** महेश नवमी महोत्सव के तहत बुधवार शाम गंगा देवी माहेश्वरी भवन में सशक्त नारी माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। फैंसी ड्रेस शो में मनसवी धूपड़ ने प्रथम पुरस्कार जीता। कार्यक्रम संस्था संस्थापक प्रतिभा रेदड़ व अन्य अतिथियों ने भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर आरंभ किया। इस दौरान संगठन की बहनों ने सरस्वती वंदना गायी। स्वागत गीत गाया गया। एक से चार वर्ष के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस शो, छह से 10 वर्ष के बच्चों के लिए वन मिनट शो, पांच से सात वर्ष तक बच्चों के लिए जंपिंग, आठ से 12 वर्ष के तक बच्चों के लिए वैलून गेम एवं रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। फैंसी ड्रेस शो में मनसवी धूपड़ ने बिल्ली बनकर प्रथम पुरस्कार जीता। प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

### धोखाधड़ी कर 90 हजार रुपए निकाले

**अलीगंज।** साइबर थाने में अर्जुन पुत्र प्रसादीलाल निवासी मोहल्ला गोविंददास अलीगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। अर्जुन ने बताया है कि उसके क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी करके करीब नौ लाख रुपये निकाल लिए। इसकी जानकारी होने पर उसने बैंक में पता किया गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद को गालियां देने पर रिपोर्ट दर्ज

**मिरहची।** भारतीय युवा मोर्चा के जिला मंत्री अतुल कुमार सिकरवार ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। बताया है कि शिवकुमार फेसबुक आईडी से उसके फेसबुक एकाउंट पर पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल कल्याण सिंह के बेटे और निवर्तमान सांसद राजवीर सिंह के प्रति गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी का मैसेज भेजा गया। तहरीर पर मिरहची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम पंचायत सचिवालय से सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**एटा।** बागवाला थाने में आरती पत्नी लीलाधर निवासी ओन बागवाला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार ओन पर बने ग्राम पंचायत सचिवालय से अज्ञात चोर दो बैटरी, इन्वेटर, स्टेवलाइजर, कैमरा की डीवीआर, एलसीडी आदि ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया है।

### डायरिया ने बुजुर्ग की जान ली

**एटा।** भीषण गर्मी डायरिया जानलेवा बन गया है। मेडिकल कॉलेज में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। किसान संतोष कुमार (58) निवासी होरची थाना निधौलीकलां को तीन दिन से उल्टी दस्त आ रहे थे। निजी चिकित्सक की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। हालत ज्यादा खराब होने पर परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### पिकअप और ट्रैक्टर के बीच फंसे युवक की मौत

**एटा।** कोतवाली देहात क्षेत्र में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया है कि क्षेत्र के गांव नगला मांची निवासी भोजराज सिंह पुत्र घनश्याम सिंह गुरुवार को गांव में मौजूद था। भाई करन सिंह ने बताया कि भोजराज सिंह मैक्स पिकअप और ट्रैक्टर के बीच में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शादी का झांसा देकर सिपाही ने किया दुष्कर्म

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र की एक छात्रा को शादी का झांसा देकर कासगंज में तैनात सिपाही ने दुष्कर्म किया। दबाव बनाने पर शादी करने से इन्कार कर दिया। आरोप है कि इस बीच उसने दूसरी युवती से शादी कर ली। छात्रा ने विरोध किया तो उसके अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने गुरुवार को एसएसपी कार्यालय में मामले की शिकायत की है। कैंट क्षेत्र की रहने वाली 22 वर्षीया पीड़िता का आरोप है कि वह बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। तीन साल पहले उसकी मुलाकात कासगंज निवासी युवक से एक शादी समारोह में हुई थी। युवक ने उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की।

## निरोगी रहने को नियमित योगाभ्यास करना जरूरी


शहर के लक्ष्मीगंज स्थित शगुन वाटिका में योगाभ्यास करतीं महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- योगाचार्य ने साधकों को नियमित रूप से योग करने की दी सलाह
- शिविर के दूसरे योग शिक्षकों ने योगाभ्यास कराया

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब की ओर से 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन शहर के लक्ष्मीगंज स्थित शगुन वाटिका में किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को योग शिक्षक ने विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया। निरोगी रहने के लिए नियमित रूप योग करते रहने की सलाह दी।

योगाचार्य जेसी चतुर्वेदी ने कहा कि योग एक साधना है और इसे एकाग्र चित होकर करना चाहिए। तनाव रहित होकर योग करने के परिणाम बेहतर होते है। उन्होंने कहा कि निरोगी रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से योग करना चाहिए। योग शिक्षक हिमांशू अग्रवाल ने बताया कि यह शिविर 21 जून तक लगेगा। सुबह सवा पांच से सात बजे तक इस योग शिविर में पहुंचकर निरोग रहने की कला लोग सीख सकते हैं। योग शिक्षकों ने साधकों के प्रश्नों का भी जवाब दिया।

शिविर में शिवेश कुमार सिंह, संदीप गुप्ता, सचिन बिड़ला, दीपू अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, डब्बू वार्ष्णेय, सौरभ अग्रवाल, जयंत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गंगा में नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से किशोर डूबा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** थाना सिकंदरपुर वैश्य में सुल्तानपुर के पास गंगा नहाने गए 16 वर्षीय किशोर की गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई। कई घंटों के प्रयास के बाद देर शाम किशोर का शव गंगा से मिला है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

थाना सिकंदपुर वैश्य के गांव सुल्तानपुर निवासी सुनील का 16 वर्षीय पुत्र योगेश गुरुवार शाम लगभग चार बजे गांव के समीप से होकर बह रही गंगा नदी में स्नान करने गया था। वहां स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया, जिससे डूबने लगा। उसके चिल्लाने पर गंगा में स्नान कर रहे लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। कुछ ही देर में सुनील गहरे में पानी में लापता हो गया। घटना


ग्रामीणों से हादसे के बारे में जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

- गोताखोरों ने कई घंटे तलाशने के बाद निकाला शव, परिवार में मचा कोहराम

की जानकारी परिजनों को मिली ग्रामीणों समेत मौके पर जा पहुंचे। गोताखोरों के माध्यम से गंगा में योगेश की तलाश शुरू कराई। इस बीच सूचना मिलने पर थाना सिकंदपुर वैश्य पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। देर शाम गोताखोरों ने योगेश का शव तलाशने के बाद बाहर निकाला। पटियाली सीओ विजय कुमार राणा ने बताया कि 16 वर्षीय किशोर की गंगा में डूबकर मौत हुई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार किया है। पंचनामा के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया है।

### राशन की कालाबाजारी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

मारहरा। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मारहरा प्रियम पाण्डेय ने बताया है कि हयातपुर माफी कोटा डीलर रामवती पत्नी रामप्रसाद समेत दो लोगों ने अन्त्योदय लाभार्थियों से ई-कॉम मशीन में अंगूठा तो लगवा लिए, लेकिन राशन नहीं दिया। इस प्रकार बचाए गए राशन की गाली बाजारी कर दी गई। उनकी तहरीर पर पुलिस ने कोटेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रधानमंत्री ने रामनाथ ठाकुर को मंत्री बनाकर समाज का मान बढ़ाया


रामनाथ ठाकुर के कृषि मंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त करते कर्पूरी ठाकुर मंच के पदाधिकारी।

संवाददाता, एटा

- कर्पूरी ठाकुर विचार मंच के पदाधिकारियों ने मिठाई वितरित कर हर्ष जताया

**अमृत विचार:** पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर को केंद्र में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री बनाए जाने पर लोगों ने नगर के जीटी रोड स्थित शहीद पार्क में मिष्ठान वितरण किया।

कर्पूरी ठाकुर विचार मंच के प्रदेश संयोजक विक्रांत माधौरिया ने कहा कि केन्द्र सरकार में जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर समाज को बहुत बड़ा सम्मान दिया। इसके बाद उनके पुत्र रामनाथ ठाकुर को केन्द्र में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री बनाकर समाज का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। भाजपा ब्रज क्षेत्र के मीडिया प्रभारी विक्रान्त माधौरिया ने कहा कि आज सविता-संन, नंद समाज राजनैतिक लड़ाई लड़ रहा है। इस समय उत्तर प्रदेश के अन्दर राजनैतिक भागीदारी शून्य है। क्योंकि प्रदेश में न तो कोई समाज का मंत्री है, और ना ही कोई राज्यसभा सांसद, विधायक, सांसद है। किसी भी पार्टी में कोई अच्छे पद पर भी नहीं है। इसलिए हमें अभी आगे और राजनीतिक संघर्ष की आवश्यकता है। इनमें कैलाश चन्द्र सविता, रजत किशन माथुर एडवोकेट, संजीव कुमार श्रीवास्तव (नाल वाले), अरविन्द कुमार राजौरिया, वीरेन्द्र कुमार सविता, कैलाश सविता, राजा श्रीवास्तव, राम किशन माथुर, फेरू सिंह सविता, जयवीर सविता (बैंक वाले), अमित मथुरिया, अनुज मथुरिया, अजय माधौरिया, नबल किशोर सविता, राघवेन्द्र सविता (प्रधानाचार्य), अजय सविता, रामप्रकाश सविता, मुकेश सविता, किशोरी लाल सविता, रामकिशोर सविता, शेखर सविता, सुमन कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तकदीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरु अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

## पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार का इनामी दबोचा

संवाददाता, अवागढ़

- पुलिस की गोली पैर में लगने से बदमाश घायल

**अमृत विचार:** थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार के इनामी भैंस चोर रफीक को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया, जिससे उसे मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया है। उसके कब्जे से तमंचा और एक बाइक बरामद हुई।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि अवागढ़ के गांव नगला गरीब निवासी केशव कुमार ने एक फरवरी को अपनी तीन भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं, सकरौली क्षेत्र के लालपुर निवासी जुगेन्द्र ने दो भैंस चोरी होना बताया था। पुलिस जांच के दौरान भैंस चोरी में रफीक का नाम सामने आया था। फरार होने पर उस पर


इनामी रफीक से पूछताछ करने मेडिकल कॉलेज पहुंचे एसएसपी राजेश कुमार सिंह।

25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

बुधवार रात अवागढ़ के किला बाईपास रोड स्थित टयूबवेल के पास एक बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस दौरान रफीक पुत्र अहमद बंजारा निवासी नदरई हाल पता रोहिंदा मीरपुर थाना अरनिया जिला बुलंदशहर के पैर में गोली लगी, जिससे वह गिर गया। तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसका एक संगठित गिरोह है, जिसका मुखिया छोटेलाल निवासी आलोक नगर है। रैकी के बाद भैंस उसे आसानी से खोलने के लिए मिल जाती है। भैंस को खूंटे से खोलकर किसी अन्य निर्जन स्थान पर बांध देता है।

जब दो-तीन भैंस इकट्ठी हो जाती हैं तो फोन करके अपने अन्य साथियों को गाड़ी सहित बुला लेता है। उसने पशु चोरी, लूट, डकैती, चोरी आदि जघन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। उन्होंने कासगंज, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा आदि जनपदों में इस प्रकार की आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। रफीक के खिलाफ अलग-अलग थानों में विभिन्न धाराओं के 28 मुकदमे दर्ज हैं।

## रेलवे चलाएगा जोधपुर मऊ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक ट्रेन

**कासगंज, अमृत विचार :** रेलवे बोर्ड द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर, मऊ -जोधपुर विशेष ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह गाड़ी जोधपुर से 15 से 29 जून को प्रत्येक शनिवार एवं मऊ से 17 जून से एक जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को चलाई जाएगी। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल डीआरएम के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 04823 जोधपुर-मऊ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी 15 से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को जोधपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर कासगंज स्टेशन 06.05 बजे पहुंचेगी। यहां से फर्रुखाबाद होकर शनिवार को मऊ 23.20 बजे पहुचेगी। 04824 मऊ-जोधपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी 17 जून से 01 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को मऊ से 04.00 बजे प्रस्थान करेगी।

## रक्तदान कर जरूरतमंदों की बचाएं जान

विश्व रक्तदान दिवस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- रक्तदान करने से शरीर में आती है स्फूर्ति
- खून के अभाव में तमाम लोगों की चली जाती है जान

**अमृत विचार:** आप के खून की एक बूंद किसी को जीवनदान दे सकती है। रक्तदान से केवल जरूरतमंद जीवन दान नहीं मिलता, बल्कि रक्तदान करने वाले की सेहत भी बेहतर रहती है। इससे हर किसी को रक्तदान करना चाहिए। इसके लिए विश्व रक्तदान दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है।

जिले में तमाम लोग समय-समय पर रक्तदान करके समाजसेवा की मिसाल पेश करते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि भ्रांतियों से बचकर रक्तदान करने से नहीं झिझकना चाहिए। क्योंकि आपका एक यूनिट ब्लड किसी के परिवार की खुशियां लौटा सकता है।




रक्तदान करने से नए ब्लड सेल बनते हैं। इससे रक्तदाताओं में स्फूर्ति आती है। रक्तदान करने से 30 दिन के अंदर नए सेल बनने लगते हैं। इससे सेहत दुरुस्त रहती है। **- डा. संजीव सक्सेना**, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक



रक्तदान करने से दिल की बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। इसलिए रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि स्वयं के स्वास्थ्य को भी खतरा कम होता है। **- डा. अनुपम**



रक्तदान सबसे बड़ी समाज सेवा है। लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। तभी सही मायने में समाज सेवा कर पाएंगे। **-गोपाल माहेश्वरी**, समाजसेवा



रक्तदान को लेकर तमाम भ्रांतियां रहती हैं। हमें इनसे बचना चाहिए। जब तक हम भ्रम से दूर नहीं निकलेंगे तब तक सेवा के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पाएंगे। **- किशन शक्वी**, समाजसेवी

## डबल डेकर बसें लगा रहीं विभाग को राजस्व का चूना

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** डबल डेकर बसें रोडवेज के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। इन बसों में सवारियों को भरकर तेज गति से दौड़ते हैं जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। बस संचालक विभाग को राजस्व का चूना लगा रहे हैं।

नवादा पुलिस चौकी से पुरानी चुंगी तक डबल डेकर बसें खड़ी की जाती हैं। यहां पर अवैध स्टैंड बना हुआ है। जहां से हर रोज दिल्ली, जयपुर, चंडीगढ़ हिमाचल, पंजाब को बसें दौड़ती हैं। यह लोग बाकायदा कंप्यूटराइज़ टिकट देकर यात्रा कराते हैं। ये बसें बिना परमिट के चल रही हैं। इन्हें रोकने की


रोड पर डबल डेकर बस में सामान रख रहा चालक।

जहमत भी जिम्मेदार नहीं उठा रहा है। स्थानीय पुलिस इस मामले में बात करने से कतराती है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल अंकतालिका रोल नं.-0907865 क्रमांक संख्या-29001365 एस. आर. संख्या -1686365 वर्ष 2019 एवं इण्टरमीडिएट अंकतालिका रोल नं.-215765323 क्रमांक संख्या-00001388 एस.एस. संख्या-0838613 वर्ष 2021 के मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले। **जिज्ञान्शु कुमार पुत्र सन्तोष कुमार निवासी मोहल्ला छोटा खुदागंज थाना कोतवाली शहर पीलीभीत।**

सूचना
मैने अपने पुत्र तंजीम खान उर्फ तालिब को दिनाक 16 मार्च 2023 को गलत चाल चलन के कारण उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का मुझ से व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **तौफीक पुत्र आशिक अली ग्राम मऊ शाहजहांपुर थाना अल्लाहगंज तहसील जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शमशाद व उसकी पत्नी साहिबा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मुन्नी पत्नी स्व. फरियाद निवासी दुनका थाना शाही जिला बरेली। हाल निवासी बिहारमान नगला, थाना इज्जतनगर, बरेली।**

सूचना
सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गिधौर ब्लॉक अमरिया में आम के पेड़ -5 सीसम एक पेड़ कमरक का एक पेड़ है जो कि पानी टंकी निर्माण में बाधक है जो भी खरीदार हो वह इस फोन नं. पर सम्पर्क करें-
8009416892
सुशील रावत
9761384729
उपासना-ग्राम प्रधान

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# तीनों डॉक्टर क्यों गए कॉलेज की छत पर, होगी जांच


## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज गठित करेगा जांच कमेटी, कैमरे में तीनों डॉक्टर कैद, डॉ. दीक्षा दिख रहीं छिपकर अंदर जाते

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर/बरेली**

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज की छत पर डॉ. दीक्षा तिवारी और उनके दोनों साथी डॉ. हिमांशु और डॉ. मयंक कैसे और क्यों गए, इसकी जांच पुलिस और जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की टीम भी करेगी। कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी ने विभागीय जांच के लिए कमेटी गठन करने की बात कही है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल की छत से गिरकर बरेली निवासी डॉ. दीक्षा तिवारी की मौत हो गई। डॉ. दीक्षा कॉलेज में वर्ष 2018 बैच की पैरा एम-टू की छात्रा थी। डॉ. दीक्षा ने वर्ष 2023 में एमबीबीएस उत्तीर्ण करने के बाद वर्ष 2024 में इंटर्नशिप यहीं से की थी।

मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे पुलिस को कॉलेज के परीक्षा भवन की छत से एक छात्रा के गिरने की सूचना मिली। पुलिस और डॉ.दीक्षा के साथी उन्हें लेकर इमरजेंसी पहुंचे थे, जहां उनकी मौत हो गई। जानकारी करने पर पता चला है कि डॉ. दीक्षा कॉलेज के हॉस्टल या परिसर में नहीं रहती थीं और न ही डॉ. हिमांशु और डॉ. मयंक कॉलेज परिसर में रहते थे। रात को वह कॉलेज में कैसे पहुंचे और छत पर क्यों गए, इस संबंध में जांच के लिए विभागीय कमेटी गठित की जाएगी। इन तीनों डॉक्टरों ने कॉलेज कैंपस में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया था। मेडिकल कॉलेज परिसर में कई कैमरे लगे हैं। सीसीटीवी फुटेज में डॉ. दीक्षा अपने साथी डॉ. हिमांशु और डॉ. मयंक के साथ परीक्षा भवन में छिपकर अंदर जाते हुए नजर आ रही हैं।



मेडिकल कॉलेज की छत से गिरकर हुई डॉक्टर की संदिग्ध मौत।

### सुरेश शर्मा नगर स्थित घर पर सिर्फ दादी मौजूद, हादसे की भनक नहीं

मूलरूप से जसवंत नगर इटावा के गांव अजनौरा निवासी रघुवीर तिवारी सेना में मेजर के पद पर तैनात रहे। उन्होंने सुरेश शर्मा नगर में मकान बनवा लिया था। उनके निधन के बाद से उनके बड़े बेटे प्रदीप तिवारी प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार करने लगे। साथ ही यहां पर अपनी पत्नी अनीता, पुणे में इंजीनियर बेटे मयंक तिवारी और 24 वर्षीय इकलौती बेटी दीक्षा तिवारी और मां सावित्री के साथ रह रहे हैं। हादसे की खबर मिलते ही पूरा परिवार रिश्तेदारों के साथ कानपुर निकल गया। घर में सिर्फ सावित्री देवी मौजूद हैं, जिन्हें हादसे की जानकारी भी नहीं दी गई है।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक डॉक्टर के परिजन।

## महिला डॉक्टर के शरीर पर मिलीं 36 से ज्यादा चोटें

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर।** बरेली निवासी एमबीबीएस डॉ. दीक्षा तिवारी की मेडिकल कॉलेज के परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल की डक्ट में गिरने से संदिग्ध हालात में हुई मौत के बाद गुरुवार रात उनके शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉ. दीक्षा के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटें मिलीं हैं। शरीर के अंदर और बाहर गहरे जख्म मिले।

- **पोस्टमार्टम में आंतरिक रक्तस्त्राव से मौत की पुष्टि, अल्कोहल भी मिला**
- **दुष्कर्म की आशंका की जांच को लेकर बनाई गई स्लाइड**

दुष्कर्म की आशंका को लेकर स्लाइड बनाई गई। विसरा सुरक्षित किया गया और पेट में अल्कोहल मिलने की पुष्टि हुई। पैनल और वीडियोग्राफी में हुए पोस्टमार्टम में आंतरिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है। पसलियां टूटकर हार्ट और लिवर में घुस गईं। दीक्षा की मौत के बाद परिजन और उनके रिश्तेदार एक बार घटनास्थल को देखना चाहते थे। घटनास्थल पर और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग के लिए स्वरूपनगर थाने में दिनभर परिजनों और रिश्तेदारों की भीड़ लगी रही। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में भी लोग मौजूद रहे। शव को ले जाने के दौरान कई जेआर और उसके बैचमेट फूट-फूटकर रोये।



मृतक दीक्षा के पिता प्रदीप तिवारी से बातचीत करते एडिशनल सीपी हरीश चंद्र।

### दोनों डॉक्टर अच्छे दोस्त थे

एडिशनल सीपी हरीश चंद्र ने घटनास्थल पर मौजूद पिता को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दो साथी डॉक्टर हिरासत में हैं उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। परिवार से बात करने के बाद सामने आया कि दोनों साथी डॉ. दीक्षा के परिवार के भी टच में हैं और सब अच्छे परिचित हैं। घर आना-जाना भी था। बताया कि फोरेंसिक टीम ने शव पर आई चोट और स्पॉट की जांच की है।

## फूट-फूटकर रोये माता-पिता, बोलने से कतराते दिखे डॉक्टर

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** स्वरूप नगर पुलिस ने बुधवार देर रात करीब 2 बजे जब घटना की सूचना एमबीबीएस डॉक्टर दीक्षा के पिता प्रदीप तिवारी को दी तो उनके हाथ से मोबाइल छूट गया। उन्होंने हिम्मत जुटाकर जानकारी पत्नी अनीता उर्फ रेनू को दी। वह भी रोने लगीं। उन लोगों ने भाइयों और नाते रिश्तेदारों को जानकारी दी और कानपुर के लिए निकल पड़े।

सभी लोग मेडिकल कॉलेज स्थित घटनास्थल परीक्षा भवन पहुंचे। कुछ ही देर में मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की भी भीड़ लगने लगी। दोपहर में दीक्षा के ज्यादातर रिश्तेदार पहुंच गए। माता-पिता बेटी को यादकर फूट-फूटकर रोने लगे। जेआर कुछ भी बोलने से कतराते हुए कटते नजर आए।

स्वरूप नगर पुलिस के अनुसार डॉ. मयंक और डॉ. हिमांशु से पूछताछ की गई तो उन लोगों ने बताया कि बुधवार रात फाइनल ईयर की पार्टी हुई थी। पहले उन लोगों ने आर्य नगर में पार्टी की। इसके बाद देर रात पांच मंजिला बिल्डिंग परीक्षा भवन पहुंचे। डॉक्टरों ने बताया कि छत पर पहुंचने के बाद उन लोगों ने पार्टी की। दीक्षा बात करते हुए छत पर बने डक्ट की दीवार पर बैठ गई। यहां संतुलन बिगड़ने से वह स्लैब पर गिरी और सीधे नीचे चली गई। वहीं, फुफेरे भाई गौरव ने आरोप लगाया कि पुलिस की कहानी पूरी फिल्मी है। कहा कि छत पर पैरों के घसीटने के निशान मिले हैं। बहन के पैरों में चप्पल थी। पूरा संदेह है कि साथियों ने उसे डक्ट में अंदर धक्का देकर हत्या कर दी।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक छात्रा मां।

### दादी पड़ोसियों से बार-बार पूछ रहीं थीं जाने का कारण

पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि डॉ. दीक्षा की दादी सावित्री घर में अकेली हैं। हादसे की जानकारी होने के बाद पूरा परिवार कानपुर गया है। ऐसे में कुछ अनहोनी की आशंका से सावित्री पड़ोसियों से बार-बार सभी के अचानक जाने का कारण पूछ रही हैं। जबकि, पड़ोसी हर बार यही कह कर टाल दे रहे हैं कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### डॉक्टर ने चेहरा देखकर किया अंतिम दर्शन

गुरुवार रात पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन जब निजी वाहन से दीक्षा के शव को बरेली ले जा रहे थे तो गोल चौराहे के किनारे गाड़ी को परिजनों ने रुकवा दिया। कुछ ही समय बाद स्वरूप नगर पुलिस डॉ. हिमांशु को हिरासत में जीप से लेकर वहां पहुंची। इसके बाद दीक्षा के चेहरे को खोलकर डॉ. हिमांशु को दिखाया गया। जिसके बाद वह फूट-फूटकर रोने लगा।

## प्रत्येक वर्ष पकड़ा जा रहा 200 किलो से ज्यादा तस्करी का सोना

**अमृत विचार, लखनऊ:** हवाई और सड़क मार्ग से तस्करी करके लाया जा रहा अधिकांश सोना प्रदेश के पांच शहरों में खप रहा है। सोने की तस्करी की रोकथाम करने वाली केंद्रीय एजेंसी राजस्व आसूचा निदेशालय (डीआरआई) ने तस्करों का नया रूट मैप तैयार किया तो यह जानकारी सामने आई। एजेंसी तस्करी के सोने के खरीदारों की सूची तैयार कर रही है। डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक हर साल 200 किलो से ज्यादा सोना पकड़ा जा रहा है। इसकी मौजूदा बाजार कीमत 144 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इस साल चुनाव आचार संहिता की सख्ती के बावजूद अप्रैल तक कस्टम और डीआरआई ने 58 किलो सोना जब्त किया। अधिकारियों के मुताबिक लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर व वाराणसी में तस्करी का सोना सबसे ज्यादा खपाया जा रहा है।

डीआरआई की लखनऊ इकाई व कस्टम विभाग ने चार साल में 684 किलो तस्करी का सोना जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत 492.48 करोड़ रुपये है।

## 16 को 18046 अभ्यर्थी देंगे यूपीएससी परीक्षा



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

**बरेली कार्यालय**

- **बरेली के अलावा शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत के अफसरों की ड्यूटी लगाई जाएगी**
- **41 केंद्रों पर होगी परीक्षा, मंडलायुक्त ने परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा बैठक की**

**अमृत विचार :** यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) की 16 जून को (प्रारंभिक) परीक्षा होगी। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कमिश्नरी में मंडल के सभी जिलों के प्रशासनिक अफसरों के साथ बैठक कर परीक्षा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के आदेश दिए।

परीक्षा शहर के 41 केंद्रों पर दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9.30 से 11.30 और दूसरी पाली 2.30 से 4.30 बजे होगी। परीक्षा में 18046 अभ्यर्थी बैठेंगे। इसमें मंडल के बरेली के अलावा शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत के प्रशासनिक अफसरों की ड्यूटी लगाई जाएगी। बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे चालू रहें। किसी भी हाल में परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच समेत कोई इलेक्ट्रॉनिक गजट ले जाना प्रतिबंधित है। परीक्षा कक्षों में बिजली की पर्याप्त व्यवस्था रहे और जनरेटर भी तैयार रखें। बताया कि सिटिंग प्लान गोपनीय रखा जाए। परीक्षा केंद्रों पर शीतल पेयजल, शौचालय पुरुष-महिला के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जाए। निर्देश दिए कि आयोग की ओर से जारी नई व्यवस्था के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले विद्यालय में प्रवेश रोक दिया जाए। बैठक में अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जायसवाल, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, सुपरवाइजर समेत अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा के बूथ अध्यक्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रामपुर कार्यालय, अमृत विचार** : भाजपा के बूथ अध्यक्ष का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि उन्होंने अभी किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है।

केमरी के शिव नगर निवासी डालचंद्र (32) भाजपा के 252 का बूथ अध्यक्ष था। वह गांव में ही शराब की दुकान पर काम करता था। रात को वह घर से 100 मीटर की दूरी पर एक खेत की चौकीदारी करता था। गुरुवार सुबह सात बजे तक भी जब वह घर नहीं आया तो परिजन खेत पर बने कमरे में देखने चले गए। कमरे का दरवाजा खुला था। परिजनों ने अंदर झांका तो डालचंद्र का शव चारपाई पर पड़ा देख उनके होश उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव करे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही भाजपा के बूथ अध्यक्ष की मौत का खुलासा हो सकेगा।

## सराफा कारोबारी के नौकर की हत्या, तीन आरोपी दबोचे, 85 लाख रुपये बरामद

**मुरादाबाद कार्यालय**

- **नौकर को मुरादाबाद से कार में बैठाकर ले गए थे आरोपी, रास्ते में बेच दी थी ज्वेलरी**
- **मुख्य अभियुक्त अनमोल ने अपने निर्माणाधीन मकान में की थी हत्या, उत्तराखंड के जंगल में मिला शव**

**अमृत विचार :** मैसर्स फूल कुमार-रमेश कुमार एंड संस (अलंकार ज्वेलर्स) मंडी चौक साहू स्ट्रीट के कारोबारी अलंकार अग्रवाल के लापता नौकर का शव उत्तराखंड के जंगल से बरामद हुआ है। ज्वेलर्स के यहां से ज्वेलरी व कैश लेकर दिल्ली के लिए निकले अजय कुमार पुत्र भोला नाथ निवासी प्रतापगढ़ की हत्या का कटघर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इसमें तीन अभियुक्तों को भी दबोचा है।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि 6 जून 2024 को थाना कटघर पर सूचना मिली कि अलंकार ज्वेलर्स के यहां नौकरी करने वाला अजय कुमार रुपये व जेवरात लेकर दिल्ली के लिए निकला है, जिससे संपर्क नहीं हो पा रहा है। तहरीर के आधार पर अभियुक्त अजय के विरुद्ध चोरी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। फिर अजय की खोज व ज्वेलरी की बरामदगी के लिए एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमें गठित की गई थीं।

एसओजी व सर्विलांस टीमों को भी लगाया गया था। इसी क्रम में संदिग्धों से पूछताछ में पता चला कि एक शव उत्तराखंड के कोटद्वार के थाना लैंसडाउन क्षेत्र के बिलांसु गांव के पास सड़क किनारे खाई में पड़ा था। जिसे स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने बरामद किया था। इस मामले में खबर लगते ही पुलिस टीमों ने प्राप्त साक्ष्यों व पूछताछ के आधार अनमोल उर्फ सनी को उठाया था। फिर इसने सारे राज उगले। बताया, अपने दो साथी सोनू व राजीव उर्फ राजू के साथ मिलकर अजय की हत्या कर शव को रस्सी से बांधकर व पन्नी में लपेट कर उत्तराखंड में फेंका है। अभियुक्तों ने स्वीकार किया है कि नौकर अजय को उन लोगों ने एक-एक कर कुल तीन गोली मारी थी। उसके चेहरे को खराब कर दिया था। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त अनमोल के पास से ज्वेलरी बिक्री से प्राप्त 82 लाख रुपये, सोहन से एक लाख रुपये व राजीव से 2 लाख, कुल 85 लाख रुपये बरामद हुए हैं।

सबसे पहले पुलिस ने घटना में प्रकाश में आए अभियुक्त अनमोल उर्फ सनी पुत्र अजय कुमार निवासी मुहल्ला बस स्टैंड ब्लॉक कॉलोनी कस्बा व थाना नहटौर जिला बिजनौर को उठाया। फिर इसकी शिनाख्त पर सोहन पुत्र राजेंद्र कश्यप व राजीव उर्फ राजू पुत्र रामनाथ को पुलिस गिरफ्तार किया है। इनमें सोहन बिजनौर जिले में थाना नहटौर के दरबारपुर और राजीव उर्फ राजू बैरमनगर का रहने वाले हैं। इनके पास से पुलिस ने कुल 85 लाख रुपये बरामद किए हैं।

## 30 दिनों की समयावधि के अन्दर अनुमोदन स्वतः स्वीकार्य:हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक प्रधानाचार्य की नियुक्ति के मामले पर कहा कि अगर बेसिक शिक्षा अधिकारी को अनुमोदन के लिए भेजे गए दस्तावेजों को 30 दिनों के भीतर अनुमोदित नहीं किया जाता है तो उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त बेसिक स्कूल नियमावली, 1978 के नियम 10 के अनुसार उन्हें अनुमोदित माना जाएगा। कोर्ट ने आगे कहा कि नियमावली के अनुसार बीएसए को या तो 30 दिनों की अवधि के भीतर अनुमोदन प्रदान करने के लिए उचित आदेश पारित करना होता है या कोई त्रुटि हो तो उसे दूर करने के लिए दस्तावेज वापस भेजना होता है। 30 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सूचना संप्रेषित नहीं की जाती है तो नियमावली,1978 के नियम 10(5)(iii) के तहत यह माना जाता है कि अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। कोर्ट ने इसी न्यायालय के एक पूर्व आदेश पर भरोसा करते हुए कहा कि दस्तावेज प्रस्तुत करने की तिथि से 30 दिनों की अवधि बीत जाने पर अनुमोदन स्वतः स्वीकार्य हो जाता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने श्रीमती कविता सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने याची के दावे के समर्थन में दाखिल अनुभव प्रमाण पत्र की प्रमाणिकता के बारे में मूल अभिलेख तलब किए और पाया कि याची द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर थे सिवाय अनुभव प्रमाण पत्र के। कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य प्रकट किया कि क्यों और किन परिस्थितियों में अधिकारियों ने हस्ताक्षर की पुष्टि किए बिना दस्तावेज स्वीकार कर लिये। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची के अनुभव प्रमाण पत्र में प्रबंधक द्वारा छेड़छाड़ की गई थी। अंत में कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को एक महीने के भीतर अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापित करने का निर्देश दिया और दस्तावेज वास्तविक पाए जाने की स्थिति में याची को प्रधानाचार्य के पद पर बने रहने की अनुमति प्रदान करने का भी आदेश दिया, साथ ही कोर्ट ने विभाग को याची के उसके मासिक वेतन और बकाया वेतन के भुगतान का भी निर्देश दिया। याची डॉ. अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल, कौशांबी में सहायक अध्यापिका के पद पर नियुक्त थीं। 19 वर्षों तक उक्त पद पर काम करने के बाद उन्होंने वर्ष 2016 में रामकली बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय,प्रयागराज में प्रधानाध्यापिका के पद पर आवेदन किया, जिसके सापेक्ष याची सहित तीन अभ्यर्थियों को चयनित किया गया।

## बरसाना के लाड़ली मंदिर के लिये शुरु होगी रोप वे सुविधा

**मथुरा,एजेंसी:** कान्हा नगरी मथुरा में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से बरसाना में ब्रम्हाचल की पहाड़ियों में स्थित लाड़ली मंदिर के लिये रोप वे सुविधा का शुभारंभ जल्द होगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि यह योजना बरसाना और वृन्दावन जानेवाले तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों को न केवल राहत देगी बल्कि उनके मनोरंजन का साधन भी बनेगी। बरसाने का लाड़ली मन्दिर ब्रम्हाचल की पहाड़ियों पर बने होने के कारण अभी तक तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों को 180 से अधिक गहरी सीढ़ियां चढ़ना और उतरना होता है जो बहुत अधिक कष्टकारी होता है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए तो यह पहाड़ सा नजर आता है। इससे निजात दिलाने के लिए रोप वे सुविधा चालू की जा रही है। बरसाना की रोप वे सुविधा का ट्रायल 15 जून से शुरू हो रहा है। लगभग 16 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में आने जाने के लिए कुल 12 ट्रालियां एक साथ चलेंगी तथा एक घंटे में 500 से अधिक लोग मन्दिर पहुंच सकेंगे। बिजली चली जाने पर जनरेटर से संचालन किया जाएगा। आंधी जैसी अचानक होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए रेस्क्यू टीम (सहायता टीम) हर समय तैनात रहेगी।

## सास, बेटा, बहू सम्मेलन कराएगी प्रदेश सरकार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- **उप्र. में परिवार नियोजन पर अभियान चलाने की तैयारी**
- **27 से शुरू होगा विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण**
- **विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान**

**अमृत विचार:** जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण 27 जून से शुरू होगा, जो 10 जुलाई तक चलेगा। राज्य सरकार की ओर से आमजन को परिवार नियोजन के महत्त्व के प्रति जागरूक करने के लिए तमाम गतिविधियों जैसे, सारथी वाहन और सास-बेटा-बहु सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं पखवाड़े का तीसरा चरण सेवा प्रदायगी 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा।

इस दौरान सभी स्वास्थ्य इकाईयों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के बारे में परामर्श दिया जाएगा और योग्य एवं इच्छुक लाभार्थियों के लिए को यह साधन उपलब्ध भी कराए जाएंगे। जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है।

इस संबंध में प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि राज्य में सकल प्रजनन दर (टीएफआर) में कमी आई है, जो हमें राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण से स्पष्ट होती है। इस साल जनसंख्या पखवाड़ा का नारा है- 'विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान। वही इस बार की थीम मां और बच्चे की सेहत के लिए गर्भधारण का सही समय और अंतर रखी गयी है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सूर्यांश ओझा ने बताया कि कार्यक्रम का पूरा ज़ोर समुदाय को परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करने, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेन्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम (एफपीएलएमआईएस) पोर्टल को मजबूत करने पर है।

## पांच पालतू कुत्तों को मारकर मिट्टी में दबाने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** थाना बारादरी क्षेत्र में एक युवक ने पांच पालतू कुत्तों को मारकर मिट्टी में दबा दिया। इस मामले में एक्स पर शिकायत के बाद एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। हिमांशु पटेल ने एक्स पर आईजी, एसएसपी, बरेली पुलिस को पोस्ट कर शिकायत की कि थाना बारादरी क्षेत्र की आशियाना कॉलोनी में ठिरिया के रहने वाले एक युवक ने पांच पालतू कुत्तों को मारकर मिट्टी में दबा दिया। मामले का संज्ञान लेकर कुत्तों का पोस्टमार्टम कराकर कार्रवाई की जाए। जब बारादरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो तो घटना स्थल थाना कैंट क्षेत्र का निकला। अब कैंट पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि एक किसान के खेत में छुट्टा जानवर घुसते थे। इसकी वजह से उसने खेत के चारों तरफ तार लगाकर करंट दौड़ा दिया। इसकी चपेट में आने से पांच पालतू कुत्तों की मौत हो गई, जब मालिकों ने कुत्तों की तलाश शुरू की तो खेते के पास ताजी मिट्टी खोदी गई दिखाई दी। जिसे हटाकर देखा गया तो उसमें सभी कुत्तों को दफनाया गया था।

## जनवरी तक हर हाल में पूरा कराया जाएगा पाठ्यक्रम

**बरेली कार्यालय**

- **जिला विद्यालय निरीक्षक ने पत्र जारी कर प्रधानाचार्यों को दिए निर्देश**
- **शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार पाठ्यक्रम पूरा न होने पर होगी कार्रवाई**

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार ही स्कूलों में तिमाही, छमाही और वार्षिक परीक्षाएं कराई जाएंगी। जनवरी तक पाठ्यक्रम पूरा कराना होगा। गुरुवार को इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक ने पत्र जारी कर सभी प्रधानाचार्यों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

जारी पत्र के अनुसार अब स्कूलों में अनिवार्य रूप से अक्टूबर में छमाही और 21 जनवरी से फरवरी के बीच प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। इसके अलावा कैलेंडर में वर्ष भर की शैक्षिक रूपरेखा भी शामिल की गई है। कैलेंडर के अनुसार जुलाई के अंतिम सप्ताह में वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर मासिक परीक्षा कराई जाएगी। सितंबर के अंतिम सप्ताह में वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षाएं, अक्टूबर के दूसरे और तीसरे सप्ताह में अर्द्धवार्षिक लिखित परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। नवंबर के पहले सप्ताह तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंक वेबसाइट पर अपलोड करने होंगे। इस ही माह के अंतिम सप्ताह में बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित मासिक परीक्षा और दिसंबर के अंत तक मासिक परीक्षा कराई जाएगी।

डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि निर्धारित शैक्षिक सत्र के दौरान हर हाल में कैलेंडर के अनुसार ही सभी कक्षाओं का पाठ्यक्रम जनवरी तक हर हाल में पूरा कराया जाएगा ताकि छात्र बोर्ड परीक्षा की तैयारी अच्छे से कर सकें। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश भी दिए गए हैं ताकि वे भी कैलेंडर के अनुसार तय समयावधि में ही पाठ्यक्रम पूरा कराएं। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। समय -समय पर स्कूलों का औचक निरीक्षण कर कैलेंडर के अनुसार कक्षाओं में पढ़ाए गए पाठ्यक्रमों का मिलान भी कराया जाएगा।

### देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंच रहे पर्यटक, ओम पर्वत और आदि कैलाश तक आसानी से पहुंच रहे वाहन

# पीएम मोदी के दर्शन करने से विश्व पटल पर छाया




**भूपेश कन्नौजिया, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जब से ब्रेक लगा है तब से आदि कैलाश और ओम पर्वत में पर्यटकों के आने का सिलसिला बढ़ गया है। हर दिन औसतन 150 से 250 श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां पहुंचने के बाद पूरे विश्व में इस जगह को नई पहचान मिली है। जिससे यह एक बेहद रमणीय, आध्यात्मिक धार्मिक स्थल के रुप में जाने जाना लगा है।

दिल्ली, मुंबई, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु सहित कई स्थानों से शिव भक्त यहां पहुंच रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन भी पूर्व में सोशल मीडिया पर दर्शन की इच्छा जता चुके हैं। हिंदू पुराणों के अनुसार पांच कैलाशों में से एक आदि कैलाश है, जो उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले से सटी भारत-चीन सीमा पर स्थित है।

आदि कैलाश और ओम पर्वत दोनों ही व्यास घाटी का हिस्सा हैं। आदि कैलाश यात्रा सिर्फ धार्मिक यात्रा नहीं है। इस दौरान रास्ते में गुंजी, कुटी, नाभि जैसे सुंदर गांव पड़ते हैं। जहां भक्तों के ठहरने के लिए होम स्टे बने हैं। यात्रा के बीच प्रकृति के मनोरम दृश्य एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं।



**पर्यटन के लिए मिलेंगे कई स्थल**

आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन के लिए काठगोदाम रेलवे स्टेशन या पंतनगर हवाई अड्डे सबसे करीब हैं। जहां से आप अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, धारचूला से होकर वाया सड़क मार्ग यात्रा करते हैं। आप हल्द्वानी से वाया टनकपुर, चम्पावत होते हुए भी धारचूला पहुंच सकते हैं। यह सड़क मार्ग काफी अच्छा और सुगम है। आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा के दौरान आप शिव और पार्वती मंदिर, गौरीकुंड, पार्वती सरोवर, कुटी गांव, पांडव किला, पांडव पर्वत, पार्वती मुकुट, ओम पर्वत, नाभिढांग गांव, काली माता मंदिर, काला पानी, व्यास गुफा, शेष नाग पर्वत, गणेश पर्वत, गुंजी गांव, छियालेख से भी घूम सकते हैं।

**ऐसे पहुंचें और ये करें तैयारियां**

आदि कैलाश यात्रा के लिए सबसे पहले इनर लाइन परमिट चाहिए, जो ऑनलाइन भी बना सकते हैं। इस लिंक पर जाकर https://pass.pithoragarh.online/ इसके लिए मेडिकल सर्टिफिकेट, पुलिस सत्यापन, एक फोटो और एफिडेविट चाहिए। ऑनलाइन फॉर्म सबमिट करने के बाद एसडीएम धारचूला द्वारा आपको निर्गत किया जाएगा। मेडिकल के साथ ओपीडी का पर्चा संलग्न करना अनिवार्य है। सेना के हर चेक पोस्ट पर इनर लाइन परमिट चेक होगा। लौटने पर अंतिम चेक पोस्ट पर परमिट जमा कर लिया जाएगा। पहले दिन आप धारचूला पहुंचे, यहां सस्ता होमस्टे अच्छे भोजन के साथ एक हजार रुपये से लेकर आपके बजट के अनुसार मिल जाएगा, आप पहले ही बुकिंग करवा लें तो बेहतर रहेगा।

# अल्मोड़ा में जंगल की आग बुझाने गए चार वनकर्मी जिंदा जले

### बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में गुरुवार दोपहर हुआ हादसा, 4 अन्य झुलसे

**ब्यूरो, अल्मोड़ा**

अमृत विचार : अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में लगी आग बुझाने गए कर्मचारी वनाग्नि की चपेट में आ गए। वन बीट अधिकारी समेत 4 कर्मी जिंदा जल गए जबकि 4 गंभीर झुलस गए। घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार दोपहर बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में आग लगने की सूचना पर आठ वन कर्मियों का दल दोपहर ढाई बजे मौके पर पहुंचा। आग सड़क से नीचे लगी थी। वनकर्मी ढलान से नीचे उतरे। इस बीच आग ने विकराल रूप ले लिया। ऐसे में ऊपर सड़क तक पहुंचने के लिए उन्होंने चढ़ाई शुरू की लेकिन आग की चपेट में आने से वन बीट अधिकारी त्रिलोक सिंह मेहता (56) पुत्र नारायण सिंह निवासी बाड़ेछीना, श्रमिक दीवान राम (35) निवासी सौड़ा, फायर वॉचर करन आर्या (21) निवासी भेटुली और पीआरडी जवान पूरन सिंह (50) पुत्र दीवान सिंह निवासी धौलछीना जिंदा जल गए। वनकर्मियों की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उनको आग से निकाला हालांकि तब तक वह काफी झुलस गए थे। उन्हें पास के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में आग पर काबू पाकर शवों को भी निकाला गया। घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। सीविल सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा के डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया बेस अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि घायलों को पूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मृतकों के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

वहीं घायलों में फायर वॉचर कृष्ण कुमार (21) पुत्र नारायण राम निवासी अयारपानी, चालक भगवत सिंह भोज (38) पुत्र बचे सिंह निवासी अयारपानी, पीआरडी जवान कुंदन नेगी (44) पुत्र प्रताप सिंह नेगी निवासी खाकरी अल्मोड़ा, दैनिक श्रमिक कैलाश भट्ट (54) पुत्र बद्री दत्त भट्ट निवासी घनेली अल्मोड़ा हैं।


अल्मोड़ा चिकित्सालय में झुलसे कर्मचारी का उपचार करते चिकित्सा कर्मी।

- **मुख्यमंत्री ने की मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा**

> वनाग्नि से 4 वनकर्मियों का निधन हृदयविदारक है। दुख की घड़ी में सरकार दिवंगतों के परिजनों के साथ है। हर मृतक के परिजनों को 10 लाख की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को एयरलिफ्ट कर हल्द्वानी बेस अस्पताल पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।
> **-पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

## किशोरी के अपहरण का एक आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**स्वार, अमृत विचार :** प्रेम-प्रसंग के चलते किशोरी को दूसरे संप्रदाय का युवक अपने रिश्तेदारों की मदद से बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली के एक गांव निवासी किशोरी को दूसरे संप्रदाय का युवक लगभग दो सप्ताह पूर्व परिजनों एवं रिश्तेदारों की मदद से बहला फुसलाकर भगा ले गया था। परिजनों ने किशोरी को रिश्तेदारी एवं परिचितों में काफी तलाश किया था, लेकिन उसका पता नहीं लग सका था। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर सूरज, राजकुमार, मेजर, संजय, अंकित, चंचल, मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव खईया खददार निवासी शक्तिमान, हरपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। मामला दो संप्रदाय का होने के कारण गांव में तनाव था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा था। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। कोतवाल ने बताया कि गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शक्तिमान भागने की फिराक में नगर के मुख्य चौराहे पर सवारी के इंतजार में खड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# कोआपरेटिव सेल के विलय से सीबीसीआईडी का बढ़ा कद

**डीपी शुक्ल, लखनऊ**

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर पिछले वर्ष नवंबर माह में कोआपरेटिव सेल का विलय सीबीसीआईडी में हो गया। इससे इसकी साख व धाक में वृद्धि हुई है।

इतना ही नहीं योगी सरकार ने पुलिस विभाग की प्रमुख जांच एजेंसी आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा ईओडब्ल्यू से करीब 260 मामलों की विवेचना सीबीसीआईडी को स्थानांतरित किया है। दो जोनल अफसरों की देखरेख में प्रदेश में कुल नौ खंड बनाये गये हैं, जिसमें मेरठ, आगरा, बरेली, लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, कानपुर नगर, वाराणसी व जौनपुर शामिल है। यहां प्रत्येक खंड में खंडाधिकारी नियुक्त हैं।

सीबीसीआईडी में तैनात एडीजी के. सत्यनारायण और आईजी राजेश डी. मोदक की देखरेख में मामलों की विवेचना होती है। कोआपरेटिव सेल से सीबीसीआरडी में इस वर्ष कुल 40 मामलों की विवेचना की जा रही है। एक अधिकारी का कहना है कि हर विवेचक को समय रहते हुए निष्पक्ष विवेचना करने के निर्देश है। सूत्रों के अनुसार 14 बार विवेचना बदले जाने वाले गोंडा के चर्चित मामले की विवेचना लखनऊ खंडाधिकारी के पर्यवेक्षण में हो रही है, जबकि एक एएसपी पर लगे शारीरिक शोषण की विवेचना कानपुर के खंडाधिकारी को सौंपी गयी है। इसी तरह आगरा के चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड की भी विवेचना करने की जिम्मेदारी सीबीसीआईडी को मिली है।

**प्रमुख विवेचनाधीन मामले:**
- लखनऊ के एक एएसपी पर लगे शोषण का आरोप
- गोंडा के तरबगंज का चर्चित दलित हत्याकांड
- आगरा का चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड

- **वर्तमान में 350 मामले विवेचनाधीन**
- **आर्थिक अपराध अनुसंधान से करीब 260 मामले स्थानांतरित**

> सीबीसीआईडी में कुल 350 मामले विवेचना के लिए लंबित है। सभी विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह स्वतंत्र होकर गुणवत्तापरक, निष्पक्ष और समय रहते विवेचना कर मामलों का निस्तारण करें। **-एसएन साबत**, पुलिस महानिदेशक, सीबीसीआईडी

## भीषण गर्मी से बचने को उमड़ रहे सैलानी

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुका है। अब लगभग दो सप्ताह का ही सीजन बचा है, क्योंकि 25 जून के बाद मानसून सीजन शुरू हो जाता है जिसके बाद पर्यटन सीजन अपने अंतिम चरण में पहुंच जाता है, जिसके चलते 22 जून तक नैनीताल, पंगुट, मुक्तेश्वर, भीमताल, सातताल में लगभग सभी होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे पैक हो चुके हैं।

गुरुवार को भी नैनीताल में सैलानियों की बड़ी आमद से जहां स्थानीय व्यापारियों के चेहरे पर रौनक देखने को मिली तो वहीं दूसरी ओर तल्लीताल से सूखाताल तक गाड़ियों के जाम से स्कूली बच्चों सहित कार्यालय आने जाने वालों को काफी फजीहत उठानी पड़ी। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार गुरुवार को नगर का अधिकतम तापमान 30 डिग्री तो वहीं न्यूनतम 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसके चलते सैलानियों ने दोपहर को हिमालय दर्शन, स्नो व्यू, केप गार्डन, सरियाताल आदि ऊंचाई वाले क्षेत्रों से सुंदरता का लुत्फ उठाया। दोपहर बाद विश्वविख्यात नैनीझील में नौकायन का आनंद लिया।

## पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह के मामले में सुनवाई 27 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को सुनवाई कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण टल गई। पूर्व मंत्री के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 जून की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उप-निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

## भाखड़ा के जंगलों में लगी भीषण आग, गांवों तक पहुंची

**संवाददाता, हल्द्वानी**

- **ग्रामीणों के खेतों और आबादी तक पहुंची आग**
- **सागौन, शीशम समेत बेशकीमती वन संपदा जलकर हुई नष्ट**

**अमृत विचार :** पहाड़ के बाद भाबर में वनाग्नि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार को वनाग्नि जंगल से सटे गांवों तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी और आग बुझाने में जुट गए। बाद में वन विभाग समेत चार पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे और पांच घंटे बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया।

गुरुवार को दोपहर एक बजे तराई केंद्रीय वन डिवीजन की भाखड़ा रेंज के अंतर्गत गन्ना सेंटर के समीप हरिपुर जमन सिंह चांदनी चौक गरवाल गांवों से सटे जंगलों में आग लग गई। दोपहर में पारा बढ़ने के साथ ही आग भी विकराल होती गई। ग्रामीणों ने धुआं निकलता देखा तो उन्हें वनाग्नि का पता चला। जब तक वे कुछ समझ पाते आग ग्रामीणों के खेतों और आबादी तक पहुंच गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों ने खुद भी मिट्टी और पानी फेंककर आग बुझाने की कोशिश की। सूचना पर भाखड़ा रेंज से वन कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। बाद में आग का विकराल रूप देखकर उन्होंने वन विभाग और दमकल विभाग से पानी के टैंकर मंगाए।

दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं हो सका। बाद में दो निजी टैंकर मंगाए गए, तब कहीं जाकर पांच घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। इधर, वनाग्नि में कई हेक्टेयर में लगे सागौन, शीशम के वृक्ष समेत बेशकीमती वन संपदा जलकर नष्ट हो गई। वन विभाग से वनाग्नि से नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

# महिला डॉक्टर पर हमला करने के दो आरोपी दबोचे

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** सिडकुल की नामी गिरामी ऑटो कंपनी की महिला चिकित्सक पर हमला करने के दो आरोपियों को थाना पंतनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना पंतनगर प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी और सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि 24 अप्रैल 2024 को सिडकुल की अशोका लीलैंड कंपनी में कार्यरत महिला चिकित्सक पर नैनीताल हाईवे पर बाइक सवार दो युवकों ने उस वक्त डंडे से हमला कर घायल कर दिया था जब वह स्कूटी से ड्यूटी पर जा रही थी। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की, लेकिन हमलावर गिरफ्त में नहीं आए।

उन्होंने बताया कि मामले को लेकर पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही थी कि 13 जून की सुबह खबर मिली कि महिला चिकित्सक पर हमले के आरोपी बाइक सवार युवक सिडकुल इलाके में देखे गए हैं। इस पर टीम ने घेराबंदी कर इंदिरा कॉलोनी थाना पंतनगर निवासी दीपक कुमार और अनवास अंसारी को गिरफ्तार कर लिया और हमले में प्रयुक्त डंडा व बाइक संख्या यूके-06 एम-3177 को भी बरामद की।

### लखनऊ के अकबर नगर में बनेगी देश की पहली नाइट सफारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** कामगारों की बस्ती के रुप में पहचान रखने वाले अकबर नगर का नाम विश्व पटल पर दर्ज होने जा रहा है। यहां देश की पहली और दुनियां की पांचवीं नाइट सफारी बनाने का खाका तैयार हो गया है। लखनऊ चिड़ियाघर भी यहीं पर स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से नाइट सफारी की अनुमति मिलने के बाद इसका डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार किया जा रहा है। योगी सरकार कुकरैल वन क्षेत्र को ईको टूरिज्म हब बनाने जा रही है। रहीमनगर, भीखमपुर और अकबर नगर से अवैध निमार्ण को हटाकर जगह खाली कराया जा रहा है। यहां के 855 .07 एकड़ क्षेत्र में परियोजना विकसित की जाएगी। यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आएगी, जिससे विदेशी पर्यटक भी आकर्षित होंगे। नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रेल, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंड की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे।

# पहाड़ी से टकराई कार, 5 लोग जखमी

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** टनकपुर-पिथौरागढ़ एनएच पर गुरुवार को चम्पावत से करीब 22 किलोमीटर दूर स्वांला मंदिर के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

ब्रेक फेल होने से कार एकाएक बेकाबू हो गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए कार को पहाड़ी से टकरा दिया। कार में एक ही परिवार के पांच लोग सवार थे। कार सवारों को मामूली चोट आई। वहीं इसी दौरान टनकपुर जा रहे पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल घायलों के लिए मददगार बने। पूर्व विधायक खर्कवाल कार सवारों को अपनी कार से टनकपुर तक ले गए। युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद बड़ेला, रमेश चंद्र जोशी आदि ने मरहम पट्टी कराने के बाद जख्मी पांचों लोग हल्द्वानी रवाना कराया। बाद में वीआईपी ड्यूटी के दौरान एनएच से गुजर रहे तल्लादेश मंच के तहसीलदार शंकर सिंह बंग्याल ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।



टनकपुर पिथौरागढ़ हाईवे पर ब्रेक फेल होने से पहाड़ से टकराई कार। ● अमृत विचार

**कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली।**

पत्रांक : 760/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 13.06.2024

**अल्पकालीन ई-टेण्डर सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक सं. 3140/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 07.03.2024 के द्वारा प्रथम, पत्रांक 270/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 25.04.2024 के द्वारा द्वितीय बार, पत्रांक 473/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 17.05.2024 के द्वारा तृतीय बार एवं पत्रांक 557/स्वी./है.परि./सिंगल स्टेज/ई-निविदा/बरेली/2024-25 दिनांक 25.05.2024 के द्वारा चतुर्थ बार आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 956/आ.वि.शा./हैण्ड.परि./सिंगल स्टेज/आर.एफ.पी./2023 दिनांक 29.02.2024 एवं शासनादेश सं. 380/29-6-2024/ई-6099/2641/2020 दिनांक 26.02.2024 के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में बरेली सम्भाग में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं अन्य योजनाओं के खाद्यान्न की सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत शासन स्तर से निर्गत नयी आर.एफ.पी./टेण्डर की शर्तों में निर्दिष्ट प्राविधानों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 के लिये सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु बरेली सम्भाग के जनपद बरेली, बदायूँ, पीलीभीत एवं शाहजहाँपुर ब्लॉक पर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी।

उक्त आंमत्रित ई-निविदा में तकनीकी निविदा खोलने के उपरांत बरेली सम्भाग के जनपद बदायूँ के ब्लॉक जगत पर विचारणीय निविदा प्राप्त न होने के कारण जनपद बदायूँ के ब्लॉक जगत पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं अन्य योजनाओं के खाद्यान्न की सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु पुनः ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु ई-निविदायें ब्लॉकवार पृथक-पृथक प्राप्त की जायेगी। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था के अन्तर्गत हैण्डलिंग/परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.) = 590/- एवं प्रत्येक निविदा के साथ हैण्डलिंग/परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि ''अ'' श्रेणी के ठेकेदारों से रु. 1,00,000/- एवं ''ब'' श्रेणी के ठेकेदारों से 60,000/- सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक, सिविल लाइन, जनपद बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट की ''स्कैन्ड कापी'' ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.06.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। ''टेक्निकल विड'' दिनांक 19.06.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। ''टेक्निकल विड'' के प्रपत्रों की जाँचोपरान्त इसमें अहर्य निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा तदोपरांत वित्तीय निविदा, निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक बरेली के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगें।

**मनिकन्डन ए.**
**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक**
**बरेली सम्भाग, बरेली।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खमरिया गोपा डाड़ी, वि.खं. दमखोदा (बरेली)**

पत्रांक : मैमो./निविदा प्रकाशन / 2024-25 दिनांक 13-06-2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत खमरिया गोपा डाड़ी की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 24-25 में पंन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त/मनरेगा/एस.एल.डब्लू.एम./स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ग्राम निधि-6, आर.जी.एस.ए., की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग रोड, खेल मैदान, उपवन निमाण, पंचायत भवन में बाउंड्रीवाल कामन सर्विस सेंटर का निर्माण अंत्येस्टि स्थल का निर्माण अमृत सरोवर का निर्माण नाली निर्माण/मरम्मत, मिट्टी पटान, फर्नीचर क्रय एवं वॉल पेंटिग अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/मरम्मत ह्यूम पाईप क्रय, स्कूल शौचालय मरम्मत/आंगनबाड़ी शौचालय मरम्मत, खाद के गड्डों का निर्माण/शोक पिट का निर्माण एवं खाद्व गोदाम, (अन्नपूर्ण भवन) आंगनबाड़ी केन्द्र में लरनिंग लैब का निर्माण एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का कायाकल्प, पंचायत घर मे लाईब्रेरी का निर्माण तथा अन्य निर्माण कार्य अनुरक्षण सहित कराये जानें है। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेता, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप टोंटी, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी क्रय, फॉगिंग कार्य सफाई किट ठेली क्रय/मरम्मत आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 2:00 बजे तक दिनांक 20/06/24 तक आमंत्रित की जाती है जो उक्त दिनांक को सायं 5:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**प्रधान-आरिफ** **सचिव-रोहिताश कुमार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रहपुरा गनीमत, वि.खं. दमखोदा (बरेली)**

पत्रांक : मैमो./निविदा प्रकाशन / 2024-25 दिनांक 13-06-2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत रहपुरा गनीमत की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 24-25 में पंन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त/मनरेगा/एस.एल.डब्लू.एम./स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ग्राम निधि-6, आर.जी.एस.ए., की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग रोड, खेल मैदान, उपवन निमाण, पंचायत भवन में बाउंड्रीवाल कामन सर्विस सेंटर का निर्माण अंत्येस्टि स्थल का निर्माण अमृत सरोवर का निर्माण नाली निर्माण/मरम्मत, मिट्टी पटान, फर्नीचर क्रय एवं वॉल पेंटिग अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/मरम्मत ह्यूम पाईप क्रय, स्कूल शौचालय मरम्मत/आंगनबाड़ी शौचालय मरम्मत, खाद के गड्डों का निर्माण/शोक पिट का निर्माण एवं खाद्व गोदाम, (अन्नपूर्ण भवन) आंगनबाड़ी केन्द्र में लरनिंग लैब का निर्माण एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का कायाकल्प, पंचायत घर मे लाईब्रेरी का निर्माण तथा अन्य निर्माण कार्य अनुरक्षण सहित कराये जानें है। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेता, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप टोंटी, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी क्रय, फॉगिंग कार्य सफाई किट ठेली क्रय/मरम्मत आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 2:00 बजे तक दिनांक 19/06/24 तक आमंत्रित की जाती है जो उक्त दिनांक को सायं 5:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**प्रधान-अनीता पटेल** **सचिव-रोहिताश कुमार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा नानकार, वि.खं. दमखोदा (बरेली)**

पत्रांक : मैमो./निविदा प्रकाशन / 2024-25 दिनांक 13-06-2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत पिपरा नानकार की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 24-25 में पंन्द्रहवां वित्त/पंचम राज्य वित्त/मनरेगा/एस.एल.डब्लू.एम./स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ग्राम निधि-6, आर.जी.एस.ए., की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग रोड, खेल मैदान, उपवन निमाण, पंचायत भवन में बाउंड्रीवाल कामन सर्विस सेंटर का निर्माण अंत्येस्टि स्थल का निर्माण अमृत सरोवर का निर्माण नाली निर्माण/मरम्मत, मिट्टी पटान, फर्नीचर क्रय एवं वॉल पेंटिग अनुरक्षण हैण्ड पम्प रिवोर/मरम्मत ह्यूम पाईप क्रय, स्कूल शौचालय मरम्मत/आंगनबाड़ी शौचालय मरम्मत, खाद के गड्डों का निर्माण/शोक पिट का निर्माण एवं खाद्व गोदाम, (अन्नपूर्ण भवन) आंगनबाड़ी केन्द्र में लरनिंग लैब का निर्माण एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का कायाकल्प, पंचायत घर मे लाईब्रेरी का निर्माण तथा अन्य निर्माण कार्य अनुरक्षण सहित कराये जानें है। उक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री क्रय हेतु ईंट, इंटरलॉकिंग ईंट रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेता, लोहा, बजरी, टाईल्स, पाईप टोंटी, प्रचार-प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी क्रय, फॉगिंग कार्य सफाई किट ठेली क्रय/मरम्मत आदि वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपरान्ह 2:00 बजे तक दिनांक 18/06/24 तक आमंत्रित की जाती है जो उक्त दिनांक को सायं 5:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**प्रधान-जीवन लाल** **सचिव-रोहिताश कुमार**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्मात् त्रस्यन्ति भूतानि मृगव्याधान्मृगा इव।
सागरान्तामपि महीं लब्ध्वा स परिहीयते॥

जैसे शिकारी से हिरण भयभीत रहते हैं, उसी प्रकार जिस राजा से उसकी प्रजा भयभीत रहती है, फिर चाहे वह पूरी पृथ्वी का ही स्वामी क्यों न हो, प्रजा उसका परित्याग कर देती है।


## संपादकीय

# राजनीति में मर्यादा

ओडिशा में नवीन पटनायक की 25 साल की सत्ता खत्म और भाजपा का शासन शुरू हो चुका है। मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की शालीन उपस्थिति और प्रधानमंत्री से लेकर सभी नेताओं से मेल-जोल की सुंदर तस्वीर दिखी। लगा कि नवीन पटनायक ही मानों समारोह के मेजबान हों। राजनीतिक सद्भाव धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। ऐसे समय में जब राजनीतिक रिश्तों में विरोध, दुश्मनी की तरफ बढ़ रहा है, राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, शील-व्यवहार जरूरी है। मर्यादा बहुत जरूरी है जिसका अभाव है। नवीन पटनायक सेकुलर छवि वाले नेता हैं। देखा जाए तो एक व्यक्ति के रूप में नवीन पटनायक की मिलनसारिता ही उनकी सादगी है। उनका राजनीतिक जीवन भी उनके व्यक्तित्व से ही प्रभावित है। उन्होंने चुनाव प्रचार में कहीं भी असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं किया जबकि आज चुनाव प्रचार के दौरान भाषा की मर्यादा का उल्लंघन एक बड़ी समस्या बन गई है। भाषा की मर्यादा का उल्लंघन न सिर्फ चुनावी प्रक्रिया को बदनाम कर रहा है, बल्कि यह समाज के लिए भी खराब संकेत है। मतभेद, मनभेद को तोड़ रहा है। अब विचार के प्रति भी कोई प्रतिबद्धता नहीं हैं। सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ है तो जाहिर सी बात है कि सोच के स्तर पर पतन होगा। चुनावी राजनीति ने सारी मर्यादाएं समाप्त कर दी हैं।

लोकतंत्र में ही असहमति, विसम्मति, आलोचना, विरोध-प्रतिरोध संभव है। लोकतंत्र एक व्यवस्था है जिसमें यह तय होता है कि विभिन्न मतों, सोच, विवेक का इस्तेमाल करते हुए जनता और समाज की बेहतरी के लिए निर्णय कैसे लिए जाएंगे? ध्यान देने वाली बात है कि जहां देश की विविधता को ध्यान में रखा जाता है और इसके मुताबिक स्वीकार्य व्यवस्था बन जाती है, वहां टकराव और टूटन नहीं होती है। जहां लोग व्यवहार तो विविधता के हिसाब से ही करते रहते हैं, लेकिन स्वीकार्य व्यवस्था नहीं बन पाती है, वहां कुछ न कुछ आपसी दिक्कत होती रहती है। परंतु क्या बिना बंधुता, प्रेम और सम्मान के समाज व देश को एक बनाए रखा जा सकता है? लोकतंत्र का मूल आधार कुछ मूल्य, सिद्धांत होते हैं। जब ये सिद्धांत हमारे संस्कारों में आ जाते हैं, तब लोकतंत्र स्थापित होता है। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी को कहते हैं। परंतु लोकतंत्र की इस खूबसूरती को ग्रहण लग रहा है। जनता को राजनीतिक व्यवहार, लोकतंत्र के बारे में प्रशिक्षित करना चाहिए।

# संविधान की धारा 51 ए -एच और ऋग्वेद का नासदीय सूक्त



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है, उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे, उसे कैसे मान लिया जाए?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है, बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं, किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है, न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान में जो संशोधन हुए, उनमें से एक है नए शीर्षक 'मौलिक कर्तव्य' के अंतर्गत धारा 51 ए का सन्निवेश। आपातकाल के बाद भी इसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। लिहाजा यह उसी तरह संविधान का हिस्सा बना हुआ है जैसे मौलिक अधिकार। यहां धारा 51 ए का खंड (एच) उद्धृत है: "यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा (एच) वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना विकसित करना। (जोर दिया गया)

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है, उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे, उसे कैसे मान लिया जाए? दिमाग मेरा बनाया हुआ तो है नहीं, न कभी मुझसे पूछा गया कि कैसा दिमाग चाहिए? अब जो मिला है, उसमें जो बात न घुसे तो कैसे कहें कि वह सच है? यह तो सरासर बेईमानी होगी। मुझसे नहीं होगी। कोई आग्रह नहीं, बस असमर्थता। मेरी सीमित जानकारी के अनुसार वेदों में, बल्कि समस्त श्रुति-साहित्य (संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद) में, कहीं नहीं कहा गया है कि श्रुतियां ईश्वर की वाणी हैं। श्रुति माने जो लेखन कला की ईजाद के पहले सुनने और याद करने की परंपरा से पीढ़ी-दर-पीढ़ी चला आया था-ईश्वर से सुना हुआ नहीं।

वेद अपौरुषेय हैं-यह भी परवर्ती भाष्यकारों, खासकर मीमांसकों की उद्भावना है। वेदों या श्रुतियों में कहीं वेदों को 'अपौरुषेय' नहीं कहा गया है। कहने वाले भाष्यकारों के दिमाग में आ गया होगा, मेरे दिमाग में नहीं आता। आपके दिमाग में आए तो आप अपौरुषेय मानिए, न आए तो न मानिए।

इतना अवश्य मानता हूं कि मौलिक विचार निर्वैयक्तिक होते हैं। एक ही विचार भिन्न समय और भिन्न स्थान पर परस्पर असंबद्ध लोगों ने व्यक्त किए हैं तो विचार व्यक्ति में बनते नहीं, उसके माध्यम से व्यक्त होते हैं। शायद इसीलिए उसकी संज्ञा 'व्यक्ति' है। विचार चेतना में कहीं से अकस्मात आ टपकते हैं। कहां से ? पता नहीं।

ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अच्छा लगता है, क्यों अच्छा लगता है? इसका कोई जवाब है? किसी को कोई चीज क्यों अच्छी लगती है, वह सचमुच बता सकता है? बात सिर्फ इतनी है कि मुझे नासदीय सूक्त मनुष्य के दिमाग में सहज रूप से उठने वाले प्रश्नों की सुंदर, काव्यात्मक अभिव्यक्ति लगता है तो नासदीय सूक्त (ऋग्वेद, मंडल-10, सूक्त-129) की कुल सात ऋचाएं मूल (वैदिक संस्कृत) में काम चलाऊ हिंदी अनुवाद के साथ प्रस्तुत हैं: नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्। किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्॥1॥ (तब न अनस्तित्व था, न अस्तित्व। न वायुमंडल था, न उसके परे आकाश। इसे कौन आच्छादित करता था और कहां? कहां था इसका आश्रय? क्या तब केवल जल था-अतल गहराई वाली गहन, गंभीर जल?)

न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः। अनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास॥2॥ (मृत्यु नहीं थी तब, न ही थी अमरता। रात्रि और दिन के विभाजन का कोई संकेतक नहीं था। बस एक ही तत्व था- प्रश्वास-रहित, स्वयं की प्रकृति से प्रश्वसित। उसके अतिरिक्त कुछ भी तो नहीं था।) तमआसीत्तमसा गूहमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्। तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत् तपसस्तन्महिनाजायतैकम् ॥ 3॥ (अंधकार था तब-अंधकार से ही आच्छादित अंधकार। अभेद्य जल-सा परस्पर मिला हुआ, अस्त-व्यस्त सा कुछ। वह जो रिक्त, निराकार, अरूप ऊष्मा (तप) थी, वही अपनी महिमा से एक इकाई बनकर उत्पन्न हुई।)

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्। सतो बंधुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा॥4॥ (प्रारंभ में संकल्प उठा, संकल्प जो आदिम बीज और चेतना का अंकुर था। तब मनीषी कवियों ने, अपनी हृदयस्थ विवक्षा से अस्तित्व का रिश्ता अनस्तिव में खोज निकाला।)

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषा मधः स्विदासीदुपरि स्विदासीत्। रेतोधा आसन् महिमान आसन् स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्॥ 5॥ (तब वह (अस्तित्व से अनस्तित्व की) विभाजन रेखा वितान की तरह तन गई। उस वितान के ऊपर क्या था, उसके नीचे क्या था? बस यहां सर्जक थे, विराट शक्तियां थीं, स्वायत्त क्रियाशीलता थी, तो वहां थी ऊर्जा।)

को अद्धा वेद कइह प्र वोचत् कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः। अर्वाग् देवा अस्य विसर्जनेनाऽथा को वेद यत आवभूव॥ 6॥ (कौन जानता है, कौन कह सकता है, यह (सृष्टि) ठीक कहां से उत्पन्न हुई, कहां से आई? देव तो सृष्टि के बाद की उपज हैं तो कौन जानता है, यह सर्वप्रथम कहां से प्रकट हुई।)

इयंविसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न। यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन् त्सो अङ्ग वेद यदि वान वेद॥ 7॥ (वह जो सृष्टि का आदि मूल है, यह उसकी निर्मिति है या उसकी निर्मिति नहीं है किसके नेत्र हैं, जो उच्चतम व्योम से इसका नियंत्रण करते हैं? और वह इसे जानता भी है या नहीं जानता?)

इसमें उसी पूछताछ की भावना (स्प्रिट ऑफ इंक्वारी) का दर्शन नहीं होता, संयोग से जिसका संदर्भ हमारे संविधान की धारा 51 ए (एच) में मिलता है?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है, बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं, किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है, न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

वेदों के प्रसिद्ध विद्वान कोलब्रुक का मत है कि पुरुष सूक्त की भाषा, छंद और शैली सृष्टि से संबंधित अन्य सूक्तों से बिल्कुल भिन्न है। मैक्समूलर का स्पष्ट मत है कि अपने कथ्य और शब्द योजना में पुरुष सूक्त बहुत बाद की रचना है। स्पष्ट है कि कालांतर में पेशों के आनुवंशिक तथा वर्णों का सोपानीकरण हो जाने के बाद उन्हें दैवीय आधार देने के लिए निहित स्वार्थवश पुरुष सूक्त को ऋग्वेद में घुसा दिया गया और विडंबना देखिए कि इस सूक्त का प्रक्षिप्तीकरण ऋग्वेद के उसी दसवें मंडल में किया गया जिसमें नासदीय सूक्त था, जो अन्य धर्मों के बरअक्स सृष्टि के बारे में सबसे ईमानदार जिज्ञासा की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। दुनिया में सृष्टि पर किया गया पहला चिंतन। (ऋग्वेद को विश्व का आदि काव्यग्रंथ तो सभी विद्वान मानते हैं।)

## प्रसंगवश

# बंधनों से मुक्त औरत की तलाश में

संविधान में समानता के अधिकार के बावजूद वे अधिकारहीन हैं। अधिकांश औरतें आज भी पुरुष जगत के अंतर्गत ही जिंदगी जी रही हैं। वे हर समय पुरुष के पूरक की तरह सेवा करती रहती हैं। वे जहां एक ओर पुरुष के पूरक की तरह काम करती हैं वहीं दूसरी ओर उसे चुनौती भी देती हैं। इस विरोधाभासी स्थिति के कारण ही वे समाज में अपनी जगह बनाती हैं। औरत बचपन से यही सीखकर बड़ी होती है कि औरत को पुरुषों की बातें माननी चाहिए फिर कालांतर में इसी धारणा से वह मुठभेड़ करती है।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

औरत की समूची संरचना इस कदर बनी होती है कि वह आलोचना, जांच-पड़ताल आदि से बचती है। वह पुरुष के मूल्यांकन और राय की आराधना करती है। स्त्री की दृष्टि में शक्ति ही महान है इसलिए वह पुरुष की शक्तिशाली के रुप में पूजा करती है। स्त्री में अनुकूलन की प्रबल प्रवृति होती है। सीमोन के शब्दों में कहें तो पुनर्निर्माण और विध्वंस उसका सहज स्वभाव नहीं है। वह विद्रोह की अपेक्षा समझौते पसंद करती है। चूंकि स्त्री को घर-परिवार की चौखट से बांध दिया गया है। फलतः वह उसी में रमण करती रहती हैं। ऐसी स्थिति से लोकमंगल और स्वतंत्रता के बारे में उससे सकारात्मक पहल की उम्मीद कम ही करें। स्त्री को समर्थ बनाने के लिए उसे घर से बाहर निकालना जरूरी है। उसको सार्वजनिक तौर पर विभिन्न सवालों पर बोलना चाहिए। स्त्री के लिए अस्पृश्यता के सभी दायरों तोड़ने की जरूरत है।

औरत सुरक्षित रहे, आत्मनिर्भर बने और मानवीय जीवन जिए इसके लिए उसके अंदर स्वतंत्रता का बोध पैदा करने की जरूरत है। आजादी के बाद भारतीय समाज में औरत के शरीर पर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं, लेकिन औरत की देह और कामुकता को लेकर वाद-विवाद-संवाद गायब रहा है। औरत पर हमले उन समाजों में ज्यादा होते हैं, जहां औरत के शरीर और कामुकता पर खुलकर बातें नहीं होतीं। औरत को बचाने के लिए उसके बारे में बातें करना जरूरी हैं। औरत पर बातें करो, कामुकता के सवालों पर विभिन्न दृष्टियों से बातें करो, औरत पर हमले कम हो जाएंगे।

# अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो, ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे, लेकिन सही वही है, जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं?

मसालेदार, जायकेदार नॉनवेज और शराब के सेवन से देश में कैंसर के रोगी और कैंसर से मरने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है। नियमित रूप से मांस खाने वाले और इसके साथ किसी भी तरह की वाइन का सेवन करने वालों को मालूम होना चाहिए कि देश में जो लोग कैंसर से पीड़ित हैं उनमें से अधिकांश को कार्सिनोमा और सार्कोमा, यही दो मुख्य प्रकार के कैंसर होते हैं।

कार्सिनोमा ऐसा कैंसर है, जो अंतरंगों-जैसे कि पाचन प्रणाली में आंत की भीतरी परत को बनाने वाले कोशिकाएं, की पतली चमड़ी के अलावा बाहर की चमड़ी के कोशिकाओं को भी प्रभावित करते हुए विकसित होता है, सार्कोमा हड्डियों की मज्जा सॉफ्ट टिश्यू मांसपेशियों और हड्डी को जोड़ने वाले सख्त टिश्यू टेंडन के अलावा रक्तवाहिकाओं में भी विकसित होता है। गट बैक्टीरिया अर्थात् हमारे पेट में रहने वाले दोस्त माइक्रोब्स (सूक्ष्म जीवाणु, जैसे कि ई-कोलाई) और अन्य जीवाणु (माइक्रोबायोम अर्थात् पाचन प्रणाली में रहने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं का संसार) और उदर में प्रवेश करने वाली वसा (फैट्स) की किस्म का अंत और पेट के कैंसर की उत्पत्ति से गहरे संबंधों पर होने वाले शोधकार्य से अनेक नई बातें मालूम हुई हैं।

अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा है। मेरे एक परिचित के 41 वर्षीय दामाद को कार्सिनोमा हुआ। सवा महीना एम्स दिल्ली में भर्ती रहने के बाद ही यह मालूम हुआ कि उन्हें कार्सिनोमा है। पहले तो डॉक्टर्स जूझते रहे कि सही डायग्नोसिस नहीं हो रही है। मालूम हुआ कि 40-45 वर्ष के बीच की आयु के मेरे एक और परिचित के दामाद की मृत्यु पेट में कैंसर की वजह से हुई। पहले वाले केस में इन्हें नियमित रूप से मीट या चिकन खाने की आदत रही, लेकिन दूसरे केस में कार्सिनोमा का कारण फैट मेटाबोलिज्म में कोई गड़बड़ हो सकती है। आजकल अनेक तरह के रिफाइंड कुकिंग ऑयल्स बाजार में मिलते हैं। 'देसी' घी के नाम पर मालूम नहीं कैसा 'ग्रीज' हमें थमा दिया जाता हैं। इसमें पाम आयल तो शर्तिया मिलाया जाता है, लेकिन गांव से गाय या भैंस के दूध से निकाला गया घी जिसे दूध से बनी दही को बिलोकर या मथकर मक्खन को गर्म करके निकाला जाता है वही हमारे लिए शुद्ध और सुरक्षित आहार है। अगर नहीं तो देसी खान-पान, शुद्ध खाद्य सामग्री और गांव एवं अपने स्वास्थ्य के बीच एक संबंध को टटोलें तब हमें यह अहसास भी होगा कि गांव संस्कृति का बने रहना हमारे लिए कितना जरूरी है।

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो, ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे, लेकिन सही वही है, जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं? एक लाख में से एक व्यक्ति! रोजाना के बड़े अखबार में भी मुश्किल से एक छोटी-सी, दबी-सी खबर एक कोने में दुबकी दिखाई देती है। कैंसर होगा तो आमजन को और बहुत देर बाद ही कैंसर होने की बाबत भी पता चलता है। अमूमन यह दूसरी और तीसरी स्टेज में मालूम होता है और वह भी उस डॉक्टर को जो होशियार हैं और सेहत संबंधी किसी और विकार के इलाज के लिए जांच करते समय बस यूं ही मालूम हो जाता है। तब अचानक ब्लड रिपोर्ट या टिश्यू सैंपल से कैंसर होने का पता चलता है।

अंतरंगों की जांच किसी नॉन-इन्वेजिव तकनीक से की गई हो, तब भी यह अचानक से मालूम होता है। सरकार न तो आयल को रिफाइन करने की फैक्ट्री बंद करेगी, न देशी घी में मिलावट को और न ही फल, सब्जियों और खाद्यान्न और दलहन वाली फसलों में इंसेक्टिसाइड का प्रयोग। न नॉन-अल्कोहलिक सॉफ्ट कोल्ड ड्रिंक्स की खपत कम होगी और न ही जल-जमीन और वायु प्रदूषण कम होगा और न ही हमारी आदतें बदलेंगी। डॉक्टर्स और रिसर्चर्स तो कहते हैं कि मॉडरेट एक्सरसाइज भी अगर की जाए तो भी खराब खाने से यह हमारी कुछ तो रक्षा करता ही है, लेकिन असली बात यह है कि खराब खाने का सेवन करने वाला ही तो है, जो मामूली एक्सरसाइज नहीं करता। इन सबसे बचने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान से संबद्ध राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने अभी कुछ सप्ताह पहले ही डाइटरी गाइड लाइंस फॉर इंडियंस अर्थात् भारतीय लोगों के लिए उपयुक्त आहार दर्शिका जारी है, जिसे निःशुल्क इंटरनेट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसका भी पालन किया जाए तो भी देश में कैंसर के मामलों में 50-60 प्रतिशत तक कटौती हो सकती है। ऐसा कोई दावा या प्रमाण तो नहीं, लेकिन ऑब्जरवेशन के मुताबिक यह बात सही है।

## सोशल फोरम

# पूरा तंत्र ही बदलना होगा

ये बहुत ही दुखद है कि बलात्कार कई श्रेणियों में बांट दिया गया है। अगर महिला को कोई क्षति नहीं पहुंची है (शारीरिक रूप से, मानसिक की परवाह यहां कौन करता है) तो ज्यादातर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। दूसरी कैटेगरी में महिला के साथ दरिंदगी करना जैसे मामले और फिर कम उम्र की बच्चियों के साथ हैवानियत, जो कि किसी को भी हिला दें।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

इस कैटेगरी में आने वाले बलात्कार कुछ दिनों के लिए लोगों के जेहन में छाए रहते हैं। लोग कैंडल मार्च करते हैं, इंसाफ की मांग करते हैं, धरना प्रदर्शन, जुलूस वगैरह और फिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार। अरे हां! आजकल इसे सांप्रदायिक बनाने की भी बाते की जाती हैं जिसको वजह बनाकर कुछ दिन नफरत भी फैलाई जाती है और आरोपी के धर्म को देखकर कुछ उनके बचाव में भी उतरते हैं। तब बहुत शर्म महसूस होती है जबकि लोगों कों धर्म के चक्कर में किसी महिला का दर्द नहीं दिखता।

मेरा यही मानना है कि रेप बस एक रेप है, उसे कैटेगराइज्ड नहीं किया जा सकता और न ही किसी धर्म से जोड़ा जा सकता। क्योंकि मेरी समझ से किसी भी क्राइम के पीछे एक इंटेशन होता है, अगर हम रेप की वजह सेक्सुअल सेटिस्फेक्शन मान रहे तो शायद हम गलत हैं? सामान्यतः कोई भी व्यक्ति इस अवस्था में कैसे सेटिस्फाई हो सकता है? ये एक मनो अवस्था है शायद साइकोलॉजिकल डिसआर्डरनेस जैसा कुछ। ऐसा व्यक्ति समाज में कैसे रह सकता है?

हमें एक पूरा तंत्र ही बदलना होगा, क्योंकि न तो सजा से कुछ हो सकता है न ही हमारी विचारधारा से। हमें शुरू से ही शुरू करना होगा। बच्चों की शिक्षा को बिना लड़की लड़के के अंतर बताए ही शुरू करनी होगी। न कोई लड़की पटाखा है न ही माल, न ही किसी के कपड़े किसी का चरित्र डिसाइड करते हैं। ऐसी सभी लोककथाओं या दंतकथाओं को हटाना होगा, जो बिना सोचे समझे ही बना दी गईं। न तो कोई पावरफुल हो, न ही कमजोर, एक स्वस्थ वातावरण में ही स्वस्थ बचपन होगा और वही युवा देश का बेहतर भविष्य बनेगा।

-फेसबुक वॉल से

# सवालों और विवादों के घेरे में प्रतियोगी परीक्षाएं



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं।

हाल ही में मेडिकल के क्षेत्र में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली नीट परीक्षा विवादों एवं सवालों के घेरे में खड़ी है। मामले के ऊपर राजनीतिक रंग भी चढ़ने लगा है। आरोपों एवं प्रत्यारोपों की बौछार जारी है। इसी बीच लखनऊ की एक छात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी फटी हुई ओएमआर शीट दिखाते हुए कहा है कि परीक्षा में उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। उसने दोबारा अपनी ओएमआर शीट का मूल्यांकन करने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। छात्रा के अनुसार परीक्षा परिणाम आने पर संबंधित पेज नहीं खुल रहा था और स्क्रीन पर लिखकर आ रहा था कि अपना परिणाम जनरेट नहीं हुआ है। कुछ समय पश्चात छात्र के पास एनटीए से मेल आया जिसमें उल्लेख किया गया था कि छात्रा का रिजल्ट जनरेट नहीं हो सकता, क्योंकि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई थी। छात्रा का आरोप है कि उसकी ओएमआर शीट को जानबूझकर फाड़ा गया है। छात्रा की फटी हुई ओएमआर शीट में हल किए गए सभी सवाल स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। यहां एक गंभीर प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार नीट जैसी बड़ी परीक्षा में इस तरह के विवादपूर्ण मुद्दे कैसे पैदा हो रहे हैं? ऐसा बताया गया है कि जिन छह परीक्षा केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को कृपांक मिला है, वहां के अभ्यर्थियों के द्वारा ओएमआर शीट फटी होने एवं परीक्षा के लिए समय कम मिलने की शिकायत की गई थी।

हालांकि नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को एनटीए ने कहा कि वे ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द करके री-एग्जाम कराने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के 14 परीक्षा केंद्र विदेशों में भी बनाए गए थे एवं परीक्षा के लिए 24 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। यद्यपि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का कहना है कि जांच का असर किसी भी अन्य परीक्षा केंद्र एवं परीक्षार्थी के परिणाम पर कदापि नहीं होगा, किंतु सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्नपत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्नपत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर आखिरकार किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए? परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं क्यों पुख्ता नहीं थीं? यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर की जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए जिनके द्वारा इतनी बड़ी परीक्षा को लेकर गंभीरता का परिचय नहीं दिया गया। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमिताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिन्हों के घेरे में खड़ा कर देता है। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं, जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस-जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती हैं, उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कहीं न कहीं युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ इन अनियमितताओं एवं धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे। परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं भी अनवरत रूप से बढ़ती जा रही हैं। किसी एक परीक्षा के पेपर का लीक होना, इसका सीधा सा अर्थ है -लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लग जाना एवं उनका अमूल्य समय बर्बाद होना। शासन स्तर से इन सभी अनियमितताओं पर कड़ाई के साथ नकेल कसने की जरूरत है ताकि उन सभी अभ्यर्थियों के मार्ग में जोकि पूरी तन्मयता के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने में लगे हुए हैं, किसी तरह की कोई अड़चन उत्पन्न न होने पाए।

# देर आए दुरुस्त आए

देर आए दुरुस्त आए। अंततः उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारियों को उनके पिछले वर्ष की गई सेवा की एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे शासन पर न केवल मुकदमों का बोझ कम होगा, बल्कि उसकी छवि एक आदर्श सेवायोजक की बनेगी। हालांकि बहुत बाद में अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य ने अपने कार्मिकों को यह सुविधा अगस्त 2023 में ही दे दी है।



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार 1 जुलाई या 1 जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती थी, नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता था। वर्षों से इस विसंगति को कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा, लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी गई। उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांतों के बावजूद यहां बुढ़ापे में सेवानिवृत्त को कोर्ट-कचहरी करनी पड़ती थी। शीर्ष न्यायालय तक का अभिमत है कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। शीर्ष न्यायालय के सिद्धांतगत निर्णय पर शासन की अनदेखी उस समय भारी पड़ने लगी, जब न्यायालयों ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना लगाना शुरू किया। इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाने से विषय की गंभीरता समझ में आई। प्रश्नगत विषय पर सुप्रीम कोर्ट का निदेशक (प्रशासन मानव संसाधन) के.पी. टी. सी. एल. व अन्य बनाम सीपी मुंडिनामणि व अन्य (2023 एस.सी.सी. ऑनलाइन एस.सी. 401) मामले में दिया गया निर्णय बहुत ही स्पष्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया है कि सरकारी कर्मचारियों को केवल इसलिए वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित नहीं किया जा सकता कि वे वेतन वृद्धि अर्जित करने के अगले ही दिन सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायालय ने यह भी कहा है कि वेतन वृद्धि अगले वर्ष अच्छा प्रदर्शन करने के लिए "प्रोत्साहन" नहीं है, बल्कि बीते वर्ष में की गई सेवा के कारण है।

30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो चुके या होने वाले कार्मिको को एक वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने का प्रदेश मंत्रिमंडल का निर्णय कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का अध्याय समाप्त करेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य सरकार ने एक आदर्श नियोक्ता के रूप में आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप निर्णय लेकर न्यायपालिका का भी सम्मान किया है। वैसे लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया गया यह निर्णय कर्मचारियों की नाराजगी को कम करने का भी काम करेगा।

### संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी, कई पदाधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

# शून्य सीट पर सिमटी बसपा को गिरते वोट प्रतिशत की चिंता

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शून्य पर सिमटी बसपा को गिरते मत प्रतिशत ने चिंता में डाल दिया है। पिछले महीने हुए लोकसभा चुनाव में मिले मतों का आंकड़ा बता रहा है कि बसपा का कोर वोटर भी उससे छटककर इंडी गठबंधन के पाले में चला गया।

करारी हार और गिरते वोट प्रतिशत पर पार्टी में समीक्षा का दौर जारी है, संगठन के पदाधिकारी कारण गिना रहें हैं। सूत्रों का कहना है इस मुद्दे पर मायावती बहुत गंभीर हैं और संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी चल रही है। 23 जून के बाद कई पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है, पार्टी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भी बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी, हालांकि तब पार्टी को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा। तब वोट प्रतिशत तो गिरा लेकिन, सीटों की संख्या शून्य से 10 पहुंच गई।

2019 में बसपा को 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे। तब पार्टी में घटे मत प्रतिशत पर चर्चा नहीं हुई थी। गठबंधन के दौर में बसपा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले उतरी। लेकिन, 18वीं लोकसभा चुनाव में उसे केवल 9.43 प्रतिशत मत ही मिले। सीट तो एक भी नहीं मिल पाई। मतों में करीब 10.04 फीसदी की कमी बसपा प्रमुख मायावती के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इसके लिए आंतरिक रूप से मंडलवार, विधानसभा क्षेत्रवार और ब्लॉक स्तर पर कोर मतदाताओं से संवाद प्रबंधन कार्य की समीक्षा की जा रही है।

**इंडी गठबंधन का वोट प्रतिशत बढ़ा**

इस चुनाव में सबसे ज्यादा लाभ इंडी गठबंधन को हुआ है। इस चुनाव में सपा की तो पौ बारह हो गई। सपा ने वर्ष 2019 में 18.11 फीसद मत प्राप्त किए थे। वर्ष 2024 के चुनाव में 33.59 प्रतिशत मत प्राप्त कर वह सीटों के लिहाज से राज्य की सबसे बड़ी और देश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है। सपा के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने भी 6.36 प्रतिशत मतों की बढ़ोतरी कर ली। प्रदेश में कांग्रेस का मत प्रतिशत 9.46 प्रतिशत और सीटों की संख्या छह पहुंच गई। अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि पीडीए फार्मूले पर चुनाव लड़ने वाले इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में बसपा के कोर मतदाता ने ज्यादा विश्वास किया।

**गठबंधन से बसपा को होता है फायदा**

इस चुनाव में गठबंधन न करना मायावती का निर्णय पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हुआ है। सपा के साथ वर्ष 2019 में बसपा ने 10 लोकसभा सीटें जीतीं थी। गठबंधन न होने से इनमें से ज्यादातर सीटें इंडी गठबंधन के पास चली गईं और अन्य सीटों पर दूसरे दलों में बाजी मार ली। बसपा से छिनने वाली सीटों में अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, लालगंज, घोसी, जौनपुर और गाजीपुर में सपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। सपा के समर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी ने सहारनपुर सीट झटक ली। अकेले चुनाव लड़ी बसपा बिजनौर सीट भी नहीं बचा सकी। यह सीट रालोद ने जीत ली है। नगीना सीट पर बसपा के कोर मतदाताओं पर अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए आजाद समाज पार्टी के चंद्र शेखर ने जीत दर्ज की।

> लोकसभा चुनाव की जीत विपक्षी दलों के लिए स्थायी नहीं, एक्सीडेंटल है। भाजपा को हराने के नाम पर राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को बरगलाने का काम किया है। इस मुद्दे पर पार्टी गंभीर चिंतन कर रही है और नई रणनीति के तहत 2027 का चुनाव बसपा जीतेगी।
>
> –विश्वनाथ पाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बसपा



**फैक्ट फाइल**

बसपा को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे 2014 के लोकसभा चुनाव में

19.43 प्रतिशत वोट मिले थे 2019 के लोकसभा चुनाव में

9.43 प्रतिशत मत मिले 2024 के लोकसभा चुनाव में

# खुर्जा व बुलंदशहर विकास प्राधिकरणों को मिलाकर गठित होगा नया प्राधिकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



आवास विभाग की लंबित महायोजनाओं के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते मुख्यमंत्री व अन्य।

**अमृत विचार :** खुर्जा और बुलंदशहर विकास प्राधिकरणों को मिलाकर नया प्राधिकरण गठित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सरकारी आवास पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों की जीआईएस आधारित महायोजना-2031 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया और सुनियोजित विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा और बुलंदशहर दो अलग-अलग विकास प्राधिकरण के रूप में गठित हैं, जबकि दोनों ही विकास प्राधिकारणों में आर्थिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरूपता है। पूरा क्षेत्र एक ही जिले बुलंदशहर के अंतर्गत आता है। विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को बनाने व उनके सुगम क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना जरूरी है, इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि महायोजना में मेडिसिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी, कन्वेशन सेंटर आदि के लिए स्पष्ट क्षेत्र चिन्हित किये जायं। नक्शा पास कराने जैसी सामान्य कार्यों में अनावश्यक विलम्ब न हो।

- मुरादाबाद, खुर्जा व बुलंदशहर के सुनियोजित विकास को मुख्यमंत्री ने किया महायोजना पर विचार

**मुरादाबाद में हटाया जाय अतिक्रमण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरादाबाद में रामगंगा नदी के किनारे अतिक्रमण की स्थिति है। ऐसी ही स्थिति काशी, सहारनपुर आदि जिलों में भी देखी जा सकती है। अभी लखनऊ में कुकरैल नदी के पुनर्जीवन की कार्रवाई हो रही है। अवैध बसावट को हटाकर उन्हें अन्यत्र पुनर्वासित कराया गया है। इसी प्रकार, अन्य जिलों में भी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्रवाई की जाय। यह सुनिश्चित कराएं कि नदी बेसिन में कोई बसावट न हो।

# फिर टूटा रिकार्ड, बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट के पार पहुंची

### ओबरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा, स्थानीय खराबी से परेशानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकार्ड फिर टूट गया। गुरुवार को बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। भीषण गर्मी को देखते हुए मांग के 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच, ओबरा बिजलीघर की दो इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन इकाइयों में बिजली संकट बढ़ गया। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली की मांग पूरी की गई।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार ओबरा की 660 मेगावाट व दो सौ मेगावाट की एक-एक इकाई ठप हो गई, जबकि पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की बंद चल रही इकाई चालू नहीं हो सकी। ओबरा की दो सौ मेगावाट की इकाई के गुरुवार की देर रात तक व बाकी इकाइयों के 14 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति करने का रिकार्ड बनाया। गुरुवार को अधिकतम मांग 30,240 मेगावाट दर्ज हुई। कॉरपोरेशन ने अधिकतम बिजली खपत 653.526 मिलियन यूनिट का नया रिकार्ड बनाया।

पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने कहा है कि प्रदेश में पहली बार गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण बिजली मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बिजली कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकार्ड भी बन रहे हैं। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने बिजली आपूर्ति में उदासीनता बरते जाने पर मुरादाबाद जोन के संभल में तैनात अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूट प्रविष्टि देने के निर्देश दिये हैं। मुरादाबाद जोन की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने बिलिंग व राजस्व वसूली के कार्यों की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया।

अध्यक्ष ने कहा कि सिस्टम की क्षमता के कारण कहीं भी बिजली कटौती नहीं हो रही है। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति के बाधित होने की स्थिति में बिजली कर्मी कम से कम समय में ठीक कर आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं।

**कुछ समय का कीर्तिमान, बाकी समय बदहाली: वर्मा**

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन बिजली आपूर्ति का रोज नया रिकॉर्ड बना रहा है, पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली संकट के दौरान गर्मी में पसीना बहाते बीत रहा है। उन्होंने कहा कि बीती रात 10 बजे से रात 11 बजे के बीच केवल 35 मिनट के लिए 30 हजार मेगावाट के ऊपर बिजली की अधिकतम मांग रही। उन्होंने कहा कि 'ब्रेकडाउन' को जोड़ लिया जाय तो बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट के ऊपर जा रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय खराबी के कारण उत्पन्न बिजली संकट दूर कर लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कराने की मांग की।

## बिजली दरों पर कॉरपोरेशन ने पेश नहीं किया प्रस्ताव

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर इस बार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में उपभोक्ता श्रेणीवार विस्तृत प्रस्ताव पेश नहीं किया। कॉरपोरेशन ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता का उल्लेख करते हुए आयोग से स्वतः दरों के निर्धारण की मांग की है। आयोग के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन समेत प्रदेश की बिजली कंपनियों ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता से संबंधित आंकडे समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये, पर बिजली दरों में न तो बढोतरी का और न ही कमी का कोई उल्लेख किया गया। बिजली कंपनियों ने आयोग में प्रस्ताव दाखिल कर बिजली लागत व खर्च के बीच अंतर को देखते हुए बिजली दर पर स्वतः उचित फैसला लेने की मांग की। इस बीच उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन चोर दरवाजे से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, पर किसी तरह दरों में बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी।

## मायावती के खिलाफ टिप्पणी में कमाल आर खान पर रिपोर्ट



**सहारनपुर, एजेंसी :** बसपा की अध्यक्ष मायावती को लेकर कथित रूप से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में फिल्म अभिनेता कमाल राशिद खान उर्फ केआरके के खिलाफ देवबंद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। कमाल खान मूल रूप से सहारनपुर जिले में थाना देवबंद के अंतर्गत ग्राम फुलास अकबरपुर के निवासी हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कथित अभद्र टिप्पणी की थी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि उनके ऊपर यह रिपोर्ट बसपा नेता एवं पार्टी के देवबंद विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार ने दर्ज कराई है। कमाल आर खान की इस टिप्पणी के बाद बसपा सुप्रीमो के आदेश पर उनके भाई और सहारनपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी रहे माजिद अली को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। सुशील कुमार द्वारा थाने में दी गई तहरीर में कहा गया कि बसपा प्रमुख पर की गयी टिप्पणी से बहुजन समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। तहरीर में कहा गया कि दलित समाज बहन जी का दिल से सम्मान और आदर करता है, लेकिन कमाल राशिद खान ने एक्स पर बहन जी पर अभद्र टिप्पणी कर दलित समाज को अपमानित किया है।

## चार महीने से अनशन कर रहे व्यक्ति की मौत

**मथुरा, एजेंसी :** मथुरा में ग्रामीण विकास के कार्यों से जुड़े मामलों में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ चार महीने से अनशन कर रहे बुजुर्ग सामाजिक कार्यकर्ता की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन उनकी (बुजुर्ग) शिकायतों पर कार्रवाई करने के स्थान पर उन्हें ही अनशन समाप्त करने के लिए दबाव बना रहा था। मंगलवार को उनकी तबीयत बिगड़ गयी और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। 66 वर्ष के देवकीनन्दन शर्मा12 फरवरी को अपने घर में बने मंदिर के बाहर अनशन पर बैठ गए।


## वर्ग पहेली-100

**बाएं से दाएं**

2. मुकुट के आकार की एक प्रकार की तिकोनी टोपी जो किसी समय मुसलमान फ़कीर पहना करते थे।
4. लालच, लोभ।
5. 1. निगलने की क्रिया या भाव 2. निगलना।
7. दे. पंचमेल।
8. 1. घिसने

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कीचड़, फिसलन 2. भीड़-भाड़ 3. उलझन, दुविधा 4. व्यर्थ का विवाद।
3. 1. जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, जिसकी दिमागी हालत ठीक न हो, बावला, विक्षिप्त, सनकी 2. प्रेम या क्रोध में आपे से बाहर व्यक्ति, दीवाना 3. बहुत मूर्ख।
5. 1. गीला और नरम, आर्द्र और कोमल 2. करुणा
6. 1. कामवासना संबंधी 2. भौतिक या शारीरिक।
7. स्नान, सिंचाई, छिड़काव।



**वर्ग पहेली -99 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जी | | | | | 2 अ | |
| वि | | 3 द | 4 ब | का | ना | |
| त | | | ग | | ड़ी | |
| | 5 ब | 6 त | र | स | | 7 ख |
| 8 झ | ड़ | क | ना | | 9 मो | न |
| | | री | | | | ख |
| 10 ऐ | ल | ब | म | | 11 था | ना |

## सुडोकू-13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 8 | | | 4 | | 6 |
| | 4 | | 7 | | | | 3 | |
| 1 | | | 2 | 6 | 4 | | | 7 |
| 4 | 7 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 2 | 1 |
| 5 | | | 3 | 7 | 1 | | | 9 |
| | 3 | | | | 2 | | 5 | |
| 2 | | 8 | | | 6 | | 7 | |

**सुडोकू - 12 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 2 | 6 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 |

## सार-संक्षेप

### असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पत्रकारों के लाइसेंस करें रद: हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने हरदोई के एक कथित पत्रकार को आपराधिक मुकदमे में कोई भी राहत देने से इंकार करते हुए कहा है कि असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पत्रकारों के लाइसेंस रद किए जाएं। न्यायालय ने कहा कि सरकार के पास ऐसी मशीनरी है जो इन गतिविधियों पर रोक लगा सकती है। इसके पूर्व राज्य सरकार की ओर से इसके अपर महाधिवक्ता व शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि पूरे प्रदेश में एक गिरोह सक्रिय है जो आम लोगों को ब्लैकमेल कर के पैसे ऐंठने जैसे असामाजिक गतिविधियों में शामिल है। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने हरदोई जनपद में एक अखबार के पत्रकार पुनीत मिश्रा व अखबार के डिस्ट्रीब्यूटर प्रदीश वैश की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में दोनों ने वसूली, एससी-एसटी एक्ट व अन्य धाराओं में दाखिल आरोप पत्र व तलबी आदेश को चुनौती दी थी।

### मथुरा में 22 कछुए बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा, एजेंसी :** जनपद में पुलिस एवं वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक कछुआ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से इण्डियन फ्लैपशैल प्रजाति के 22 कछुए बरामद किये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि कछुआ तस्कर चांद खान को गिरफ्तार किया। उसके साथ मौजूद एक अन्य तस्कर कन्नू भाग गया जिसकी तलाश की जा रही है। चांद खान के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सरकारी और निजी वाहनों से तत्काल हूटर हटाने के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी व निजी वाहनों से हूटर तत्काल हटाये जायं। वीआईपी फ्लीट में सबसे आगे की गाड़ी में एक तय ध्वनि सीमा के साथ ही हूटर बजना चाहिए, अन्य किसी वाहन में नहीं। उन्होंने कहा कि इसे स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि अगर कहीं से भी प्रेशर हॉर्न या हूटर बजने की सूचना मिली तो संबंधित थाने पर कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आगामी त्योहारों के संबंध में कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीआईपी कल्चर को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा, इसलिए प्राथमिकता के साथ इस पर कार्रवाई जरूरी है।

## राजद्रोह खत्म पर चेन स्नेचिंग के लिए होगा सख्त कानून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे नए आपराधिक कानून

**अमृत विचार :** भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन कर देने वाले नए कानून एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। सर्वाधिक आबादी के नाते उप्र. में आपराधिक मुकदमों की संख्या भी सर्वाधिक है। स्वाभाविक रूप से इसका सबसे ज्यादा फायदा भी उप्र. को मिलेगा। नए क्रिमिनल जस्टिस में जहां राजद्रोह का कानून खत्म कर दिया गया है। पर भारतीय संप्रभुता का किसी भी तरह विरोध करने वालों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। वहीं, महिलाओं से चेन स्नैचिंग और मोबाइल छीनैती जैसी घटनाओं के लिए कानून अब सख्त होगा।

आतंकवाद जो देश की प्रमुख समस्याओं में से एक है उसे पहली बार साफ तौर पर परिभाषित करते हुए दंड की व्यवस्था की गई है। इसी तरह संगठित अपराध और मॉब लीचिंग को पहली बार परभाषित किया गया है।

**फोटो, वीडियो, मैसेज भी अहम साक्ष्य बनेंगे**


सात साल से अधिक उम्र के अपराध में फोरेंसिक जांच जरूरी होगी। गंभीर मामलों की विवेचना एसीपी व डीएसपी से कराई जा सकेगी। पोक्सो की विवेचना 2 महीने में पूरी करनी होगी। 3 साल से कम सजा वाले अपराध में गिरफ्तारी के लिए एसीपी से अनुमति लेनी होगी। फोटो, वीडियो, मैसेज भी अहम साक्ष्य बनेंगे। साथ ही, डॉक्टर, पुलिस व अन्य गवाहों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही हो सकेगी।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 15 जून 12.03 तक तत्पश्चात नवमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल–पश्चिम। ऋतु–ग्रीष्म।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–उत्तराफाल्गुनी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** – आज पिता की सेहत की चिंता हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। संपत्ति विवादों को टालने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

**वृष** – आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आपको काफी सावधान रहना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। स्वजनों से मतभेद उभर सकते हैं। आपको अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी, किंतु स्वास्थ्य को लेकर कष्ट हो सकता है। अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर रखें। अपने काम की जिम्मेदारी दूसरों पर न डालें।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आय वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। भाई-बहनों के माध्यम से आपको लाभ प्राप्त होगा। आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। आपके रुके हुए काम गति में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह** – आज नए काम को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। विवादित मामलों का समाधान निकालने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे जिससे कारण सामाजिक लोगों से आपके संबंध घनिष्ठ होंगे।

**कन्या** – आज आपको अनुभवी लोगों की सलाह से काफी लाभ हो सकता है। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन को लेकर तनाव हो सकता है, लेकिन दोपहर के बाद आप समझदारी पूर्वक इन समस्याओं का समाधान प्राप्त कर लेंगे।

**तुला** – आज लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं। नए कार्यों को लेकर जल्दबाजी न करें। आपको सावधानी पूर्वक परिस्थितियों का आकलन करना चाहिए। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे, लेकिन इसके बावजूद आपके मन में एक अजीब सा अज्ञात भय भी हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज आपकी परिस्थितियां काफी अनुकूल रहने वाली हैं। शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। मित्रों से उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अपनी सहभागिता बढ़ा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी।

**धनु** – आज पारिवारिक व्यवसाय में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। राजनीतिक लोगों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में अचानक पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज वैवाहिक जीवन में असंतोष बढ़ सकता है। आप अपने विचारों को थोपने से बचें। संभव है कि कुछ समय पश्चात आप स्वयं अपनी ही बातों से सहमति न रखें। आपके मन में किसी पुरानी बात को लेकर चिंता रहेगी। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। शाम को मन कुछ उदास रहेगा। अपने काम के प्रति मन में नकारात्मक भाव जाग सकता है। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण अति आत्मविश्वास में गलतियां कर सकते हैं।

**मीन** – आज आप अपने ऊपर बड़ी जिम्मेदारी ले सकते हैं जिसका कुछ दबाव भी आपको देखने को मिलेगा। शाम के समय आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब को लेकर आप कुछ यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- शिव शक्ति – सुबह : 10.46
- मजाल – रात : 07.00

&pictures
- रोड साइड राउडी – सुबह : 11.31
- वेलकम बैक – शाम : 05.13

Sony Pix
- द डार्क नाईट राइसेस – सुबह : 10.44
- रैमपेज – रात : 09.00

Zee Cinema
- गुमनाम – सुबह : 09.30
- आरआरआर – रात : 08.00

Colors Cineplex
- महा चोर – सुबह : 08.35
- जुग जुग जियो – शाम : 05.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा– यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा–मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले– आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले– जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले– समझे नहीं।
लड़की वाले– गूगल से शायरियां उठाती है और वॉट्सऐप पर चिपकाती है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15600, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16600, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4160, पीलीभीत 4120, नवाबगंज (नई) 4110, बहेड़ी (नई) 4120 रुपये।

# विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कर दरें कम करने, आधार बढ़ाने की जरूरत

## भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर विशेषज्ञों ने दी सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।

उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। ईवाई इंडिया के



वरिष्ठ साझेदार सुधीर कपाड़िया ने कहा-पारंपरिक उच्च कर दरों के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कर उछाल नहीं आया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत में 1991 के बाद से सरकारों ने स्पष्ट रूप से मध्यम कर दरों की वकालत की है जिससे अधिक पारदर्शिता तथा अनुपालन को बढ़ावा मिलता है।

थॉट आर्बिट्रेज रिसर्च इंस्टिट्यूट के निदेशक कौशिक दत्ता ने 'थिंक चेंज फोरम' द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि भारत का कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात एक संपन्न असंगठित क्षेत्र की उपस्थिति से प्रभावित है, जो अब भी अर्थव्यवस्था में 30 से 35 प्रतिशत का योगदान देता है। दत्ता ने कहा कि सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे।

### भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में

सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकनॉमिक्स के पुलिन बी. नायक ने कहा-भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण आयकरदाता कम हैं। कर की दरें बहुत अधिक रखना भी एक अनुचित विचार है क्योंकि इससे कर चोरी को बढ़ावा मिलेगा। नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्निर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कराधान में सुधार समय की मांग है। सरकार को जल्द से जल्द कर की दरें कम करने और करदाताओं का आधार बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।

## भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत वर्ष 2024 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा और पिछले साल की घरेलू स्तर पर जारी रफ्तार को बनाए रखेगा। मूडीज रेटिंग्स ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए दूसरी छमाही के साख परिदृश्य पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इंडोनेशिया, फिलिपीन और भारत 2024 की पहली छमाही में वृद्धि के मामले में सबसे आगे रहेंगे। ये देश बढ़ते निर्यात, स्थानीय मांग एवं बुनियादी ढांचे पर सरकारी व्यय के दम पर कोविड-पूर्व वृद्धि आंकड़ों से बेहतर प्रदर्शन करना जारी रखेंगे। रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''भारत घरेलू स्तर पर जारी रफ्तार को पिछले साल की तरह बरकरार रखते हुए क्षेत्र की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

# देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार आयात शुल्क में नहीं होगा बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा-बदलाव का नहीं है इरादा

सरकार ने कहा है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए और यदि जरूरी हो, तो बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभी उसका इन अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेईमान तत्वों द्वारा कोई जमाखोरी न हो और कीमतें स्थिर रहे, आवश्यकतानुसार उचित हस्तक्षेप किया जाएगा। रबी



विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन अनाज खरीदा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,500 |
| चांदी पक्की | 876 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,400 |
| चांदी आभूषण | 89,750। |

## एनसीएलटी ने दिवालियापन पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया 60 दिन का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण(एनसीएलटी) ने बंद हो चुकी विमानन कंपनी गो फर्स्ट को दिवाला प्रक्रिया पूरी करने के लिए 60 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। यह कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया गया चौथा विस्तार हैं।

कंपनी खरीदार खोजने के लिए संघर्ष कर रही है। इससे पहले दिवाला अधिकरण ने आठ अप्रैल को 60 दिन का विस्तार दिया था जो तीन जून 2024 को समाप्त हो गया था। गो फर्स्ट को अब तीन अगस्त 2024 तक की मोहलत दी गई है। दिल्ली स्थित एनसीएलटी पीठ ने विस्तार देते हुए कहा-यह अंतिम विस्तार है। दो सदस्यीय पीठ ने विस्तार की मांग करने पर समाधान पेशेवर को भी कड़ी फटकार लगाई। 'रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल' (आरपी) की ओर से पेश हुए वकील ने अधिकरण को सूचित किया कि वे यह विस्तार दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उत्पन्न असाधारण स्थिति के कारण मांग रहे हैं, जिसमें डीजीसीए को उसके सभी 54 विमान का पंजीकरण रद करने को कहा गया था।

## सोने के दाम में 50 और चांदी में 550 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 90,950 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हैं।

# बाजार में सेंसेक्स-निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

मुंबई, एजेंसी

- खरीदारी की बदौलत सेंसेक्स 204 और निफ्टी 75 अंक उछला

विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स और आईटी समेत पंद्रह समूहों में हुई खरीदारी की बदौलत आज शेयर बाजार एक बार फिर ऊंचाई के नए शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 204.33 अंक उछलकर एक बार फिर 76,810.90 अंक के नए शिखर पर रहा। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 75.95 अंक चढ़कर 23,398.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह



बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,521.86 अंक स्मॉलकैप 0.89 प्रतिशत मजबूत होकर 50,678.94 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3984 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2345 में लिवाली जबकि 1539 में बिकवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि 15 लाल निशान पर बंद हुईं।

### बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बढ़ गया बाजार पूंजीकरण

**नई दिल्ली।** बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सामूहिक बाजार पूंजीकरण (एमकैप) भी 431.67 लाख करोड़ रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। दो दिनों में निवेशकों की संपत्ति में 4.72 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

# राष्ट्रीय

# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 4 आतंकियों के जारी किए स्केच

## डोडा आतंकी हमला: गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा

ब्यूरो, जम्मू

**अमृत विचार:** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में दो हमलों में शामिल 4 आतंकियों के स्केच जारी किए और उनकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

गौरतलब है कि मंगलवार को भद्रवाह के चत्तरगल्ला में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर आतंकियों ने गोलीबारी की, जबकि बुधवार को जिले के गंडोह इलाके में तलाशी दल पर हमला किया गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने कहा-जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चार आतंकियों के स्केच जारी किए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे भद्रवाह, थाथरी, गंडोह के ऊपरी इलाकों में हैं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आतंकी के बारे में सूचना देने वाले को 5 लाख रुपये का नकद इनाम देने की भी घोषणा की गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस लोगों से इन आतंकियों की मौजूदगी और आवाजाही के बारे में सूचना देने की अपील करती है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने रियासी जिले में यात्री बस पर हमले में शामिल एक आतंकवादी का स्केच जारी किया और उसके बारे में सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

### आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी



केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए विभिन्न जिलों के वन क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक महिला ने दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर जम्मू के बाहरी इलाके नरवाल बाईपास क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस संबंध में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पिछले चार दिन में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी समेत कई अन्य घायल हो गए।

### रियासी बस हमले के 50 संदिग्ध हिरासत में

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर नौ जून को हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले में पुलिस ने 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि कांडा इलाके में गहन पुलिस जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके अधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जांच से उन लोगों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद मिली है, जो हमले की साजिश रचने में संभावित रूप से शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने गहन जांच के बाद छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए दूर-दराज के सुदूर इलाकों में अपनी तलाशी बढ़ा दी है। ज्ञातव्य है कि बस पर हमला पौनी के कांडा इलाके में हुआ था, जिसमें 10 लोग मारे गये थे और 33 घायल हुए थे। प्रवक्ता ने कहा-व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए अरनास और माहोर के दूर-दराज के इलाकों तक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों का उद्देश्य और सबूतों को उजागर करना तथा उन आतंकवादियों को पकड़ना है जो इन दूरदराज के इलाकों में छिपे हो सकते हैं। कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और क्षेत्र के सभी निवासियों तथा आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में सीआरपीएफ की बस में लगाी आग

**रामबन/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस में तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस श्रीनगर से जम्मू जा रही थी और इसमें सवार जवान सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ के काफिले की बस में दोपहर को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के निकट आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और कोई हताहत नहीं हुआ है। वाहन को थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है। रामबन के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कोतवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग इंजन की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

# नागपुर के निकट कारखाने में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत



नागपुर के पास एक विस्फोटक-निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक घायल को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते लोग। ● एजेंसी

नागपुर, एजेंसी

- विस्फोटक कारखाने में दोपहर में हुई घटना, तीन लोग घायल

महाराष्ट्र में नागपुर शहर के निकट विस्फोटक बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न हुए विस्फोट में पांच महिलाओं समेत छह श्रमिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर एक बजे हुई। नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने बताया कि कुल नौ घायलों को शहर के दो निजी अस्पतालों में लाया गया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इनमें से पांच महिलाओं और एक पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस समय विस्फोट हुआ तब ज्यादातर श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच जारी है। केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा कि भाजपा नेता ने स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं से यहां शाम को आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को रद्द करने की भी अपील की है। यह कार्यक्रम लोकसभा चुनावों के बाद गडकरी के फिर से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहर में उनके स्वागत के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि विस्फोट के बाद से कारखाने के मालिक और प्रबंधक लापता हैं। उन्होंने कहा-उनके समर्थकों ने पीड़ितों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

## एक नजर

### दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में एक दुकान में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में बृहस्पतिवार को एक दुकान में आग लग गयी, लेकिन उसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि शाम पांच बजे चांदनी चौक इलाके से आग लग जाने के बारे में एक कॉल आयी। चांदनी चौक में नयी सड़क क्षेत्र के मारवाड़ी कटरा में आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि 14 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं।

### आतंकवादी के मददगार का मकान कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को आतंकवादियों के मददगार एक व्यक्ति के दो मंजिला मकान को कुर्क कर दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले में गडोले इलाके के लोहार सेन्जी में स्थित रियाज अहमद भट के मकान पर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत संभागीय आयुक्त कश्मीर के आदेश पर यह कार्रवाई की।

# शिक्षा और रोजगार देने में ट्रांसजेंडर को जाति से परे विशेष श्रेणी में रखें

चेन्नई, एजेंसी

- मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी
- कहा-सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे

मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि ट्रांसजेंडर को उनकी जाति से परे सिर्फ विशेष श्रेणी के तौर माना जाना चाहिए। अदालत ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश और रोजगार देने के लिहाज से ट्रांसजेंडर को महिला या पुरुष श्रेणी में न रखा जाए।

न्यायमूर्ति वी. भवानी सुब्बारायन ने 12 जून को पारित आदेश में कहा कि 'प्रत्येक रोजगार और शैक्षिक अवसरों' में सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे। सरकार सभी राज्य भर्ती एजेंसियों को निर्देश दे कि वे ट्रांसजेंडर को एक विशेष श्रेणी के रूप में निर्दिष्ट करें और उनके कट-ऑफ अंक के लिए अलग मानदंड निर्धारित करें। भविष्य में रोजगार के अवसरों और शिक्षण संस्थानों में अन्य विशेष श्रेणियों के लिए उपलब्ध उम्र में छूट ट्रांसजेंडर को भी दी जाए, भले ही उनकी जाति कुछ भी हो।

न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ट्रांसजेंडर को पुरुष या महिला श्रेणी में नहीं माना जाएगा। अदालत ने ट्रांसजेंडर आर अनुश्री



की याचिका को स्वीकार कर लिया। उन्हें 2017-18 के लिए संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता ने योग्य कट-ऑफ अंक प्राप्त किए हैं, इसलिए तमिलनाडु लोक सेवा आयोग याचिकाकर्ता को सत्यापन के लिए दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति दे। न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ता को अनुसूचित जाति की महिला श्रेणी में रखा गया था और तमिलनाडु लोक सेवा आयोग (टीएनपीएससी) ने उसे सत्यापन के लिए अपने दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति नहीं दी थी, क्योंकि उसने अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए निर्धारित कट-ऑफ से कम अंक प्राप्त किए थे।

## पेमा खांडू बने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

इटानगर, एजेंसी

भाजपा के नेता पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

सीमावर्ती जिले तवांग के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध विधायक निर्वाचित हुए खांडू को राज्यपाल के टी परनाइक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के मुख्यमंत्री



हिमंत विश्व शर्मा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह टीम राज्य का विकास और भी तेज गति से करना सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू को बधाई।

## हरियाणा में नााबलिग छात्रा के साथ चार सहपाठियों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**जींद।** हरियाणा के जींद जिले में एक होटल में नाबालिग छात्रा के साथ उसके चार सहपाठियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने तथा अश्लील वीडियो बना कर वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपित छात्रा को जन्मदिन की पार्टी देने के बहाने उसके सहपाठी उसे होटल में ले गए थे। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर चारों आरोपित छात्रों -शुभम, रजत, शिवम, दर्पण - के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने, बंधक बनाने की धाराओं के अधीन मामला दर्ज किया है।

# सिर ढकने की अनुमति मिलने पर भी शिक्षिका का संस्थान में लौटने से इनकार

कोलकाता, एजेंसी

**बंगाल हिजाब विवाद**

- शिक्षिका ने कॉलेज प्रबंधन को ईमेल भेजकर बता दिया अपना फैसला

कोलकाता के निजी विधि कॉलेज की उस शिक्षिका ने बृहस्पतिवार को संस्थान में काम पर लौटने से मना कर दिया जिसे हिजाब पहनने की वजह से कथित रूप से कक्षाएं लेने से मना कर दिया गया था, लेकिन बाद में दुपट्टे से सिर ढकने की इजाजत दे दी गई थी। जवाब में, कॉलेज ने कहा कि वह उनके निर्णय का सम्मान करता है।

शिक्षिका संजीदा कादर ने कहा कि वह पुनः कार्यभार ग्रहण नहीं करेंगी तथा उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को ईमेल भेजकर अपना फैसला बता दिया है। एलजेडी लॉ कॉलेज, टॉलीगंज के प्रबंधन ने 10 जून को उन्हें भेजे अंतिम मेल में कहा कि वह संकायों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करते हुए अपनी सामान्य ड्यूटी पर फिर से आ सकती हैं और अपनी कक्षाओं के दौरान, वह (सिर ढकने के लिए) दुपट्टे को स्कार्फ के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं। कादर ने प्रबंधन को अपना निर्णय बताने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा था। उन्होंने ने बृहस्पतिवार को प्रबंधन को भेजे मेल में कहा-आपके आदेश पर सावधानीपूर्वक विचार किया और फैसला किया है कि मैं आपके संस्थान में दोबारा काम नहीं करूंगी। इसके बजाय नए अवसरों की तलाश करूंगी। उन्होंने बताया कि स्थिति उनके लिए सहज नहीं होगी।

## ऑनलाइन मंगाई आइस्क्रीम में निकला मांस का टुकड़ा

- पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए भेजा सैंपल

**मुंबई।** मुंबई के मलाड इलाके में एक व्यक्ति ने ऑनलाइन कोन आइस्क्रीम मंगाई और उसे कोन में नाखून के साथ मांस का टुकड़ा मिला। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि संदेह है कि मांस का टुकड़ा मनुष्य की कटी अंगुली है, इसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मलाड पश्चिम में रहने वाले एक डॉक्टर ने यम्मो कंपनी की बटरस्कॉच कोन आइसक्रीम ऑनलाइन मंगाया था। खाने को खोला तो कोन से आधे इंच का एक मांस का टुकड़ा निकला, जिसमें नाखून भी था। एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे डाक्टर ने आइसक्रीम कंपनी के इंस्टाग्राम पेज पर इसकी शिकायत की। लेकिन कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने मांस के टुकड़े को बर्फ की थैली में रखा और मलाड पुलिस थाने में शिकायत की। कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## सुपर आठ में जाने के लिए पीएनजी से भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

**टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी**



अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी।

इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है। गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है। उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है। राशिद अब तक दो मैचों में छह विकेट ले चुके हैं। पीएनजी को अफगानिस्तान को खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को काफी ऊंचा करना होगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

## अमेरिका और आयरलैंड के मुकाबले पर टिकी है पाकिस्तान की आस

**फ्लोरिडा, एजेंसी**



घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी।

अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैंपियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह टीम शुरुआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है। अमेरिका के लिए नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और मैच रद होने पर पाकिस्तान की टीम सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। इस स्थिति में अमेरिका के पांच अंक हो जाएंगे और पाकिस्तान अधिकतम चार अंक तक ही पहुंच पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

## ध्वस्त हो जाएगा नासाउ स्टेडियम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

टी20 विश्व कप के लिए अस्थायी तौर पर तैयार यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को अपने हिस्से के सभी मैचों की मेजबानी के बाद अब ध्वस्त कर दिया जाएगा। विश्व कप में कम स्कोर वाले कई रोमांचक मैचों के गवाह रहे इस मैदान पर आखिरी मुकाबले में सह मेजबान अमेरिका पर भारत ने सात विकेट की जीत दर्ज की।

लगभग 100 दिनों में तैयार किये गए इस स्टेडियम के लिए एडिलेड में तैयार हुई ड्रॉप-इन पिचों ने बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। स्टेडियम का निर्माण यहां के लॉन्ग द्वीप में 930 एकड़ के आइजनहावर पार्क के किनारे किया गया है। स्टेडियम में 10 ड्रॉप-इन पिचें थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कुछ दिन पहले कहा गया था 12 जून को आखिरी मैच के आयोजन के बाद इस स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके हिस्सों को लास वेगास (फार्मूला वन रेस) और एक अन्य गोल्फ मैदान में वापस भेज दिया जाएगा, लेकिन विश्व स्तरीय क्रिकेट पिच को बरकरार रखा जाएगा।



- **100 दिनों में ड्रॉप-इन पिचों के साथ तैयार हुआ था स्टेडियम, कई खिलाड़ी हुआ घायल**
- **टी-20 विश्वकप में रोमांचक मैचों का बना गवाह, छोटे स्कोर पर सिमटी हैं कई टीमें**

स्टेडियम को ध्वस्त करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगेगा। इस स्टेडियम की क्षमता क्षमता 34,000 दर्शकों की थी और नौ जून को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के अहम मुकाबले के दौरान यह खचाखच भरा हुआ था। इस मैच के टिकट 2500 डॉलर से 10,000 डॉलर की भारी कीमत पर बेचे गए थे। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच सहित इस मैदान पर कुल चार मैच खेले।

## खेल डायरी

### विल्सन बने चेन्नईयिन एफसी के सहायक कोच

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग के 2024-25 सत्र से पहले भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नोएल विल्सन को अपना सहायक कोच नियुक्त किया। बेंगलुरु के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी विल्सन मुख्य कोच ओवेन कॉयले के साथ फिर से जुड़ गए हैं। इस जोड़ी ने इससे पहले जमशेदपुर एफसी में एक साथ काम किया था। इन दोनों की देखरेख में जमशेदपुर एफसी ने 2022 में पहली बार आईएसएल लीग विजेता शील्ड खिताब जीता था। विल्सन ने रमन विजयन की जगह ली। विल्सन ने कहा चेन्नईयिन एफसी का हिस्सा बनना हमेशा सम्मान और सौभाग्य की बात है। एक क्लब जिसने आईएसएल के दो चैंपियनशिप और अन्य उपलब्धियां जीती हैं। मैं खिताब जीतने के क्लब के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चेन्नईयिन एफसी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### विधात्री ने बढ़त के साथ शुरू किया करियर

**मैसुरु।** एमेच्योर खिलाड़ी के तौर पर हीरो महिला प्रो-गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) में जीत का स्वाद चख चुकी विधात्री उर्स ने गुरुवार को यहां अपने पेशेवर करियर का आगाज सातवें चरण के शुरुआती दौर शीर्ष स्थान के साथ किया। विधात्री ने एक अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान एक बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाए। वह जैस्मीन शेखर और अनन्या गर्ग से दो शॉट आगे हैं। दोनों खिलाड़ी एक ओवर 71 के कार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। शुरुआती छह होल में चार बोगी लगाने वाली खुशी खनिजाउ ने अच्छी वापसी की और वह दो ओवर के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है।

### भारत के पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

### ओलंपिक की तैयारियों का खेल मंत्री ने लिया जायजा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने कहा आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

### भारत में यूरो कप का बुखार, सोनी नेटवर्क पर प्रसारण

**मुंबई।** दुनिया भर में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल फुटबाल की दिग्गज टीमों के बीच जोर आजमाइश शुक्रवार से जर्मनी में शुरु होने वाले यूईएफए यूरो 2024 में होगी वहीं इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सोनी स्पोर्टस नेटवर्क में होने वाले प्रसारण के कमेंटरी बाक्स में भारत के दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री, बाइचुंग भूटिया के अलावा फ्रांस के पैट्रिस एवरा और डेविड जेम्सम मौजूद होंगे। एक महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता का ग्रुप चरण 26 जून तक चलेगा जबकि नॉकआउट मुकाबले 29 जून से शुरू होंगे। जर्मनी को ग्रुप ए में रखा गया है जो शुक्रवार 14 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरेना में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच खेलेंगे। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 में प्रतियोगिता का प्रसारण हिन्दी में किया जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने अपने लाइव स्टूडियो शो फुटबॉल एक्स्ट्रा के लिए एक्सपर्ट पैनलिस्टों के एक समूह की घोषणा की है।

# जीत के साथ सुपर आठ में पहुंची वेस्टइंडीज

### 13 रन से हारने के बाद ग्रुप सी में अंतिम पायदान पर पहुंची न्यूजीलैंड, आगे की राह कठिन



**68** रनों की शानदार पारी खेलकर शरफेन रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज टीम को संभाला

**टरूबा, एजेंसी**

शरफेन रदरफोर्ड नाबाद (68) की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद अल्जारी जोसेफ चार विकेट तथा गुडाकेश मोटी तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 13 रनों से हरा दिया है। इस तीसरी जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम सुपर आठ में पहुंच गई है।

वेस्टइंडीज के 149 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में डेवन कॉन्वे (5) का विकेट गवां दिया। छठें ओवर में जोसेफ ने फिन ऐलन (26) आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। कप्तान केन विलियमसन (1) रचिन रविंद्र (10) को गुडाकेश मोटी ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। 11वें ओवर में मोटी ने डैरिल मिचेल (12) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। जिमी नीशम (10), ट्रेंट बोल्ट (7) रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने 33 गेंदों में सर्वाधिक 40 रन बनाए। मिचेल सैंटनर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी और 13 रन से मुकाबला हार गई। इस हार के साथ ही न्यूजीलैंड पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.425 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

**वेस्टइंडीज 149/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ब्रैंडन किंग कैच कॉन्वे बोल्ड नीशम | 9 | 12 | 0/1 |
| जॉनसन चार्ल्स बोल्ड बोल्ट | 0 | 5 | 0/0 |
| निकोलस पूरन कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 17 | 12 | 3/0 |
| रॉस्टन चेज कैच रविंद्र बोल्ड फर्ग्युसन | 0 | 3 | 0/0 |
| रोवमन पॉवेल कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी | 1 | 5 | 0/0 |
| शरफेन रदरफोर्ड नाबाद | 68 | 39 | 2/6 |
| अकील हुसैन कैच नीशम बोल्ड सैंटनर | 15 | 17 | 0/1 |
| आंद्रे रसल कैच फर्ग्युसन बोल्ड बोल्ट | 14 | 7 | 2/1 |
| रोमारियो शेफर्ड पगबाधा फर्ग्युसन | 13 | 13 | 0/1 |
| अल्जारी जोसेफ बोल्ड बोल्ट | 6 | 6 | 1/0 |
| गुडाकेश मोटी नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6 रन, गेंदबाजी : बोल्ट 4-1-16-3, साउदी 4-0-21-2, फर्ग्युसन 4-0-27-2 नीशम 4-0-27-1, फिलिप्स 1-0-9-0, सैंटनर 2-0-27-1, मिचेल 1-0-19-0

**न्यूजीलैंड 136/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे कैच चेज बोल्ड हुसैन | 5 | 8 | 0/0 |
| फिन ऐलन कैच रसल बोल्ड जोसेफ | 26 | 23 | 3/1 |
| रचिन रविंद्र कैच रसल बोल्ड मोटी | 10 | 13 | 0/0 |
| केन विलियमसन कैच पूरन बोल्ड मोटी | 1 | 2 | 0/0 |
| डैरिल मिचेल बोल्ड मोटी | 12 | 13 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स कैच पॉवेल बोल्ड जोसेफ | 40 | 33 | 3/2 |
| जिमी नीशम कैच किंग बोल्ड जोसेफ | 10 | 11 | 0/1 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 21 | 12 | 0/3 |
| टिम साउदी कैच आउट जोसेफ | 0 | 1 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट कैच चेज बोल्ड रसल | 7 | 4 | 0/1 |
| लॉकी फर्ग्युसन नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 4 रन, गेंदबाज : अकील हुसैन 4-0-21-1, रोमारियो शेफर्ड 3-0-36-0, आंद्रे रसल 4-0-30-1, अल्जारी जोसेफ 4-0-19-4, गुडाकेश मोटी 4-0-25-3, रॉस्टन चेज 1-0-4-0

## प्रणय और समीर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**ऑस्ट्रेलिया ओपन**

**सिडनी, एजेंसी**

भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।



प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला एकल में दूसरे दौर से बाहर हो गई। अनुपमा को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से हार गई।

## बांग्लादेश ने नीदरलैंड को 25 रन से हराया

**किंग्सटाउन, एजेंसी**

- **बांग्लादेश ने सुपर आठ की ओर बढ़ाया एक और कदम**



शाकिब अल हसन नाबाद (64) की अर्धशतकीय और तंजिद हसन (35) रनों की पारियों और उसके बाद आखिरी ओवरों में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने गुरुवार टी-20 विश्वकप के 27वें मुकाबले में नीदरलैंड को 26 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने सुपर आठ की ओर एक कदम और बढ़ा दिया है।

आज यहां नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ओवर में कप्तान नजमुल शान्तो (1) को आर्यन दत्ता ने विक्रमजीत के हाथों कैच आउट करा दिया। चौथे ओवर में लिटन कुमार दास भी (1) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय शाकिब अल हसन और तंजिद हसन ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिये 48 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में पॉल वैन मीकरेन ने तंजिद हसन को आउट कर बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया। तंजिद ने 25 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 35 रन बनाये। मो. तौहीद हृदोय (9) और महमुदउल्लाह (25) रन बनाकर आउट हुये। शाकिब अल हसन ने 46 गेंदों में नाबाद 64 रनों की पारी खेली। जाकेर अली 14 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 159 रन का स्कोर खड़ा किया।

160रनों के लक्ष्य का उतरी नीदरलैंड की भी शुरुआत ठीक नहीं रही। पांचवें ओवर में तस्किन अहमद ने माइकल लेविट (18) का शिकार कर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई। छठे ओवर में अंजिम ने मैक्स ओ''डाउड (12) को कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। 10वें ओवर में विक्रमजीत सिंह (26) को महमुदउल्लाह की गेंद पर लिटन ने स्टंप किया। साइब्रेंड एंजेलब्रेक्ट ने 22 गेदों में सर्वाधिक 33 रन बनाये। स्कॉट एडवर्ड्स (25), बास डलीडे (शून्य) और लोगन वैन बीक (2) रन बनाकर आउट हुये। आर्यन दत्त 15 रन बनाकर नाबाद रहे। नीदरलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई।

## विंबलडन में नहीं खेलूंगा : नडाल



**लंदन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल उम्मीद के मुताबिक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक की तैयारी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह ऑल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। नडाल ने कहा, हमारा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह नहीं बदलूं। ओलंपिक के दौरान 27 जुलाई से रोलां गैरो पर टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है जहां नडाल ने रिकॉर्ड 14 खिताब जीते हैं। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

## विंबलडन की इनामी राशि हुई रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड

**लंदन।** ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।

## मेरा आखिरी क्लब होगा इंटर मियामी : मेसी



**अटलांटा।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं। अर्जेंटीना के कई प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मेसी अपने पहले क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज की तरफ से खेलकर अपने करियर का अंत करेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारतीय मूल के नीति विशेषज्ञ तरल गिरफ्तार

ह्यूस्टन, एजेंसी

- ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में टेक्सास रेंजर्स ने की कार्रवाई



भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक एवं तीस-वर्षीय नीति विशेषज्ञ एवं टेक्सास के कंट्री कमिश्नर पद के लिए उम्मीदवार तरल पटेल को टेक्सास रेंजर्स ने ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गलत पहचान का अपराध टेक्सास चुनाव संहिता के तहत श्रेणी-'ए' का अपराध है।

फोर्ट बेंड काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी का पब्लिक इंटीग्रिटी डिवीजन टेक्सास रेंजर्स के साथ मिलकर प्रीसिंक्ट-तीन कमिश्नर पद के राजनीतिक उम्मीदवार पटेल के खिलाफ शिकायत की जांच कर रहा है। टेक्सास चुनाव संहिता में ऑनलाइन गलत पहचान के लिए थर्ड-डिग्री और पहचान की मिथ्या प्रस्तुति के लिए श्रेणी-ए के अपराध के आरोप मुख्य शिकायतें हैं। पटेल को घोर अपराध के लिए 20,000 और चूक के लिए 2,500 अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड पर रखा गया है और अगर वह बॉण्ड राशि जमा नहीं कराते तो गुरुवार सुबह मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

## द.अफ्रीका में मंकीपॉक्स के पांच मामलों की पुष्टि

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा है कि मई में मंकीपॉक्स के प्रकोप के बाद दक्षिण अफ्रीका हाई अलर्ट पर है, जिसमें प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए पांच मामले हैं तथा इनमें एक की मौत भी हुई है। फाहला ने मीडिया को बताया कि मंकीपॉक्स से पीड़ित सभी पांच मरीज तीन क्वाज़ुलु-नताल प्रांत से और दो गौतेंग प्रांत से हैं, जिनका कोई यात्रा इतिहास नहीं था। दो अब भी अस्पताल में भर्ती हैं और एक की सोमवार को जोहान्सबर्ग के एक अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा डब्ल्यूएचओ के अनुसार सभी पांच मामलों को गंभीर मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसके लिए भर्ती होने की आवश्यकता होती है।

# जी-7 यानि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह



जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी कथित विकसित और उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमरीका शामिल हैं। इसे ग्रुप ऑफ़ सेवन भी कहते हैं। समूह खुद को कम्यूनिटी ऑफ़ वैल्यूज यानी मूल्यों का आदर करने वाला समुदाय मानता है। स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की सुरक्षा, लोकतंत्र और क़ानून का शासन और समृद्धि और सतत विकास, इसके प्रमुख सिद्धांत हैं।

### कब हुई पहली बैठक

शुरुआत में यह छह देशों का समूह था, जिसकी पहली बैठक 1975 में हुई थी। इस बैठक में वैश्विक आर्थिक संकट के संभावित समाधानों पर विचार किया गया था। अगले साल कनाडा इस समूह में शामिल हो गया और इस तरह यह जी-7 बन गया।

### कैसे करता है काम

जी-7 देशों के मंत्री और नौकरशाह आपसी हितों के मामलों पर चर्चा करने के लिए हर साल मिलते हैं। प्रत्येक सदस्य देश बारी-बारी से इस समूह की अध्यक्षता करता है और दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करता है। शिखर सम्मेलन के अंत में एक सूचना जारी की जाती है, जिसमें सहमति वाले बिंदुओं का जिक्र होता है।

### रूस क्यों नहीं शामिल

साल 1998 में इस समूह में रूस भी शामिल हो गया था और यह जी-7 से जी-8 बन गया था, लेकिन साल 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया हड़प लेने के बाद रूस को समूह से निलंबित कर दिया गया था। वहीं दो सालों से यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण भी रूस को समूह में पुनः शामिल नहीं किया जा रहा है।

### भारत करता रहा है सुधार का आह्वान

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल के दौरान भी भारत ने पांच बार जी-7 (तत्कालीन जी-8 समूह) में भाग लिया था। भारत लंबे समय से वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों और समूहों में सुधार करने का आह्वान करता रहा है।

### जी-7, जी-20 में अंतर

जी-20 समूह देशों का एक बड़ा समूह है, जिसमें जी-7 समूह के सदस्य भी शामिल हैं। जी-20 समूह का गठन वर्ष 1999 में वैश्विक आर्थिक चिंताओं से निपटने हेतु और अधिक देशों को एक साथ एक मंच पर लाने के उद्देश्य से किया गया था। जी-20 समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था के तकरीबन 80 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी-7 के विपरीत, जो वैश्विक समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करता है। वहीं जी-20 में केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाज़ारों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

## एक नजर

### रूस ने यूक्रेन के चार ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के हवाई सुरक्षा बलों ने यारोस्लाव क्षेत्र में यूक्रेन के तीन ड्रोन और व्लादिमीर क्षेत्र एक ड्रोन को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछली रात के दौरान यूक्रेन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित हवाई (यूएवी) वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले करने के कई प्रयासों को रोक दिया गया था। ड्यूटी पर वायु रक्षा प्रणालियों ने यारोस्लाव क्षेत्र में तीन यूएवी और व्लादिमीर क्षेत्र में एक यूएवी को नष्ट कर दिया।

### हूती विद्रोहियों ने पोत पर मिसाइल से हमला किया

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में गुरुवार को कथित रूप से एक पोत पर मिसाइल से हमला किया गया जिससे जहाज पर आग लग गई। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड मारीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने बताया कि यह हमला यमन के अपतटीय क्षेत्र में अदन की खाड़ी में हुआ। उसने कहा कि हमले के बाद पोत में आग लग गई। निजी सुरक्षा कंपनी 'एम्ब्रे' ने कहा कि व्यापारिक जहाज ने परेशानी में होने की सूचना देते हुए कहा कि उसपर एक मिसाइल से हमला हुआ है।

### लीबिया से 163 बांग्लादेशी प्रवासी निर्वासित

**त्रिपोली।** लीबिया से बंगलादेश के 163 नागरिकों को निर्वासित किया गया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बुधवार को कहा कि उसने इस सप्ताह लीबिया से 163 प्रवासियों को उनके गृह देश बंगलादेश लौटने में सहायता की है। आईओएम ने ट्वीट किया आईओएम का स्वैच्छिक मानवीय वापसी (वीएचआर) कार्यक्रम फंसे हुए और कमजोर प्रवासियों की सहायता करना जारी रखता है जो लीबिया से अपने गृह देशों में लौटने के लिए सहायता का अनुरोध करते हैं।

### ईरान से फ्रांसीसी नागरिक रिहा : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में मैक्रों के हवाले से यह जानकारी दी गयी। रिपोर्टों के मुताबिक मैक्रों ने कहा, लुईस अर्नोद रिहा हो गए हैं। ईरान में लंबे समय तक कैद रहने के बाद कल वह फ्रांस पहुंचेंगे। उन्होंने अर्नोद को रिहा करने में मदद के लिए ओमान को धन्यवाद दिया और ईरान से तीन अन्य फ्रांसीसी नागरिकों को अविलंब रिहा करने का आग्रह किया।

# यूक्रेन को 50 अरब डॉलर का ऋण

## जी-7 सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाने की संभावना

बोर्गो एग्नाजिया (इटली), एजेंसी

- इटली की प्रधानमंत्री बोलीं- बैठक का संदेश ग्लोबल साउथ के साथ संवाद और एकता का हो
- जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे पोप फ्रांसिस




जी-7 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन की शुरुआत गुरुवार को अमेरिका द्वारा यूक्रेन को 50 अरब डॉलर के ऋण के लिए समर्थन देने के प्रस्ताव पर सहमति के साथ हुई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दक्षिणी इटली के एक रिसॉर्ट में आयोजित शिखर सम्मेलन में जी-7 के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि इस बैठक का संदेश 'ग्लोबल साउथ' के साथ संवाद और एकता का हो। जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है।

पोप फ्रांसिस जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे। पोप के यूक्रेन पर रूस के हमले और गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष के शांतिपूर्ण अंत के लिए अपनी अपील को भी दोहराने की उम्मीद है। जी7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे इटली ने कई अफ्रीकी नेताओं को भी आमंत्रित किया है। अन्य अतिथियों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन शामिल हैं। अमेरिकी प्रस्ताव में रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन की मदद के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण देने की बात शामिल है।

### शामिल नहीं होंगे सऊदी अरब के प्रधानमंत्री

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जियो मेलोनी को भेजे गए एक संदेश में सऊदी प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह हज सीज़न के कार्यों की देखरेख से संबंधित प्रतिबद्धताओं के कारण सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब-इटली संबंधों की गहराई पर भी ध्यान दिया और सम्मेलन की सफलता की कामना की। जी7 सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में होगा।

### हो सकती है बाइडन और मोदी की मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मिलने की संभावना है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एयर फोर्स वन के विमान में इटली प्रस्थान के दौरान सुलिवन ने संवाददाताओं से कहा, उन्हें (बाइडन को) उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी वहां आएंगे। भारत ने फिलहाल औपचारिक रूप से उनकी (मोदी) उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है लेकिन हमें उम्मीद है कि दोनों नेता एक-दूसरे से मिल सकते हैं। मुलाकात कैसी होगी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को इटली के लिए रवाना होंगे। इटली ने 14 जून को होने वाले 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आउटरीच कंट्री के तौर पर आमंत्रित किया है। क्वात्रा ने मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की पुष्टि की।

## यूक्रेन को 50 नए बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति शुरू

**ओटावा।** कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने यूक्रेन के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये पहले चार बख्तरबंद वाहन भेजे है। ब्लेयर ने 'एक्स' पर लिखा, यूक्रेन के लिए कनाडाई श्रमिकों द्वारा निर्मित 50 नए बख्तरबंद वाहनों में से पहले चार यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले 10 बख्तरबंद एम्बुलेंस हैं, जो चिकित्सा उपकरण और कवच के साथ आते हैं जो यूक्रेन के सैनिकों को सुरक्षित निकालने और घायल कर्मियों का इलाज करने में सक्षम बनाएंगे।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर हुआ मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

- सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने पर हुई कार्रवाई



अप्रवासी अधिकार संगठनों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन के हालिया निर्देश को लेकर बाइडन प्रशासन पर मुकदमा किया। बाइडन ने हाल ही में दक्षिणी सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी, जिसका विरोध करते हुए समूह ने दावा किया कि राष्ट्रपति का यह निर्णय ट्रंप प्रशासन के दौरान उठाये गये कदम से बहुत अलग नहीं है, जिसपर अदालतों ने रोक लगा दी थी।

लास अमेरिकाज इमिग्रेंट एडवोकेसी सेंटर और आरएआईसीईएस की ओर से अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और अन्य ने यह मुकदमा दाखिल किया है। यह मुकदमा सीमा पर बाइडन की व्यापक कार्रवाई की वैधता की पहली परीक्षा है।

# एलन मस्क और स्पेसएक्स पर मुकदमा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- यौन उत्पीड़न और कार्यशैली को चुनौती देने के कारण नौकरी से निकालने का लगाया आरोप



स्पेसएक्स और उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क पर कंपनी के आठ पूर्व कर्मचारियों ने मुकदमा दायर किया है। इन पूर्व कर्मचारियों का आरोप है कि मस्क ने कंपनी में व्याप्त यौन उत्पीड़न और शत्रुतापूर्ण कार्यशैली को चुनौती देने के कारण उन्हें नौकरी से निकालने का आदेश दिया।

कैलिफोर्निया राज्य की अदालत में मुकदमा दायर करने वाले कर्मचारियों ने कंपनी के प्रबंधन को 2022 में लिखे खुले पत्र में अपनी शिकायतों का विवरण दिया, जिसे उन्होंने कंपनी के इंट्रानेट (किसी कंपनी द्वारा उपयोग किया जाने वाला निजी नेटवर्क) के माध्यम से साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले दिन चार लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया और अन्य को बाद में आंतरिक जांच के बाद नौकरी से निकाला गया। जनवरी में संघीय राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने नौ बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर स्पेसएक्स के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई।

# चीन में पढ़ने वाले छात्रों के एफएक्यू जारी किए गए

बीजिंग, एजेंसी

- साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं

भारतीय दूतावास ने चीन में अध्ययन कर रहे भारतीयों के लिए अपनी वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) प्रकाशित किए हैं ताकि उन्हें चीनी कॉलेजों से प्राप्त दस्तावेजों व डिग्रियों के सत्यापन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा सके। साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं, ऐसे में चीनी कॉलेजों से प्राप्त डिग्री के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण से संबंधित कई प्रश्न बुधवार को प्रकाशित किए गए हैं।

एफएक्यू में इन दस्तावेजों के सत्यापन के लिए दूतावास और शंघाई व गुआंगजू में भारतीय वाणिज्य दूतावासों द्वारा ली जाने वाली फीस, त्वरित आधार पर दस्तावेजों के सत्यापन में लगने वाला समय, भारत में स्वीकृति के लिए दूतावास से दस्तावेजों के सत्यापन की आवश्यकता, भारत में विभिन्न चिकित्सा परिषदों द्वारा दूतावास को भेजे गए दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया आदि के बारे में कई प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत और वाणिज्य दूत नितिनजीत सिंह ने छात्रों से अनुभव जाने।

# नए विचार पेश करने से हमास का इनकार

गाजा, एजेंसी

- गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर किए गए दावों का किया खंडन

हमास ने गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश करने से इनकार किया है। हमास ने बुधवार को उन दावों का खंडन किया कि उसने गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश किए हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

हमास के एक करीबी सूत्र ने बताया कि हमने जो कुछ किया वह मध्यस्थों द्वारा गत पांच मई को प्रस्तुत की गई बातों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था और हमने किसी भी नए विचार या प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की। सूत्र ने दावा किया कि प्रस्ताव में ऐसे खंड शामिल हैं कि अगर बातचीत से सकारात्मक परिणाम नहीं निकलते हैं तो यह इज़रायल को दूसरे चरण के बाद युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देते हैं। सूत्र ने कहा हमने इजरायल को युद्ध फिर से शुरू करने से रोकने और समझौते के चरणों की शर्तों के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय गारंटी का अनुरोध किया।

सूत्र ने बताया कि हमास ने स्थायी युद्धविराम, गाजा पट्टी से इजरायली सेना की वापसी, विस्थापित लोगों की उनके घरों में वापसी, गाजा के पुनर्निर्माण और नाकाबंदी की समाप्ति की मांग की है। हमास ने यह बात अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के एक बयान के जवाब में दी है। ब्लिंकन ने कहा था कि हमास ने युद्धविराम और बंधक समझौते में कई परिवर्तन का सुझाव दिया था।

### गाजा में मृतकों की संख्या 37,202 हुई

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37202 हो गयी है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 38 फिलीस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 37,202 हो गई और 84,932 लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे। सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर हमला किया।

# आईएसआई पर परेशान करने का आरोप लगाया

लाहौर, एजेंसी

- आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश ने खुफिया एजेंसी आईएसआई पर अपने पक्ष में फैसले कराने के मकसद से उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान करने का आरोप लगाया है।

आतंकवाद रोधी अदालत (सरगोधा) के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मलिक शहजाद अहमद खान को एक पत्र लिखकर बताया है कि आईएसआई के अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान किया है।

### तोड़फोड़ के मामले में इमरान खान बरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, उनके सहयोगी शाह महमूद कुरैशी और पूर्व मंत्री शेख राशिद को तोड़फोड़ के एक मामले में गुरुवार को बरी कर दिया। यह मामला 2022 में तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता के आधार पर इस्लामाबाद के आई-9 थाने में दर्ज किया था।

## बॉलीवुड हलचल

### आनंद महिंद्रा ने कल्कि के हीरो बुज्जी की सवारी की

**मुंबई, एजेंसी।** महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने कल्कि 2898 एडी के पांचवे हीरो बुज्जी की सवारी की है। आगामी विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने हाल ही में हैदराबाद में एक भव्य कार्यक्रम में भविष्य के वाहन बुज्जी का अनावरण किया, जो फिल्म के पांचवें और अंतिम नायक हैं। बुज्जी इस फिल्म में प्रभास के किरदार भैरवा का सबसे अच्छा दोस्त है। आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन और बुज्जी के लिए उनके दृष्टिकोण की काफी प्रशंसा की थी। आनंद महिंद्रा अब आखिरकार बुज्जी से मिल चुके हैं। बुज्जी से मिलने के तुरंत बाद, आनंद महिंद्रा ने इसमें घूमने का अनुभव करने का फैसला किया। इस ऐतिहासिक मुलाकात का एक वीडियो साझा करते हुए, निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, "#बुज्जी की मुलाकात <bha>@</bha>आनंदमहिंद्रा से हुई नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 27 जून को रिलीज होगी।

### करण की किल का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनीं करण जौहर की फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल में मुख्य भूमिका लक्ष्य लालवानी ने निभायी है। किल के ट्रेलर की शुरुआत लक्ष्य नाम के सैनिक से होती है, जो ट्रेन में अपनी गर्लफ्रेंड तान्या मानिकतला को प्रपोज करता है। हालांकि, उनका ये रोमांटिक सफर कुछ ही देर में एक बुरे सपने में बदल जाता है, क्योंकि ट्रेन में गुंडों की एक टोली आ जाती है और तान्या के किरदार को बंदी बना लेती है। इसके बाद शुरू होता है खूनी खेल। लक्ष्य, एक अचानक रक्षक से राक्षस बन जाता है। इसके बाद एक-एक कर वो गुंडों को ढूंढ- ढूंढ कर मारता है। कुछ ही देर में चलती ट्रेन लाशों से भर जाती है। धर्मा प्रोडक्शंस और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट ने किल का प्रोडक्शन किया है।

### आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बनेगी बायोपिक

**मुंबई, एजेंसी।** देश की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बायोपिक बनायी जा रही है। ड्रीम स्लेट पिक्चर्स ने हाल ही में इस बायोपिक का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया है, जिसका नाम बेदी : द नेम यू नो है। इस बायोपिक में किरण बेदी की जिंदगी के उन हिस्सों को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा, जो अबतक कोई नहीं जानता. किन चुनौतियों का उन्हें सामना करना पड़ा? उनके माता-पिता से लेकर बाकी चीजें भी बायोपिक में दिखेंगी। फिल्म के निर्देशक कुशल चावला अपने इंस्टा हैंडल पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ''यह रहा! कुशल चावला की लिखित और निर्देशित डॉ. किरण बेदी के जीवन पर बायोपिक फीचर फिल्म हमारी अनाउंसमेंट है। उम्मीद है आपको मोशन पोस्टर देखने में आनंद आया होगा।

## खगोल विज्ञान

नासा का रोवर्स मंगल से पृथ्वी पर पहुंचा रहा है जानकारी

# सौर तूफानों से बुरी तरह जूझ रही मंगल की धरती

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सूर्य से निकलने वाले सौर तूफानों से लालग्रह मंगल की धरती इन दिनों बुरी तरह जूझ रही है। मंगल पर मौजूद नासा के रोवर्स के जरिए यह जानकारी सामने आई है। मंगल की धरती पर अंतरिक्ष मौसम के पड़ने वाले प्रभावों को लेकर वैज्ञानिक निरंतर अध्ययन कर रहे हैं।

पृथ्वी से बाहर इंसान के लिए दूसरा घर बसाने का सपना मंगल ग्रह पर साकार हो सकता है, जिसके चलते मंगल के वातावरण व जलवायु का निरंतर अध्ययन किया जा रहा है। मंगल पर पृथ्वी जैसा मौसम नहीं है। हालाकि मंगल पर धूलभरे हल्के तूफान उठते हैं, जो महीनों तक सक्रिय रह सकते हैं। साथ ही वसंत व शीत का मौसम रहता है, लेकिन मानसून जैसी बारिश नही होती। जिस कारण मंगल को निर्जीव व वियावान माना जाता है। ध्रुवीय हिस्सों में जमी हुई बर्फ रहती है। इस मौसम से परे मंगल पर एक बड़ी बाधा अंतरिक्ष मौसम है। जिस कारण सौर विकिरण मंगल की धरती के वातावरण को बुरी तरह प्रभावित करता है। जिसकी जानकारी नासा का क्यूरियोसिटी रोवर हरपल जुटा रहा है। नई जानकारी के अनुसार 20 मई को भीषण सौर तूफान मंगल की धरती से टकराया था।

इस घटना मे बढ़ी मात्रा में सौर कण क्यूरियोसिटी रोवर पर लगे कैमरे में कैद हो गए। इतना भीषण सौर तूफान पहले कभी नही देखा गया था। यदि इस तरह का तूफान पृथ्वी से टकरा जाय तो बड़ी हानि पहुचा जाता। नासा के अनुसार गहरे अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं कैसे घटित होती हैं और मंगल ग्रह पर पहले अंतरिक्ष यात्रियों को कितना विकिरण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। जिस कारण यह जानकारी महत्वपूर्ण हो चली है।

### एक्स 12 श्रेणी का हुआ था विस्फोट

**नैनीताल :** नासा के अनुसार मंगल ग्रह पर हुई अभी तक कि सबसे बड़ी घटना 20 मई को हुई थी। सौर विस्फोट में सौर ज्वाला की तीव्रता एक्स 12 आंकी गई थी। यह वास्तव में भयानक सौर ज्वाला थी। ईएसए और नासा के संयुक्त मिशन सोलर ऑर्बिटर अंतरिक्ष यान ने इस विस्फोट को देखा था।



सौर तूफानों से घिरी मंगल की धरती।